Vol.21, Issue 6 | Annual Subscription ₹ 420

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

April 2022

रोटरी समाचार

INDIA
www.rotarynewsonline.org

तस्वीर या चित्रकारी

यह तस्वीर जून 2019 में तडोबा राष्ट्रीय उद्यान में क्लिक की गई थी। हम दोपहर की एक सफारी में बाघ की तलाश में थे। अचानक, हमारी जिप्सी से मैंने पेड़ पर बैठे इस मोर को देखा और ड्राइवर से रुकने के लिए कहा। यह बिना पत्तों वाला एक पेड़ था और उस मोर का आकार एवं उसकी मुद्रा सम्मोहक थी। लेकिन पीछे से आने वाली सूरज की रोशनी बहुत तेज़ थी; मैंने तुरंत ही अपने कैमरे की सेटिंग्स बदली और इस शॉट को क्लिक किया। मेरे लिए, यह संयोजन, पेड़ का ऐसा रूप और इस मुद्रा में बैठा मोर, वास्तव में नाटकीय है.... एक सुंदर तस्वीर या कैनवास पर उकेरी चित्रकारी की तरह।

पाठ और चित्र: संजय डी
सदस्य, रोटरी क्लब कोरेगांव पार्क,
रो ई मंडल 3131

विषयसूची

12 पुणे के रोटेरियनों ने बेघर बच्चों को उपहार में घर दिया
रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड ने निराश्रित बच्चों की देखभाल के लिए ₹3 करोड़ का एक निवास उपहार में दिया।

22 यूक्रेन में तबाही
यूक्रेन के रोटरी क्लबों द्वारा किए जा रहे काम के बारे में बात करते है जो पीड़ितों की मदद कर रहे है।

34 रोटरी एक बेजान नदी में जान डालती है
रोटरी क्लब रूद्रपुर के रोटेरियनों ने कल्याणी नदी की सफाई करके इसके किनारे बगीचा लगाया।

38 रोटरी में 25 वर्ष पूर्ण करने पर 500 रोटेरियनों को सम्मानित किया गया
यह साझा यादों और मिलन की एक शाम थी क्योंकि DG पंकज शाह ने रोटेरियनों को मानवता के लिए उनकी लंबे वर्षों की सेवा हेतु सम्मानित किया।

44 रोटरी क्लब कलकत्ता व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करता है
क्लब अपने RCCयों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका अर्जित करने में उनकी मदद करने हेतु कौशल प्रदान कर रहा है।

48 ऐनेट्स एक जल संरक्षण अभियान पर
रोटरी क्लब मद्रास मिडसिटी और चेन्नई मेट्रोज़ोन के सदस्य अपने अपार्टमेंट परिसर में पानी बचाने के लिए बच्चों के माध्यम से टैप एरेटर्स को बढ़ावा देते है।

60 भरूच रोटेरियन ने पतंग प्रभावित पक्षियों का बचाव किया
रोटेरियनों ने मकर संकरांती उत्सव के दौरान पतंगों के मांजा से घायल होने वाले पक्षियों के इलाज के लिए एक विशेष अभियान चलाया।

70 जमशेदपुर में भूख से लड़ रहे फूड कूपन
रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट अपनी परियोजना रोटरी रसोई के माध्यम से वंचितों को भोजन प्रदान करता है।

Scan our QR code & visit our Website

कवर पर: कुडाल, गोवा के पास, रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड द्वारा दान की गई नई सुविधा में बच्चों के साथ रेणु गावस्कर, संस्थापक, एकलव्य फाउंडेशन, पुणे।

चित्र: रशीदा भगत

Scan our QR code & read our Magazine

आपके पत्र

रोटारी न्यूज़ की सदस्यता नहीं लेने वाले 4-मार्ग परीक्षण की अवहेलना करते है

मेरे जैसे तमिल संगीत प्रेमियों के लिए TMS (फरवरी अंक) पर लिखित लेख ने पुरानी यादें ताज़ा कर दी। आज भी, मंदिर का कोई भी आयोजन उनके भावपूर्ण गीतों के बिना पूरा नहीं होता। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ आगे आप महान संगीतकारों - विश्वनाथन-राममूर्ति, MSV और के वी महादेवन पर लेख लिखें। राउरकेला रॉयल, कलकत्ता, रो ई मंडल 3141, रूद्रपुर और हिरियूर के रोटेरियनों की सेवाएं सराहनीय है और दूसरों के लिए एक प्रेरणा है। लेकिन इन सभी खुशखबरियों के बीच, पिछले पृष्ठ पर गैर-अनुपालक क्लबों को परेशान करने वाली चेतावनी है। क्या हम रोटेरियन 4-मार्ग परीक्षण का पालन करने और हमारे व्यक्तिगत जीवन, व्यवसाय और पेशों में नैतिकता के उच्च आदर्शों को बनाए रखने की उम्मीद नहीं करते? क्या इन क्लबों को यह एहसास नहीं है कि रोटरी न्यूज़ की सदस्यता नहीं लेने से वे अपने सदस्यों से यह जानने का अवसर छीन रहे है कि रोटरी दुनिया भर में क्या कर रही है? यह जानकर दुख हुआ कि रो ई संचार समिति को कुछ रोटरी क्लबों द्वारा अनुपालन नहीं किए जाने के कारण इस तरह के आदेश जारी करने हेतु मजबूर होना पड़ा। उनसे भुगतान करवाने का एक और तरीका है - उन्हें गवर्नर के चुनाव में मतदान अधिकारों से वंचित करें। यह जादू की तरह काम करेगा। वैसे, मैं रोटरी न्यूज़ और रोटरी दोनों का ग्राहक हूँ।

के रवींद्रकुमार
रोटरी क्लब करूर - मंडल 3000

₹5 का अधिक भुगतान उपयुक्त है

जुलाई से *रोटरी न्यूज़* जैसी एक सम्मानित पत्रिका में शामिल लागत और कागज़ की बढ़ती कीमतों को ध्यान में रखते हुए इसके प्रति अंक में ₹5 की बढ़ोत्तरी सभी रोटेरियनों को स्वीकार्य होगी। रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता ने अपने संदेश में उन लड़कियों को सशक्त बनाने पर उचित रूप से ध्यान केंद्रित किया जो महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। संपादक का संदेश लता मंगेशकर के लिए उचित श्रद्धांजलि है जिनकी मधुर आवाज़ ने अनेक वर्षों तक व्यथित लोगों को सांत्वना दी। रो ई निदेशक महेश कोटबागी, ए एस वेंकटेश और न्यासी प्रमुख जॉन जर्म का संदेश दिलचस्प है। यह जानकर खुशी हुई कि ह्यूस्टन, 2022 सम्मेलन क्षेत्र, में पांच सौ पार्क एवं हरियाली स्थल है।

यह जानकर खुशी हुई कि पाकिस्तान में पिछले एक साल में पोलियो का कोई नया मामला सामने नहीं आया। पाकिस्तान के पोलियोप्लस अध्यक्ष न्यासी अजीज मेमन को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सलाम।

रो ई अध्यक्ष-निर्वाचित जेनिफर जोन्स के साथ साक्षात्कार रोटेरियनों के लिए प्रेरणादायक है। *उत्तर पूर्व की एक अविस्मरणीय सवारी, रोटरी क्लब मद्रास मिडटाउन ने बड़ी सफलता के साथ पूरे किए 50 साल, स्वर कोकिला शांत हो गई, धुले में रोटरी सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन, देने के लिए तैयार* और *तनाव प्रबंधन* जैसे लेख तथ्यों से परिपूर्ण होने के साथ पढ़ने योग्य है। इस दिलचस्प अंक के लिए संपादकीय टीम को बधाई।

फिलिप मुलप्पोन एम टी
रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन
मंडल 3211

एक-दूसरे से जुड़ाव महसूस करना एक बुनियादी मानवीय आवश्यकता है। लेख एक संयोजक में RIPE जेनिफर जोन्स ने लोगों के साथ जुड़कर अगले साल तक रोटरी के विकास की आवश्यकता की सही पहचान की है। लेकिन मुझे उनकी थीम, 'रोटरी की कल्पना करें' वर्तमान समय के लिए उचित नहीं लगती। कल्पना 'क्या है' की धारणा को रोकती है, जैसा कि तुलना में होता है। मन को 'वास्तविक' होने के लिए सभी कल्पनाओं और अनुमानों को एक तरफ रखना चाहिए।

के एम के मूर्ति, रोटरी क्लब
सिकंदराबाद - मंडल 3150

बेंगलुरु के RCCयों पर लिखित एक बहुत ही खूबसूरत लेख के लिए हम सभी का धन्यवाद क्योंकि हम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आपके साथ जुड़े। RCC अध्यक्ष के साथ जयश्री के लंबे साक्षात्कार के लिए दिल से धन्यवाद जिन्होंने इसे एक बेहद दिलचस्प लेख का रूप दिया है।

पॉल मुंडक्कल
रो ई मंडल 3190

आपके पत्र

अच्छी तरह से संकलित और प्रस्तुत की गई एक बढ़िया पत्रिका। जब मैंने कवर और अंदर के पृष्ठ देखें तो मुझे लगा कि यह पत्रिका या तो रोटरी अंतर्राष्ट्रीय से है या रोटरी न्यूज पाकिस्तान से। आने वाले संस्करणों में मैं कोरोना महामारी पर एक भारतीय सफलता की कहानी का अनुरोध करता हूँ।

कर्नल वसंत बल्लेवार
रोटरी क्लब पुणे कैंप
मंडल 3131

कृपया हमारे पूर्व अंक पढ़िए। आपको महामारी पर भारत की ऐसी अनेक सफलता की कहानियां मिलेंगी।

संपादक

लता मांगेशकर को दी गई उचित श्रद्धांजलि

लता मंगेशकर सिर्फ एक दिग्गज नहीं है; उनकी आवाज ने पीढ़ियों से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया है और उनके कार्य की प्रशंसा सीमाओं के पार भी की जाती है। उनकी आवाज़ एक फ़रिश्ते की तरह थी। कोई भी यकीन नहीं कर सकता कि अपने सत्तर के दशक में एक महिला इतना मधुर प्रेम गीत गा सकती है जिसमें उनकी आवाज़ किसी 17 वर्षीय युवती जैसी लग रही थी। लता के जैसा कोई और नहीं था। सात दशकों तक उन्होंने एक के बाद एक आने वाली पीढ़ियों के अनुरूप खुद को ढाला और अपने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनकी आवाज हमेशा हमारे साथ रहेगी।

राज कुमार कपूर
रोटरी क्लब रूपनगर
मंडल 3080

यह सच है कि लता मंगेशकर का निधन भारतीय फिल्म उद्योग के लिए बहुत बड़ी हानी है और स्वाभाविक रूप से उनके लाखों प्रशंसक सदमे में है। संपादक ने कोविड महामारी के दौरान रोटरी स्वयंसेवकों द्वारा किए गए महान कार्यों का उचित रूप से वर्णन किया और वे हम सभी की प्रशंसा के हकदार है।

यह जानकर खुशी हुई कि पाकिस्तान ने पोलियो वायरस के एक भी मामले के बिना एक वर्ष का सफर तय कर लिया है और अफगानिस्तान का तालिबान शासन बच्चों को पोलियो की खुराक देने की अनुमति दे रहा है। रो ई अध्यक्ष मेहता ने रोटरी की सदस्यता बढ़ाने में हमारे काम की सराहना की है। वह चाहते है कि जब हम बड़ी परियोजनाएं कर रहे है तो रोटेरियन लड़कियों को सशक्त बनाने के अभिनव तरीकों के बारे में सोचें।

फरवरी अंक में, संपादक ने जलचक्र परियोजना को बढ़ाने की आवश्यकता पर उचित रूप से ध्यान केंद्रित किया जिससे ग्रामीण महिलाओं का बोझ कम होगा। जयश्री ने महिलाओं को जलचक्र प्रदान करके रो ई मंडल 3141 के छह रोटरी क्लबों और तीन इनर व्हील क्लबों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों पर प्रकाश डाला जिससे उनकी दैनिक कठिनाई कम हुई। उक्त लेख में दिल्ली जैसे प्रदूषित शहर में रहने के आघात का स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है।

एस मुनियांदी
रोटरी क्लब डिंडीगुल फोर्ट
मंडल 3000

पढ़ने के लिए महान लेख

हाल ही के वर्षों में, *रोटरी न्यूज* के मानक में बहुत सुधार हुआ है। इसके लेख और गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए संपादक और उनकी टीम के सदस्यों को बधाई।

फरवरी अंक में संपादक का संदेश और महिलाओं की कठिनाई को दूर करने वाले जलचक्र पर लिखित जयश्री का लेख उत्कृष्ट था। लड़कियों को सशक्त बनाने पर रो ई निदेशक महेश कोटबागी का संदेश उत्कृष्ट था।

रशीदा के लेख *राजरकेला के रोटेरियनों ने हाथ का उपहार दिया* और *एक संदेश देते हुए साइकिल चलाना* - बहुत दिलचस्प है। स्वास्थ्य और फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करने और हमारे कार्बन इम्प्रिन्ट को कम करने के लिए रोटरी क्लब भरूच का साईक्लोथॉन उत्कृष्ट था। रोटरी क्लब पुत्तूर पर लिखित लेख के लिए मेरी विशेष शुभकामनाएं। मुत्तुकुमारन और किरण ज़ेहरा द्वारा लिखित लेख *उदारता का उत्सव* शानदार था।

यह पढ़कर अच्छा लगा कि रोटरी क्लब दिल्ली अनंता ने ₹8.5 करोड़ की अस्पताल परियोजना शुरू की है जिसमें कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

डैनियल चित्तीलापिल्ली
रोटरी क्लब कलूर
मंडल 3201

We welcome your feedback.Write to the Editor:
rotarynews@rosaonline.org;
rushbhagat@gmail.com.
Mail your project details,along with hi-res photos, to
rotarynewsmagazine@gmail.com.

Messages on your club/district projects, information and links on zoom meetings/webinar should be sent only by e-mail to the Editor at
rushbhagat@gmail.com or
rotarynewsmagazine@gmail.com.
WHATSAPP MESSAGES WILL NOT BE ENTERTAINED.

Click on **Rotary News Plus** on our website
www.rotarynewsonline.org
to read about more Rotary projects.

SERVE TO CHANGE LIVES

पृथ्वी की रक्षा और विकास

रोटरी के प्यारे परिवर्तनकारियों को मेरा नमस्कार,

दोस्तों, रोटरी में मेरा एक मंत्र है अधिक करो, आगे बढ़ो। मुझे यकीन है कि आप इस मंत्र को अपना रहे है। बड़ी और प्रभावशाली सेवा परियोजनाओं को अधिक करें और हमारी सदस्यता में वृद्धि के साथ आगे बढ़ें।

हमारी 'हर एक, लाए एक' पहल को लेकर रोटरी जगत में बहुत उत्साह है। जहाँ भी मैं जाता हूँ, क्लब अध्यक्ष, मंडल गवर्नर और रोटरी सदस्य - अनुभवी और नए दोनों ही - इस बात की सराहना करते है कि उनके सदस्यता वृद्धि के प्रयास रोटरी जगत को प्रेरित कर रहे है।

हम आगे बढ़ रहे है, और मैं जून में ह्यूस्टन में रोटरी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आपके साथ इस सफलता का जश्न मनाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। हमारे साथ जुड़ने हेतु पंजीयन करने एवं अपनी योजना तैयार करने का अभी भी समय है। हम जीवन-में-एक-बार मिलने वाले अनुभव की प्रतीक्षा कर रहे है जो हमारे सदस्यों को बहुत अधिक समय के बाद एकजुट करेगा।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हमारे पास और अधिक करने के बहुत सारे अवसर होंगे। अप्रैल मातृ एवं बाल स्वास्थ्य माह है, जो आपके क्लबों के लिए यह विचार करने का एक शानदार अवसर है कि आप माताओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए क्या कर रहे है। दुनिया भर में महिलाओं और बच्चों की देखभाल की गुणवत्ता एवं पहुँच में सुधार लाने पर हमारा ध्यान अधिक है, और यह हमारी लड़कियों के सशक्तिकरण की पहल के साथ उचित रूप से संबंधित है। मैं इस ध्यानाकर्षण क्षेत्र में विभिन्न क्लबों द्वारा किए जा रहे काम की सराहना करता हूँ और मैं आपको और अधिक करने के तरीकों के बारे में सोचने हेतु प्रोत्साहित करना चाहूँगा।

रोटरी सदस्यों को अध्यक्षीय सम्मेलनों में एक साथ आकर दुनिया में बड़े, स्थायी परिवर्तन लाने हेतु हमारे ध्यानाकर्षण क्षेत्रों का उपयोग करने के बारे में विचारों को साझा करते हुए देखना बहुत रोमांचक रहा है। पूर्व और आगामी अध्यक्षीय सम्मेलन हमारे नए ध्यानाकर्षण क्षेत्र - पर्यावरण - को देख रहे है और यह भी देख रहे है कि कैसे हमारे ग्रह की रक्षा के लिए हमारे काम को स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को विकसित करने के हमारे प्रयासों का भी समर्थन करना चाहिए खासकर उन जगहों पर जहाँ बहुत अधिक गरीबी है।

मुझे ग्लासगो, स्कॉटलैंड में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, जिसे COP26 के रूप में भी जाना जाता है, में बोलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण बैठक दो सप्ताह की अवधि में जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने हेतु राष्ट्र एवं सरकार के लगभग 100 प्रमुखों को एक साथ लाई। कार्यवाही करने के लिए मैंने मैंग्रोव को बहाल करने का विचार सामने रखा। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है जो तटीय क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकता है। दुनिया भर के देश पहले ही इस योजना के लिए बहुत उत्साह दिखा रहे है।

हमारा अस्तित्व दांव पर है - पर्यावरणीय तबाही का नुकसान हम पहले से ही झेल रहे है - साथ ही दुनिया के सबसे अधिक जरूरतमंदों को गरीबी से बाहर निकालने और उन्हें उम्मीद प्रदान करने की जिम्मेदारी भी हमारी है। हमें अपने उच्चतम मानवीय लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपने ग्रह की रक्षा करने के तरीके खोजने चाहिए।

यह रोटरी में एक बहुत ही रोमांचक समय है, एक ऐसा समय जब दुनिया को हमारी सबसे अधिक आवश्यकता है। चूंकि हम *जीवन परिवर्तक सेवा* करते है इसलिए याद रखें कि हम खुद को भी बदल रहे है। हम दुनिया के महान परिवर्तनकर्ता और शांति निर्माता बन रहे है।

दुनिया हमारे लिए तैयार है। अब विकास करके दिखाने का समय है।



Shekhar Mehta

शेखर मेहता
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

संपादक
का संदेश

यूक्रेन का दर्द...
और मीडिया का पूर्वाग्रह

इधर हम *रोटरी न्यूज़* के इस अंक को समेट रहे हैं, उधर यूक्रेन में युद्ध की प्रचंडता बढ़ती जा रही है; इसके शहरों पर लगातार बमबारी हो रही है, लोगों के घर और कार्यालय मलबे में तब्दील हो चुके हैं। पलक झपकते ही, रातों-रात हजारों लोग बेघर, निराश्रित हो गए। जो लोग किसी तरह देश से बाहर निकलने में कामयाब हुए, वे शरणार्थी बन कर पड़ोसी देशों में रहने को मजबूर हैं। युद्ध और संघर्ष के फलस्वरूप होने वाली पीड़ा, तबाही, विध्वंस और जेल की मानसिक यातना से हमारी दुनिया अनभिज्ञ नहीं है। पिछली सदी में दो विश्व युद्ध हुए; लेकिन, विशेष रूप से द्वितीय विश्व युद्ध में हुई तबाही की परछाइयां हमारा पीछा नहीं छोड़तीं, आज भी सताती हैं... हिटलर के शासन में यहूदियों द्वारा किये गए नरसंहार और विध्वंस के डरावने साक्ष्य... संग्रहालयों, पुस्तकों, वृत्तचित्रों, फिल्मों में और अब OTT प्लेटफार्मों पर बहु-सीसन धारावाहिकों के माध्यम से उपलब्ध है ।

अभी हाल ही में, हमने सीरिया, यमन, अफगानिस्तान में भी बमबारी देखी है; उससे पहले, ईरान और इराक का युद्ध। इनमें से कुछ कभी समृद्ध और गौरवशाली रहे राष्ट्र कंगाल हो कर अंतरराष्ट्रीय याचक बन गए है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के तमाचे झेले हैं, उनके नागरिक घर छोड़ कर भाग गए हैं। अक्सर, सुरक्षित जगह में शरण लेने की तलाश, हताश महिलाओं और बच्चों को मानव तस्करी के गर्त में धकेल देती है।।

या, यूरोपीय तटों तक, क्षमता से अधिक लोगों को ले जा रही नावें डूब कर समुद्र में उनकी कब्र बना रही हैं। तुर्की के फैशनेबल रिसॉर्ट शहर बोडरम के पास, समुद्री तट पर बह कर आये, रेत में औंधे मुंह पड़े एक लाल टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहने, तीन वर्षीय सीरियाई बालक एलन कुर्दी की दर्दनाक तस्वीर को हमारे ज़ेहन से मिटने में काफी वक्त लगेगा? किसी भी दयालु व्यक्ति द्वारा उसे या उसके पांच वर्षीय भाई को भोजन और आश्रय देने का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि उनकी मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। ये वाकया 2015 का है।

अभी हाल ही में, हमने अफगानों की, विशेष रूप से महिलाओं की तस्वीरें देखी थी, जो अपनी मातृभूमि छोड़ कर भागने की हताश और नाकाम कोशिश में काबुल हवाई अड्डे पर लगी कांटे की बाड़ को पार करने में ज़ख़्मी हो गई थीं, क्योंकि उन्हें सताने वाले आततायी, तालिबान सत्ता में वापस काबिज़ हो गए थे।

सत्ता और आधिपत्य की तृष्णा हमारी दुनिया के ज़ेहन पर काबिज़ है। हां, हमारी सहानुभूति और संवेदनाएं यूक्रेनियनों के साथ हैं जो अपने पड़ोसी देशों की ओर पलायन कर रहे हैं, और यहीं, इसी मसले पर यूक्रेन के रोटेरियनों के प्रशंसनीय कार्य उभर के आते है, जिसमें अन्य देशों के रोटेरियन और रोटरेक्टर्स भी उनकी सहायता कर रहे हैं। उनका कुटुंब और फले-फूले, ईश्वर से प्रार्थना है कि यह भीषण लड़ाई जल्द से जल्द ख़त्म हो हो और यूक्रेनियन अपने घर लौट सकें।

लेकिन हम उन दो विभिन्न मान्यताओं के प्रति उदासीन नहीं रह सकते जिन धारणाओं के साथ कुछ पश्चिमी पत्रकार यूक्रेन पर हुए दर्दनाक हमलों पर टिप्पणी कर रहे हैं। मैंने टीवी एंकरों की क्लिप देखीं हैं, बहुत डरावनी थी जिनमें यूक्रेनियनों द्वारा अपनी मातृभूमि छोड़ कर भागने की त्रासदी बताई गई थी; लेकिन दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मीडिया के रिपोर्टर से एक बड़ा झटका लगा जब उसने कहा: ''यह क्षण मेरे लिए बहुत भावुक है क्योंकि मैं नीली आंखों और सुनहरे बालों वाले यूरोपीय लोगों को पुतिन की मिसाइलों से मौत के घात उतरते देख रहा हूं।'' दूसरे ने कहा, ''हम 21वीं सदी में हैं, हम एक यूरोपीय शहर में हैं और हम पर क्रूज मिसाइल छोड़े जा रहे हैं मानो हम इराक या अफगानिस्तान में हों, आप सोच सकते हैं?''

कोई आश्चर्य नहीं, अरब और मध्य पूर्वी पत्रकार संघ ने पश्चिमी मीडिया संगठनों को अपने कवरेज में इस तरह के ''नस्लवाद'' और पूर्वाग्रह से दूर रहने के लिए कहा है और कोकेशियन प्रजाति या इस हमले से पीड़ित हुए बेहतर आर्थिक स्थिति वाले लोगो की मध्य पूर्वी और उत्तरी अफ्रीकी लोगों से वैषम्य तुलना करने से बचने के लिए कहा है।

मानव जीवन मानव जीवन है। इसमें कोई सौदेबाज़ी नहीं।

रशीदा भगत

Governors Council

RID 2981 S Balaji
RID 2982 K Sundharalingam
RID 3000 R Jeyakkan
RID 3011 Anup Mittal
RID 3012 Ashok Aggarwal
RID 3020 Rama Rao M
RID 3030 Ramesh Vishwanath Meher
RID 3040 Col Mahendra Mishra
RID 3053 Sanjay Malviya
RID 3054 Ashok K Mangal
RID 3060 Santosh Pradhan
RID 3070 Dr Upinder Singh Ghai
RID 3080 Ajay Madan
RID 3090 Parveen Jindal
RID 3100 Rajiv Singhal
RID 3110 Mukesh Singhal
RID 3120 Samar Raj Garg
RID 3131 Pankaj Arun Shah
RID 3132 Dr Omprakash B Motipawale
RID 3141 Rajendra Agarwal
RID 3142 Dr Mayuresh Warke
RID 3150 K Prabhakar
RID 3160 Thirupathi Naidu V
RID 3170 Gaurishkumar Manohar Dhond
RID 3181 A R Ravindra Bhat
RID 3182 Ramachandra Murthy M G
RID 3190 Fazal Mahmood
RID 3201 Rajasekhar Srinivasan
RID 3203 Shanmugasundaram K
RID 3204 Dr Rajesh Subash
RID 3211 Srinivasan K
RID 3212 Jacintha Dharma
RID 3231 Nirmal Raghavan W M
RID 3232 Sridhar J
RID 3240 Dr Mohan Shyam Konwar
RID 3250 Pratim Banerjee
RID 3261 Sunil Phatak
RID 3262 Santanu Kumar Pani
RID 3291 Prabir Chatterjee

Printed by PT Prabhakar at Rasi Graphics Pvt Ltd, 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600 014, India, and published by PT Prabhakar on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions — original content — is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced with permission and attributed to RNT.

निदेशकों

रोटरी की संसद विधान परिषद

सभी रोटेरियन खुद को दुनिया में अच्छा करने के लिए कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में देखते है। लेकिन चुनाव विवादों के समय को छोड़कर, रोटरी उप-नियम, प्रक्रिया के मैनुअल और रोटरी कोड ऑफ पॉलिसीज़ हमारी अलमारियों में धूल खाते है, यदि उनका खयाल भी हमारे दिमाग में आए तो।

अधिकांश रोटेरियनों के दिमाग में आने वाला एक आम विचार और प्रश्न यह होता है कि हम रोटरी में समाज की सेवा करने के लिए है और हमें विनम्रता और दया की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए। तो फिर हमें उपनियमों और नीतियों की आवश्यकता क्यों है? जब विभिन्न व्यवसायों, सामाजिक-आर्थिक स्तर और संस्कृतियों से तालुक रखने वाले रोटेरियन सेवा परियोजनाओं की योजना बनाते है और उन्हें लागू करते है, नेतृत्व की भूमिकाओं/जिम्मेदारियों की प्रकृति और उसके दायरे को निर्धारित करते है, एक लक्ष्य निर्धारित करते है और रोटरी पदों से अपने आत्मसम्मान को जोड़ते है, तो अक्सर नियमों, विनियमों, भूमिकाओं, व्यक्तिगत आचरण की सीमाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करने की आवश्यकता उत्पन्न होती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नेक इरादा रखने वाले रोटेरियन न्यूनतम संघर्ष करते हुए सद्भावना के साथ स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए एक टीम के रूप मेंकाम कर सकें।

विधान परिषद, जिसे रोटरी की संसद भी कहा जाता है, लगातार आदेशपत्र जारि करते हुए कुछ उपनियमों को बनाती है, उनकी समीक्षा एवं उसका नवीनीकरण करती है। इन अधिनियमों को तीन साल में केवल एक बार संशोधित किया जा सकता है, ऐसा आमतौर पर दुनियाभर के प्रत्येक 540 से अधिक रोटरी मंडलों के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है जो शिकागो में एकत्रित होकर प्रत्येक रो ई उपनियम के लिए मतदान करते है।और रोटरी क्लब के मानक संविधान को एक ऐसी संरचनात्मक इमारत के रूप में डिज़ाइन किया गया है जो क्लब अधिकारियों, रो ई निदेशक मंडल और रो ई अध्यक्ष सहित रोटरी अधिकारियों,किसी क्लब और रोटरी मंडल को परिभाषित एवं सम्मानित करता है।

अधिनियमों के ढांचे के अंतर्गत, विधान परिषद के प्रतिनिधि रो ई मंडल के समक्ष कार्यशील दिशानिर्देशों और नीतियों के रूप में प्रस्ताव पेश करते है। मंडल इन सुझावों की समीक्षा करता है, स्वयं कुछ सुझाव पेश करता है औरउनके सामूहिक विवेक के साथ समय-समय पर संहिताबद्ध रोटरी नीतियां प्रकाशित करता है।

ये अधिनियमन और नीतियां हमारे रोटरी क्लबों के संविधान और उपनियमों का आधार है जो सदस्यों को अच्छे रोटेरियनों में ढालते हैऔर उनके आचरण और व्यवहार को परिभाषित करते है।

एक विधान परिषद बैठक में शामिल होना दिलचस्प होता है। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि अधिनियमों और संकल्पों के प्रस्ताव पेश करते है। उसी समय उनकी व्याख्या की जाती है। इस प्रक्रिया में प्रस्तावों को पेश करना, संशोधनकरना, उस प्रस्ताव के पक्ष या विपक्ष में बोलने के लिए रंगीन प्लेकार्ड दिखाना और विधान परिषद अध्यक्ष एवं उपस्थित शीर्ष रो ई नेतृत्वकर्ताओं के मार्गदर्शन में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करना शामिल है।

2022 की विधान परिषद 10-14 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। विधान परिषद के प्रतिनिधियों को रोटरी उपनियमों और नीतियों के कोड के विभिन्न वर्गों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करना चाहिए। हमारे रोटरी आंदोलन को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक संहिताबद्ध अनुभाग के पीछे मौजूद सकारात्मक इरादे को समझें ताकि उन ज़िंदगियों और समुदाय को समृद्ध किया जा सके जिनकी हम सेवा करते है।

महेश कोटबागी
रो ई निदेशक, 2021-23

का संदेश

चलिए अपने क्लब के सदस्यों को अपना दोस्त बनाएं

उम्मीद है कि महामारी अब पीछे छूट गई है क्योंकि हम सावधानी के साथ इस बदली हुई दुनिया में कदम रख रहे है। इस कठिन समय के दौरान रोटेरियनों द्वारा एक-दूसरे का सहारा बनते देखना, एक-दूसरे की एवं आसपास के अन्य लोगों की मदद करते हुए देखना खुशी की बात थी। यह मानव जाति की भलाई में हमारे विश्वास को दृढ़ करता है।

चूंकि हम इस रोटेरी वर्ष की अंतिम तिमाही की ओर अग्रसर है, यह हमारे सदस्यों को एकजुट करने पर ध्यान केंद्रित करने का समय है। हमारे क्षेत्र के क्लब अपनी सदस्यता की वृद्धि करने में काफी सफल रहे है, यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण तब हो गई है जब हम देखते है कि रोटरी जगत के बाकी लोगों ने सामूहिक रूप से क्या हासिल किया। हालांकि अतीत के आंकड़ों से पता चला है कि हमारे क्षेत्रों की सबसे बड़ी चुनौती हमारे सदस्यों को बनाए रखने की रही है। इसके अनेक कारण हो सकते है जिनसे हम में से बहुत से लोग अवगत है। मेरी राय में, हमसे जुड़ने वाले नए रोटेरियनों की हमारे संगठन में रुचि बनाए रखने में मदद करने वाला एकमात्र सबसे महत्वपूर्ण कारक है कि हम उनके साथी रोटेरियन बनने के बजाए उनके दोस्त बन जाएं।

हम में से कई लोगों का गलती यह है कि हम हमारे क्लब के सदस्यों को अच्छी तरह से जानने में पर्याप्त रुचि नहीं लेते। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और किसी व्यक्ति के मन में यह भावना कि वह एक ऐसे बड़े समूह का हिस्सा है जो मैत्रीपूर्ण, सहायक एवं उपलब्ध है उसके उस समूह में बने रहने के निर्णय को प्रभावित करेगी। वास्तव में यह दायित्व हमारे क्लबों के वरिष्ठ सदस्यों का है कि वे नए सदस्यों को वांछित महसूस करवाएं और उनका ध्यान रखें। दोस्ती करने के लिए किसी को किसी महामारी या आपदा की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में रोटरी का अस्तित्व दोस्ती के उस बंधन पर निर्भर होगा जो आज हम बनाते है। न केवल हमारे क्लब एक संवहनीय तरीके से विकसित होंगे, बल्कि यह उद्देश्य और प्रभाव की विशाल भावना को भी जन्म देगा।

चलिए हम सभी आज तय करें कि हम अपने क्लब को करीबी दोस्तों के एक समूह में बदलने के लिए अपना योगदान देंगे जो न्यायसंगत एवं समावेशी होगा। याद रखें कि मित्रता हमारी सामूहिक क्षमता को उजागर करने की कुंजी है और *अच्छा करने के पूर्व अच्छा महसूस करना आवश्यक होता है।*



ए एस वेंकटेश
रो ई निदेशक, 2021-23

Board of Trustees

Shekhar Mehta **RI President**	RID 3291
Dr Mahesh Kotbagi **RI Director & Chairman, Rotary News Trust**	RID 3131
A S Venkatesh **RI Director**	RID 3232
Gulam A Vahanvaty **TRF Trustee**	RID 3141
Rajendra K Saboo	RID 3080
Kalyan Banerjee	RID 3060
Panduranga Setty	RID 3190
Ashok Mahajan	RID 3141
P T Prabhakar	RID 3232
Dr Manoj D Desai	RID 3060
C Basker	RID 3000
Dr Bharat Pandya	RID 3141
Kamal Sanghvi	RID 3250

Executive Committee Members (2021–22)

Gaurish Dhond **Chairman Governors Council**	RID 3170
Anup Mittal **Secretary Governors Council**	RID 3011
Ramesh Meher **Secretary Executive Committee**	RID 3030
V Thirupathi Naidu **Treasurer Executive Committee**	RID 3160
Jacintha Dharma **Member Advisory Committee**	RID 3212

Editor
Rasheeda Bhagat

Deputy Editor
Jaishree Padmanabhan

Administration and Advertisement Manager
Vishwanathan K

Rotary News Trust
3rd Floor, Dugar Towers,
34 Marshalls Road, Egmore
Chennai 600 008, India.
Phone: 044 42145666
rotarynews@rosaonline.org
www.rotarynewsonline.org

Now share articles from *rotarynewsonline.org* on WhatsApp.

इस लम्हें को थाम लो



आपका रोटरी पल कौन सा है? इतने वर्षों में मेरे जीवन में ऐसे कई पल आए और उन सभी में एक बात आम थी: उन सभी ने मुझे एक बेहतर दुनिया के हमारे सपनों को हकीकत में बदलने की रोटरी की महान ताकत दिखाई।

ऑस्ट्रिया, जर्मनी, नाइजीरिया और स्विटजरलैंड के रोटरी सदस्य नाइजीरिया में माताओं और बच्चों की मदद करने के अपने सपने को साकार कर रहे है। विभिन्न संगठनों के साथ साझेदारी में, उन्होंने अवांछित जन्म और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए बड़े पैमाने की एक दीर्घकालिक परियोजना शुरू की है। यह परियोजना कभी कुछ सदस्यों की कल्पना मात्र थी, लेकिन अब संस्थान के वैश्विक अनुदान को प्राप्त करके यह परियोजना नाइजीरिया के सभी 36 राज्यों में डॉक्टरों, नर्सों और दाइयों को प्रशिक्षण दे रही है।

हर महान परियोजना हमारे सदस्यों के दिमाग से शुरू होती है। आप ही उन स्कूलों को देखते है जहाँ निजी शौचालय न होने की वजह से किशोरियों ने वहाँ जाना बंद कर दिया है। आप ही है जो परिवारों को भोजन की कमी का सामना करते हुए देखते है, उन बच्चों को देखते है जो पढ़ नहीं सकते और मच्छरों के कारण समुदायों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करते हुए देखते है। आप इन चीजों को सिर्फ इसलिए नहीं देखते क्योंकि आप रोटरी में है, बल्कि इसलिए क्योंकि आप इनको लेकर कुछ करते भी है।

और पिछले एक दशक में आपके जुड़ाव के कारण, संस्थान ने वैश्विक अनुदान के लिए जो धनराशि प्रदान की है, उसमें 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। चूंकि अधिक से अधिक रोटेरियन शामिल हो रहे है, इसलिए हमें हमारे अनुदानों को बरकरार रखने के लिए अपने अतिरिक्त खर्चों को कम करके एवं अन्य माध्यमों से उन निधियों को समायोजित एवं विस्तारित करना पड़ा। इसका कारण सरल है: जहाँ इन परियोजनाओं की आवश्यकता के साथ-साथ अनुदानों की भागीदारी बढ़ रही है, वहीं रोटरी सदस्यों से मिलने वाला वार्षिक दान वर्षों से अपेक्षाकृत स्थिर रहा है।

आसान भाषा में कहे तो, हमें अपने मंडल और वैश्विक अनुदान कार्यक्रमों की फलने-फूलने में मदद करने के लिए वार्षिक कोष में देने हेतु अधिक क्लबों एवं व्यक्तियों की आवश्यकता है। इस वर्ष हमने वार्षिक कोष के लिए 125 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है। सभी के समर्थन के बिना हम आपके रोटरी सपनों या आपके साथी सदस्यों के सपनों को साकार नहीं कर सकते।

कल्पना कीजिए अगर हर सदस्य और हर क्लब एक साथ मिलकर आज हमारे संस्थान को एक दान दे तो हम रोटरी के सपनों को साकार कर सकते है। यह हम सभी के लिए यह वाकई एक रोटरी पल होगा।

जॉन एफ जर्म
ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन

टीआरएफ यूक्रेन की मदद कर रहा है

यूक्रेन में युद्ध ने अपने पीछे मृत्यु, विनाश और बर्बादी छोड़ी है। आज युद्ध के शिकार लोगों में आम नागरिक और ज्यादातर महिलाएं एवं बच्चे शामिल है। यह वो असहाय आबादी है जिसे बस जीवित रहने के लिए मानवीय सहायता की सख्त आवश्यकता है। रोटरी संस्थान के न्यासियों ने महसूस किया कि यूक्रेन संकट में आपदा प्रतिक्रिया कोष के माध्यम से राहत रूपी सहायता पहुंचाने की तत्काल मांग है और 3 मार्च को उन्होंने अन्य बातों के साथ-साथ निर्णय लिया,

- कि अगर सारा धन खर्च हो जाए तो यूक्रेन युद्ध संकट से प्रभावित मंडलों में राहत और बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए आपदा प्रतिक्रिया अनुदान को 30 जून, 2022 या उससे पहले तक प्राथमिक पहुंच प्राप्त होगी;
- कि मंडल 1911 (हंगरी), 2231 (पोलैंड), 2232 (बेलारूस और यूक्रेन), 2240 (चेक गणराज्य और स्लोवाकिया), 2241 (मोल्दोवा और रोमानिया गणराज्य) 30 जून, 2022 तक 50,000 डॉलर तक के आपदा प्रतिक्रिया अनुदान के पात्र है।

रोटेरियनों को कुछ दिनों बाद उपरोक्त निर्णयों के बारे में सूचित किया गया और उन्हें धन का ऑनलाइन योगदान करने का विकल्प दिया गया। मंडलों से उनके DDF से देने का अनुरोध किया गया। कई रोटेरियनों ने त्वरित रूप से दिल खोलकर अपनी जेब ढीली की और 19 मार्च तक 16 दिनों से भी कम समय में प्रत्यक्ष योगदान 1,895,793 डॉलर तक पहुंच गया और DDF 1,335,962 डॉलर प्राप्त हुआ जिससे कुल राशि 3,231,755 डॉलर तक पहुँच गई है।

अब तक TRF कर्मचारियों ने 375,000 डॉलर के 11 अनुदानों को मंजूरी दी और जल्द ही कई और आवेदन प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

शांति और संघर्ष समाधान रोटरी के मिशन की आधारशिला है। शांति निर्माण के लिए रोटरी की प्रतिबद्धता के अनेक रूप है जिसमें हमारे शांति केंद्रों का समर्थन करना और शांति फैलोशिप एवं छात्रवृत्ति की पेशकश करना शामिल है।

दुनिया भर में मौजूद 35,000 से अधिक क्लबों के तत्वावधान के माध्यम से TRF जो करना चाहता है उसको जॉन लेनन के युद्ध विरोधी प्रसिद्ध गीत इमैजिन द्वारा बहुत अच्छी तरह से अभिव्यक्त किया गया है। भगवान करें शांति हमेशा बनी रहे।

गुलाम ए वाहनवती
ट्रस्टी, द रोटरी फौउंडेशन

ADVT

INSIGHT VACATIONS

Travel Again
TRAVEL IN STYLE

DISCOVER PREMIUM GUIDED TOURS

Ready to plan your next dream vacation?

Now more than ever, a guided tour is the ideal choice. Simply relax and enjoy your vacation as your Travel Director brings the destination to life and new Well-Being Director takes care of all health protocols.

GLORIOUS SWITZERLAND

8 Days

Experience the Glamour and Glitz of Glorious Switzerland on an 8-Day Guided Tour

GEMS OF BRITAIN

5 Days

See the Cultural Gems of England, Scotland & Wales on a 5-Day Guided Tour

FLAVOURS OF EUROPE

9 Days

European Flavor: Digest the Delights of Italy, France & Switzerland on a 9-Day Guided Tour

AS A ROTARY CLUB MEMBER, SAVE 10%* ON ALL WORLDWIDE PREMIUM TOURS

To learn more, contact us at +91 9967552744 | harshali.darpel@ttc.com
or visit insightvacations.com

*T&Cs apply.

Rotary PEOPLE OF ACTION

पुणे के रोटेरियनों ने बेघर बच्चों को उपहार में घर दिया

रशीदा भगत

कुडाल में नई सुविधा में रेणु गावस्कर, संस्थापक, एकलव्य फाउंडेशन, पुणे, के साथ उनकी बेटी इंदिरानी, मल्हारी कांबले (बाएं से चौथे) और अन्य बच्चे।

मेरे लिए, सपना सच हो गया... यह शानदार जगह अद्भुत है, सोच से भी परे है। जैसा मैंने पिछले दो वर्षों में विशेष रूप से देखा है कि हमें ये शानदार जगह उपलब्ध करवाने के लिए इन रोटेरियनों ने, कोविड के दौरान और फंड एकत्रित करने इत्यादि क्षेत्रों में बहुत तकलीफों का सामना किया है, पूरी जान लगा दी इस मे छोटी छोटी बातों का ध्यान रखा गया है ऐसी जाली लगाईं है कि बच्चों के कमरे में एक मक्खी भी न घुस सके। फिर सोलर पैनल भी लगाया है... बॉयलर है, बिजली गुल होने पर बैक-अप के रूप में जनरेटर है, ताकि अंधेरे में बच्चों को डर नहीं लगे।''

रेणु गावस्कर ने बड़े उत्साह से बताया, वे पुणे स्थित परमानंद एकलव्य फाउंडेशन (NGO) की अध्यक्ष है, जिसे वो पुणे में चलाती हैं, ये संस्था यौनकर्मियों के बच्चों, सड़क पर रहने वाले बच्चों और वो बच्चे जिनकी तस्करी होने वाली थी या जिन्हें तस्करी के बाद छुड़ा लिया गया, ऐसे बच्चों के लिए - व्यापक स्तर पर शिक्षा सुविधा है।

ठीक चार साल पहले, रोटरी समाचार के अप्रैल 2018 के अंक में छपे लेख (बच्चों के अवैध व्यापार के खिलाफ उन्होंने एक जंग छेड़ रखी है) में, रेनुताई की, जैसा कि महाराष्ट्र के समाज सेवा हलकों में प्यार से हर कोई उन्हें इसी नाम से बुलाता है, रो ई मंडल 3131 के रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के सदस्यों द्वारा की गई सहायता को, कवर स्टोरी के रूप में प्रकाशित किया था। जिसमें इसके पूर्व अध्यक्ष सदानंद भागवत और उनकी पत्नी दीपा के नेतृत्व में इस क्लब के सदस्य, जिस जुनून और समर्पण के साथ कार्य कर रहे थे, इसके बारे में विस्तार से बताया था, जितना अधिक हो सके, बच्चों को काले धंधों के अंधेरों में गुम हो जाने से बचाने और संरक्षित करने के चुनौतीपूर्ण कार्य में रेनू ताई की मदद कर रहे थे, जैसे देह व्यापार या अपराध की दुनिया में चोरी, नशीली दवाओं की तस्करी आदि।

कहानी का सारांश ये था कि रेनुताई बच्चों के लिए निगम की एक अस्थायी इमारत में अपनी कक्षाएं चला रही थी, जिस पर मुकदमा चल रहा था और उसे कभी भी वहां से हटाया जाया जा सकता था। भागवत याद करते हुए बताते हैं, ''उनके सिर पर तलवार लटक रही थी और हमने बच्चों के लिए उन्हें एक घर देने का आश्वासन दिया था.''

उस समय उन्होंने अमेरिका में भारतीय मूल के कुछ दानदाताओं को ढूंढा था, जो एक छात्रावास-सह-विद्यालय की भूमि और भवन के लिए धनराशि दान करने के लिए तैयार थे, लेकिन समस्या थी कर बचाने की जिसके लिए उस धनराशि को अमेरिका में एक रोटरी क्लब के माध्यम से भारत में लाना था। लेकिन वो योजना कई तरह की मुश्किलों में फंस गई और विफल हो गई।

लेकिन इस पुणे क्लब के दृढ़ निश्चयी रोटेरियन तो ठान चुके थे, उन्होंने महाराष्ट्र और गोवा की सीमा पर, पंजिम से 85 किलोमीटर दूर स्थित कुडाल में 2.5 एकड़ का एक भूखंड खरीदने के लिए, भागवत दम्पति के नेतृत्व में लगभग ₹3 करोड़ एकत्रित किये थे, ₹1.1 करोड़ सहित (प्लाट की कीमत)। ''हमें ज़मीन दान करने वाला कोई नहीं मिला, इसलिए इसे कमर्शियल दरों पर खरीदना पड़ा, मैंने विक्रेता से अनुरोध किया था कि यह जमीन एक धर्मार्थ कार्य के लिए खरीदी जा रही है और उसने सीधे 20 लाख कम कर दिए - ₹1.3 करोड़ से ₹1.1 करोड़, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, क्योंकि अभी निर्माण कार्य और कुछ सुविधाओं की जरूरत और है,'' भागवत मुस्कुराते हैं। वह मुझे नवनिर्मित विशाल एकलव्य बाल शिक्षा केंद्र घुमाते है, जिसमें बंकर बेड,

छोटी छोटी बातों का ध्यान रखा गया है ऐसी जाली लगाईं है कि बच्चों के कमरे में एक मक्खी भी न घुस सके।

रेणु गावस्कर

वाशरूम और शौचालय, रसोई, डाइनिंग हॉल और कक्षाओं के साथ लड़कों और लड़कियों के छात्रावास और एक बहुउद्देश्यीय विशाल सभागार शामिल है जिसका उपयोग प्रशिक्षण के साथ शैक्षिक उद्देश्यों, मनोरंजन और एक इनडोर खेल के लिए भी काम में लिया जा सकता है। रेनुताई के अनुसार जीवन में, खेल बचपन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इमारत पर नज़र डालते ही आपको मालूम चल जाएगा कि इस में उच्च कोटि की निर्माण सामग्री का उपयोग हुआ है, और ये होना ही था क्योंकि भागवत खुद निर्माण व्यवसाय में हैं, मैं टिप्पणी करती हूं। वह मुस्कुराते हैं और कहते हैं, ''मैं पहले ज़रूर था ... अब मैं सेवानिवृत्त हो गया हूं और मैंने फैसला किया कि इस क्षेत्र से सम्बंधित अपने समय और अनुभव का उपयोग अब केवल ऐसे ही धर्मार्थ कार्यों के लिए करूंगा।'' उनकी विशेषज्ञता को धन्यवाद, मौजूदा इमारत का एक संरचनात्मक ऑडिट किया गया था, जिसे तब एक विशेष छत बना कर और मजबूत किया गया और इसका विस्तार किया गया था। मुझे एक बड़े कमरे में ले जाते हुए, वे बोले, ''इस कमरे में 20 लड़के बैठ सकते हैं; इसमें संलग्न एक शौचालय भी बना हुआ है, और यहां सौर ऊर्जा का प्रावधान है।'' इस सुविधा में माता-पिता के लिए पृथक से एक अतिथि कक्ष शामिल है, क्योंकि हम बच्चों को बाहर नहीं भेजना चाहते हैं।

रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के अध्यक्ष केतन शाह मुझे दिखाने के लिए खिड़कियों को स्लाइड करके बताते हैं कि इस का डिज़ाइन इस प्रकार किया गया है ताकि कमरे में छिपकलियों, मक्खियों या अन्य रेंगने वाले कीड़े प्रवेश ना कर सकें। ''बच्चे सभी लापरवाह होते हैं और खिड़कियां बंद नहीं करते, इसलिए छिपकलियां कमरे में घुस सकती हैं; इन जीवों को बाहर रखने और उसके उपरान्त भी वेंटिलेशन प्रदान करने के अनुसार इसका डिज़ाइन किया गया है,'' वे कहते हैं। दीपा आगे कहती हैं, ''छिपकली ही नहीं, बल्कि सांप भी अंदर आ सकते हैं। जब यहां काम चल रहा था तो पांच-छह सांप मिले थे।''

RID महेश कोटबागी, कुडाल सुविधा में सभागार का उद्घाटन करते हुए। (बाएं से) रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के पूर्व अध्यक्ष सदानंद भागवत, रेनुताई, अमिता कोटबागी, दीपा भागवत और क्लब अध्यक्ष केतन शाह भी चित्र में शामिल हैं।

अभी भी ठेकेदार के बिल का भुगतान करने के लिए हमें ₹45 लाख जुटाने है, जो बहुत दयालु है कि उसने कहा कि मैं पूरा काम कर दूंगा; आप बाद में भुगतान कर देना।

सदानंद भागवत

इस परियोजना के प्रथम चरण के निर्माण और भूखंड विकास की लागत ₹1.9 करोड़ है, जिसमें से लगभग आधा एक परोपकारी परिवार द्वारा दान किया गया था जो अपना नाम गुप्त रखना चाहते हैं। इसका उद्घाटन रो ई निदेशक महेश कोटबागी द्वारा किया गया, और ''यहाँ आए रोटेरियनों में सहायता और सहभागिता और जुनून देखिये कि बच्चों को स्थायी घर मिलने की खुशी में शामिल होने के लिए उनमें से कईयों ने पुणे से बस में 8 घंटे की यात्रा की थी। क्लब के चैरिटेबल ट्रस्ट ने भारत और विदेशों में दानदाताओं के माध्यम से ₹1.08 करोड़ की विशाल राशि जुटाई है। अभी भी ठेकेदार के बिल का भुगतान करने के लिए हमें ₹45 लाख जुटाने है, जो बहुत दयालु है कि उसने कहा कि मैं पूरा काम कर दूंगा; आप बाद में भुगतान कर देना,'' भागवत कहते हैं।

वो बताते हैं कि इस क्षेत्र में लगातार बिजली की कटौती होती रहती है - कभी-कभी 8 दिनों तक बिजली नहीं आती, मुझे बताया गया - इस सुविधा में एक जनरेटर सेट की तत्काल आवश्यकता थी और इसे खरीदने के लिए, भागवत के प्रोत्साहन और प्रेरणा से एक मित्र से उन्हें ₹7.2 लाख प्राप्त हुए थे!

लगभग साढ़े पांच महीने में पूरी इमारत तैयार हो गई थी। ''हमने काम शुरू किया ही था और लेकिन कोविड के कारण एक महीने का लॉक डाउन लग गया।'' छोटी छोटी चीजों पर ध्यान देने का रेनुताई का क्या मतलब है ये तब समझ आया जब मुझे लड़कियों के कपड़े सुखाने के लिए आरक्षित स्थान दिखाया गया इस टिप्पणी के साथ.... ''लड़कियों के अंदरूनी वस्त्र खुले में सूखते नहीं दिखने चाहिए इसलिए हमने यह जगह बनाई है।'' बालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए इस अत्यंत संवेदनशील भाव से वास्तव में दिल खुश हो जाता है।

कोटबागी ने कई वंचित और बेसहारा और बेघर बच्चों के जीवन परिवर्तित करने के लिए उनकी निस्वार्थ सेवा और करुणा के लिए रेनुताई की सराहना की और कहा कि रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड द्वारा की गई यह एक अनुकरणीय परियोजना थी।

रेनुताई से बातचीत के लिए मैं बैठ जाती हूँ और मेरा पहला सवाल यह है कि क्या वह पुणे में रहेंगी, जहां एकलव्य मुख्यालय है या कुडाल में जो पुणे से काफी दूर है। ''मैं पुणे और कुडाल के बीच आती जाती रहूँगी, लेकिन रहूंगी यहीं, भावनात्मक कारणों से क्योंकि मैं खुद को कोंकण कन्या मानती हूं; मेरा जन्म स्थान यहां से करीब 20 किमी पर है, इसलिए मैं अपने जीवन के इस अंतिम चरण में, अपने प्रदेश से ही सेवा करना चाहती हूँ।''

आज बच्चों को जिन मुद्दों का सामना करना पड़ता है, उस के बारे में चर्चा करते हुए वे कहती हैं कि भारत में किशोरों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, और जब इनके कारणों की जांच की गई तो मालूम पड़ा कि उन्हें प्यार नहीं मिलता, वे अवांछित और उपेक्षित महसूस करते थे। ''वे कक्षा से बाहर आते हैं, अपने मोबाइल निकाल

अन्य बच्चों के साथ रेनुताई, इंदिरानी, मल्हारी।

कर देखते हैं कि कोई मिस्ड कॉल नहीं है, कोई संदेश नहीं आया और उदास हो जाते हैं। हमारी पीढ़ी के पास ये सब नहीं था; हमें अच्छे से पता था कि हमारे माता-पिता, भाई-बहन और हमारे परिवार हमें प्यार करते हैं।''

बर्ट्रेंड रसेल को उद्धृत करते हुए, जो हमेशा कहते थे कि जिस बच्चे को खेलने, हंसने, दौड़ने, खुशी से चिल्लाने की इज़ाज़त है, वह एक प्रसन्नचित्त बच्चा है, रेनुताई इसे बच्चों के लिए टैगोर लिखित प्रसिद्ध कविता से जोड़ती हैं ''जहां, मन हो भय से मुक्त और सिर गर्व से ऊँचा,'' और कहती हैं: ''यही वो युवा भारत है जिसका सपना मैं देखती हूं।''

एकलव्य और इस खूबसूरत इमारत का उपहार मिलने के बाद उनकी आगे की योजना क्या है? ''इस क्षेत्र में काम करते हुए मुझे 40 साल से ज़्यादा हो गए हैं, और मैं ये महसूस करती हूं कि जिन बच्चों का बचपन बिना खेल कूद या हंसी और प्यार के गुजरा, इस वजह से इन बच्चों की ज़िन्दगी बहुत भयानक हो गई है। वे बहुत असहाय महसूस करते हैं; उन्हें घर और शिक्षा दोनों की जरूरत है लेकिन घर ज्यादा ज़रूरी है। घर के महत्व को हम जैसे लोग नहीं समझ सकते लेकिन जो इसके बगैर पैदा हुए हैं वो इस को बहुत शिद्दत से महसूस करते हैं। मैं रोमांचित हूं कि इनमें से आखिर कुछ बच्चों को तो एक स्थायी घर मिल गया है, जहां से निकल जाने के लिए उन्हें कोई नहीं कहेगा, जहां उनके लिए सुरक्षा और मानसिक शांति दोनों होगी।

इस बात से वो सहमत हैं कि यह समस्या बहुत बड़ी है लेकिन कम से कम एक कदम तो उठाया और यह बहुत दूर ले जाएगा। मैं रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के रोटेरियन और विशेष रूप से सदानंद और दीपा भागवत की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने पिछले चार वर्षों में मेरी बहुत मदद की है।''

रोटरी न्यूज़ की कवर स्टोरी को याद करते हुए, वह कहती हैं कि 2018 में छपे उस लेख के बाद, इस मुद्दे को कई मीडियाकर्मियों ने उठाया था, और अपने बच्चों के लिए पुणे के आम आदमी से उन्हें बहुत मदद मिली थी।

हालांकि नई आवासीय सुविधा में 100 बच्चे रह सकते हैं, रेनु ताई को लगता है कि अभी इतने बच्चे कुडाल में नहीं मिलेंगे। पहले सर्वे होगा, उदाहरण के लिए, ''कोरोना ने कई बच्चों को अनाथ कर दिया उनके घर, उनकी शिक्षा, उनके भविष्य का क्या होगा? हम कोशिश करेंगे और उन्हें यहां लाएंगे; हालांकि यहां 100 बच्चे रह सकते हैं, उन सभी के लिए भी संसाधनों की आवश्यकता भी पड़ेगी। इसलिए, हम 20-30 बच्चों से शुरू करेंगे और फिर धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ाएंगे।''

पुणे में एकलव्य सुविधा की व्यवस्था उन्हीं के अपने 'लड़कों' में से एक - मल्हारी कांबले संभालेगा, जब वह पहली बार यहां आया तब 10 साल का था और कक्षा 4 में पढता था। ''संस्था उसे अपने यहां लाइ और आज उसने उच्च शिक्षा

पूरी कर ली है और अब एकलव्य के लिए शिक्षक और प्रबंधक, दोनों जिम्मेदारी निभा रहा है। वह 15 वर्षों से इस संस्था से जुड़ा हुआ है और हमारे पुणे कार्यालय का प्रबंधन और व्यवस्था देखने का उसके पास पर्याप्त अनुभव है।''

इस क्षेत्र में काम करते हुए मुझे 40 साल से ज़्यादा हो गए हैं, और मैं ये महसूस करती हूं कि जिन बच्चों का बचपन बिना खेल कूद या हंसी और प्यार के गुजरा, इस वजह से इन बच्चों की ज़िन्दगी बहुत भयानक हो गई है।

रेणु गावस्कर

मल्हारी की कहानी बड़ी हृदयस्पर्शी है; उसके पिता शराबी और एक बेहद अपमानजनक व्यक्ति थे; उसके चार बच्चे और एक पत्नी थी और ''अत्यधिक प्रताड़ना और दुर्व्यवहार से हताश हो कर वह घर छोड़ कर नौकरी के लिए दुबई चली गई जहां वह वर्तमान में काम कर रही है।'' अंततः तीन बच्चे उसकी देखरेख में चले गए पर मल्हारी ने एकलव्य के साथ रहने का निर्णय किया और अर्थशास्त्र में पीजी करते हुए वो छोटे बच्चों को गणित और विज्ञान पढ़ा रहा है।

रेनुताई ये ध्यान रखती है कि पढ़ने में रुचि रखने वाले सभी बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्कूल भेजा जाए; ''वे सभी विज्ञान आश्रम में पढ़ते हैं और उनकी शिक्षा और जीवनयापन का खर्चा आम आदमी, रोटरी और लायंस क्लबों और व्यक्तिगत दानदाताओं के माध्यम से आता है।''

बच्चों की गरिमा के प्रति वो बेहद संवेदनशील हैं, वह आज तक नहीं भूली है, एक किशोरी ने उनसे एक बार कहा था; ''लोग हमें हमेशा पुराने कपड़े देते हैं। वे हमें रद्दी की टोकरी समझते हैं; दीवाली पर खुद तो अपने बच्चों के लिए नए कपड़े खरीदते हैं पर हमें पुराने कपड़े देते हैं। मैंने तभी ये निर्णय कर लिया था कि मैं अपने बच्चों के लिए पुराने कपड़े स्वीकार नहीं करूंगी।'' तब से, उसके सभी बच्चों को हर साल नए कपड़े के चार सेट मिलते रहे हैं। ''हम सुनिश्चित करते हैं कि कपड़ों के साथ-साथ उन्हें उनकी गरिमा और स्वाभिमान भी मिले,'' वह आगे कहती हैं।

कितने बच्चों को पुणे से कुडाल भेजेंगी, पूछने पर रेनु ताई कहती हैं, ''किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत हम बच्चों को एक क्षेत्र

हमें कम उम्र में लड़कियों की शादी रोकनी होगी

कुडाल में इस खूबसूरत सुविधा में रहने वाले बच्चों के बारे में, रेणु गावस्कर का कहना है कि पुणे या मुंबई की तुलना में कुडाल में यौनकर्मियों के बच्चे बहुत कम होंगे, लेकिन हर जगह की तरह, यहां भी, लड़की पैदा होने के खिलाफ पलड़ा भारी है। ''परंपरागत रूप से, जब माता-पिता की मृत्यु हो जाती है, तो बच्चों को बड़े परिवार में शामिल कर दिया जाता है, इनके रिश्तेदार इनकी देखभाल कर संभाल लेते हैं, इसलिए मुंबई या पुणे की तरह यहां लड़कियों की तस्करी की संभावना बहुत कम होती है।''

लेकिन छोटी लड़कीयां अभी भी तकलीफ में हैं; भले ही वे बच्चों को परिवार में शामिल कर लेते हैं, ''लेकिन एक बड़ी समस्या यह है कि चाची या मौसी, मौक़ा मिलते ही लड़की की शादी कर देते हैं ... ताकि वो उनकी ज़िम्मेदारी से मुक्ति पा जाएँ। लड़की भी आसानी से मान जाती है क्योंकि ये सब समझने के लिए उसकी उम्र बहुत कम है कि उसके लिए क्या भला है और क्या बुरा। नए कपड़े, एक मंगलसूत्र और एक नया घर मिलते ही वो बहुत खुश हो जाती है। लेकिन जल्दी विवाह के साथ ही उन सबका भविष्य खत्म हो जाता है। 15 साल की उम्र में लड़की की शादी हो जाती है और 16 साल की उम्र में एक बच्चा, जब कि अभी तो वो खुद ही एक बच्ची होती है।''

किशोर लड़कियों की शादी रोकने की तरफदारी करते हुए रेनुताई कहती हैं, ''उस कम उम्र में वह बच्चों की देखभाल के लिए शारीरिक या मानसिक रूप से तैयार नहीं होती है। और शादी के साथ ही उसकी पढ़ाई भी समाप्त हो जाती है।''

तो, क्या वो शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 करने के सरकार के कदम का स्वागत करती हैं? ''हां बिल्कुल, लेकिन उसमें भी एक समस्या है... 16, 17, 18 से 21 के बीच लड़कियां करेंगी क्या? जब हम इसका अध्ययन करते हैं तो प्रस्तावित अधिनियम में स्वयं ही विसंगतियों और निहितार्थों के साथ है। ये लड़कियां क्या करेंगी, क्योंकि लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए परिवारों के पास पैसे नहीं होते हैं।''

और इसलिए, कुडाल केंद्र में, रेनुताई और रोटेरियन मिल कर प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की कई योजनाऐं बना रहे हैं जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने वाली लड़कियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण मिल सके जो उन्हें आर्थिक सम्बल प्रदान सकेगा।

रेनुताई, जिन्होंने 40 वर्षों से भारतीय किशोर लड़कियों के सामने आने वाले मुद्दों का बारीकी से अध्ययन किया है और उनका सामना किया है, कहती हैं कि ये लड़कियां अपनी सांस्कृतिक, सांप्रदायिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर विभिन्न समस्याओं और दुविधाओं का सामना करती हैं। ''अब हिजाब विवाद और उस लड़की (मुस्कान) को ही लें, जिसने जोर-जोर से अल्लाहु अकबर का नारा लगाया और जोर देकर कहा कि वह हिजाब पहनेगी। क्यों? क्योंकि वह खुद की एक पहचान चाहती है और हिजाब के बिना असुरक्षित महसूस करती है।''

वह आगे कहती हैं कि मुस्लिम लड़कियों का हिजाब हो या घूंघट में सजी हजारों राजस्थानी महिलाएं, यह सब एक पहचान या परंपरा के लिए किया जाता है। लेकिन यह समाज सुधारक बिकुल सटीक कहती है कि लड़की हिजाब या घूंघट पहनती है या नहीं कोई फर्क नहीं पड़ता; ''महत्वपूर्ण यह है कि उसे शिक्षित होना चाहिए, उसको प्यार और सम्मान मिलना चाहिए।''■

या प्रदेश से दूसरे में नहीं ले जा सकते हैं और हर छोटी छोटी चीज़ के लिए हमें सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है। लेकिन कभी-कभी बच्चों को तुरंत और तत्काल मदद की जरूरत पड़ती है। इसलिए मैंने कई सरकारी अधिकारियों से इस पर चर्चा की है कि आपको उदार होना पड़ेगा, मुझ पर तो विश्वास करें, मैंने इन बच्चों के साथ 40 साल काम किया है। कभी-कभी वे मान भी जाते हैं, कभी-कभी नहीं भी मानते।''

लेकिन वो भी दृढ़ प्रतिज्ञ हैं कि बिना कोई नियम तोड़े, सरकारी मदद मिले या नहीं, वो ज्यादा से ज्यादा बच्चों की मदद करती रहेंगी। वह कहती हैं कि अगर कोई मामला चरम परिस्थिति पर पहुँच चुका है, जैसे कि हत्या से जुड़ा मामला, ''और ऐसी स्थिति में यदि हम प्रस्ताव रखते हैं, तो मुझे आवश्यक मंजूरी मिलने की पूरी उम्मीद रहती है।'' वर्तमान में वो दो युवा लड़कियों के मामले से जूझ रही है, जो हत्या की चश्मदीद गवाह थीं और उन्हें पुणे लाया गया था, और उन्हें तुरंत ही एक सुरक्षित आश्रय की आवश्यकता थी।

वह गर्व से कहती है कि जिन बच्चों को वह आश्रय दे कर शिक्षित करती है, उनमें से किसी को भी ड्रग्स, शराब आदि की कोई लत की नहीं है। ''एक दफा मैंने नशामुक्ति सत्र में भाग लिया था और वहां जो देखा, वो बहुत बुरा अनुभव था, वापस लौट कर मैंने अपने सभी बच्चों से वचन लिया वे कभी भी तंबाकू या शराब का सेवन नहीं करेंगे।'' उनके खुद के स्वयंसेवी शिक्षकों में से एक ने इसमें मदद की थी, जिसने शराब की लत की वजह से अपने बेटे को खो दिया था, उन्होंने बच्चों से दिल खोल कर बात की। ''उनकी बातों का बच्चों पर इतना गहरा असर पड़ा कि उन्होंने मुझसे यह वादा कर दिया था।''

रेनुताई की 40 वर्षीय बेटी इंद्राणी भी एकलव्य में शामिल हो गई हैं और इसके प्रबंधन में मदद करती हैं; वह सीईओ हैं और उनकी मां

एक किशोरी ने मुझ से एक बार कहा था; 'लोग हमें हमेशा पुराने कपड़े देते हैं। वे हमें रद्दी की टोकरी समझते हैं;' मैंने तभी ये निर्णय कर लिया था कि मैं अपने बच्चों के लिए पुराने कपड़े स्वीकार नहीं करूगी।

रेणु गावस्कर

अध्यक्ष हैं। अपने कुडाल छात्रावास में भूमि के विशाल विस्तार की ओर इंगित करते हुए, वह कहती हैं, ''हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें यह जगह मिली है; काफी लंबे समय से हम पुणे में, अपने बच्चों के लिए जगह खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी अपनी कोई जगह नहीं है; हम हमेशा एक धूमकेतु तारे की तरह महसूस करते थे... हमने हमेशा से, एक छोटी सी, कम से कम जगह की अपेक्षा की थी जिसे हम अपना कह सकें... और अब वो हमें मिल गई है।''

वह हरेक से प्रशंसा करते नहीं थकती, ''रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के रोटेरियनों ने,

कुडाल में रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड द्वारा निर्मित छात्रावास-सह-विद्यालय।

हमारे और हमारे बच्चों के साथ हमेशा गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया है। उन्होंने हमें कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि हम किसी से दान ले रहे हैं।''

उसके विचारों का समर्थन करते हुए रेनुताई कहती हैं कि बच्चों के साथ रोटेरियन हमेशा बहुत प्यार से पेश आते हैं। ''उदाहरण के लिए, बच्चों का जन्मदिन मनाने में हमारी मदद करना। मल्हारी, जब वह बच्चा था, जो अन्य बच्चों के जन्मदिन की पार्टियों में शामिल होता था, खुद के जन्मदिन पर, बाहर बैठकर ड्रम बजाता, एक दीया लगता और एक पटाखा छोड़ता था और खुद को कहता था: 'जन्मदिन मुबारक'। क्योंकि उसका जन्मदिन मनाने वाला कोई नहीं था। लेकिन इन रोटेरियनों ने अब ये बदल दिया है!''

रेनुताई के साथ बड़े हुए, अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर और अब पुणे के विज्ञान आश्रम में आगे की शिक्षा/प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बड़े बच्चों के समूह के साथ चर्चा करती हूं।17 वर्षीय गणेश सलामताप्पे वहां ग्रामीण प्रौद्योगिकी, मशीन के पुर्जे, वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल वायरिंग आदि का प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह एक फैकल्टी सदस्य के रूप में कुडाल सुविधा में आना चाहते हैं। प्रकाश पटोले (14) एक इंजीनियर बनना चाहते हैं, जबकि रेखराज गौतम कंप्यूटर का अध्ययन करना चाहते हैं।

आत्मविश्वास से भरपूर17 साल की लक्ष्मी यादव ग्रामीण प्रौद्योगिकी का अध्ययन करके लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ने के लिए से तैयार हैं, और मशीन के पुर्जों की मरम्मत और वेल्डिंग और फिटिंग और बिजली के उपकरणों को ठीक करने का प्रशिक्षण ले रही हैं। वह ड्राइंग में बहुत अच्छी है ... बहुप्रतिभाशाली है, और बहुत ही प्रगाढ़ बुद्धि वाली लड़की है, जिसने अपनी उच्च

(बाएं से) रोटेरियनस वैशाली पाटिल, दीपा भागवत, रेनुताई, क्लब सचिव डॉ मनीषा सूर्यवंशी और वैशाली घणेकर।

कुडाल में घर के सामने रेनुताई और रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के सदस्यों के साथ RID कोटबागी और अमिता।

माध्यमिक परीक्षा उच्च श्रेणी के साथ उत्तीर्ण की है, उसके गुरु कहते हैं।

चाँदनी बड़े आत्मविश्वास के साथ बोलती है और जीव विज्ञान पढ़ रही है; वह डॉक्टर बनना चाहती है, सुजाता के नक्शेकदम पर चलते हुए, जिसकी देखभाल एकलव्य द्वारा ही की जाती थी और अब वह पुणे के एक नर्सिंग होम में एक डॉक्टर के रूप में कार्य कर रही है। वह एक सेक्स वर्कर की बेटी है और अब शादीशुदा है,

ज़िन्दगी वास्तव में बहुत खूबसूरत है; आपने इन बच्चों को यह कहते सुना कि मैंने उन्हें बहुत कुछ दिया है। लेकिन मेरा विश्वास करो, उन्होंने मुझे उससे भी कहीं ज़्यादा लौटाया है। मेरे जीवन के कुछ सबसे कीमती पल इन बच्चों से ही मिले हैं।

लेकिन शादी के दौरान वो बहुत मुश्किल समय से गुजरी थी क्योंकि लड़के के माता-पिता को उसकी पृष्ठभूमि पता थी। लेकिन अब वह सुखी है, रेनुताई मुस्कुराती है।

फिर उन सबका रोल मॉडल कौन है? साफ़ तौर से सिर्फ दो नाम उभर के आते हैं - रेनुताई और मल्हारी। लक्ष्मी कहती हैं, मेरी मॉडल तो रेनुताई है, क्योंकि हम सिर्फ निकम्मे थे, कुछ नहीं करते थे, लेकिन उन्होंने हमें समझाया और हमारे भीतर ये विश्वास जगाया... कि पढ़ लिख कर होकर समाज में हम भी कुछ बन सकते हैं.. उसके बाद हमारी ज़िन्दगी बदल गई!

एक और कहानी सामने आई कि बच्चे अपनी मां के लिए कितना कुछ करना चाहते हैं। उनमें से अधिकांश ने अपनी माताओं को, या तो उनके पिता द्वारा परित्यक्त या प्रताड़ित होते देखा है या उनके लिए भोजन और कपड़े के लिए हमेशा संघर्ष करते देखा है। लड़कियों को देखकर, उनमें से एक ने उद्घाटन समारोह में अपनी मधुर आवाज में प्रार्थना गाई थी, यह विश्वास नहीं होता कि सिर्फ 7 साल की उम्र में इन लड़कियों को घरेलू नौकर बनाया गया था, और कड़ी मेहनत के बावजूद काम पर रखने वाली महिलाओं द्वारा अक्सर इनकी पिटाई की जाती थी, जब तक रेनुताई ने उन्हें नहीं छुड़ाया।

लेकिन अब उन्हें मुक्त करवा लिया और शिक्षित किया गया है, वे अपनी मां, के लिए कुछ करना चाहते हैं, विशेषकर लडकियां...

छोटे राज ने इसे बड़े अच्छे तरीके से कहा, रेनुताई और दादा (मल्हारी) ने हमें सबसे अच्छी चीजें दी हैं... सिर से पैर तक हम जो भी पहनते हैं, वह उन्हीं का दिया है। और अब वो हम बच्चों को ये सुन्दर और नया घर देने जा रही है। हम उनके, दादा के और खुद के ऋणी हैं, खूब मेहनत करेंगे, अच्छी तरह से पढ़ाई करेंगे और अपने जीवन में कुछ बन के दिखाएंगे।

उत्साह से भरी इस रेनुताई को कुडाल से चलते हुए मैं अलविदा कहती हूं: ज़िन्दगी वास्तव में बहुत खूबसूरत है; आपने इन बच्चों को यह कहते सुना कि मैंने उन्हें बहुत कुछ दिया है। लेकिन मेरा विश्वास करो, उन्होंने मुझे उससे भी कहीं ज़्यादा लौटाया है। मेरे जीवन के कुछ सबसे कीमती पल इन बच्चों से ही मिले हैं।

चित्र: रशीदा भगत

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

DÖNER
AM 9187 CH

यूक्रेन में तबाही

रशीदा भगत

रोटरी क्षेत्रीय पत्रिका के संपादकों के लिए आयोजित एक हृदय विदारक चर्चा में, रो ई मंडल 2032 से रोटरी क्षेत्रीय पत्रिका के संपादक, यूक्रेन, एक पूर्व मंडल अध्यक्ष और पब्लिक इमेज कोऑर्डिनेटर, मिकोला स्टेब्लानो ने युद्ध से तबाह हुए देश यूक्रेन के रोटरी क्लबों द्वारा अपने देश के पीड़ित लोगों की मदद के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में रोटरी दुनिया को बताया।

ये काम, रोटेरियन अपनी जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। वर्चुअल मीट (आभासी मीटिंग) से जुड़ी कुछ कहानियां बहुत ही मार्मिक और कष्टदायक थीं।

रोटरी क्लब कीव के पूर्व अध्यक्ष ओलेक्सी लुकाश ने बताया कि उनकी पूर्ण-गर्भवती पत्नी ने सुबह अचानक उन्हें जगाया और बोली कि रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया है। ''मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि 21वीं सदी में भी ऐसा हो सकता है। तो मैंने उससे कहा कि चलो, वापस सो जाओ! लेकिन कुछ ही क्षणों में, हमें उठना पड़ा क्योंकि सहकर्मियों और दोस्तों के दर्जनों फोन घनघनाने लगे थे, यह कहते हुए कि युद्ध वास्तव में शुरू हो चुका है!''

राजधानी कीव, यूक्रेन का सबसे बड़ा और सबसे अधिक जनसँख्या वाला शहर है। ''चारों तरफ, लोगों को हम उनकी गाड़ियों में बैठ अलग-अलग दिशाओं में भागते देख सकते थे। पहले कुछ दिन (जूम मीट 8 मार्च को हुई थी) तो हम कीव में ही रहे, उस वक्त सब कुछ सामान्य था। ज़ाहिर है उसके पास छोड़ने का कोई विशेष कारण भी नहीं था; उसकी पत्नी को किसी भी दिन, कभी भी समय प्रसव पीड़ा हो सकती थी।ये बहुत डरावना था, क्योंकि पूरे शहर में लगभग हर घंटे से रेड पड़ने के अलार्म सुनाई दे रहे थे। मेरे सहयोगी को एक सप्ताह के लिए बम निरोधक शेल्टर में रहना पड़ा था फिर एक सप्ताह के बाद अपनी जान जोखिम में डालकर,'' सुरक्षित रूपसे उन्हेंने वो शेल्टर छोड़ दिया।

लेकिन बाकी लोग इतने भाग्यशाली नहीं थे; ''मुझे मालूम है कि मेरे कई दोस्तों ने वहां से निकल भागने की नाकाम कोशिश की थी, लेकिन उन्हें गोली लग गई थी। सौभाग्य से, वे बच गए और हम इन घायलों के इलाज के लिए बेसब्री से रक्त प्लाज्मा ढूंढ रहे थे।'' लुकाश और उसकी पत्नी को इन भयंकर परिस्थितियों में रहना पड़ा था, ''और अगले तीन दिन वास्तव में बहुत दुष्कर थे, क्योंकि मेरी पत्नी लगातार रो रही थी और मैं बहुत डरा हुआ था कि इससे बच्चे पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।''

नियमित रूप से कर्फ्यू लगता था। युद्ध शुरू होने के तीन दिन बाद, सौभाग्य से उसे नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उसने एक लड़के को जन्म दिया, ''लेकिन कुछ ही घंटों में हमें जबरन बम शेल्टर में भेज दिया गया। हमने देखा कि स्थिति बद से बदतर होती जा रही थी, पेट्रोल और भोजन दोनों की कमी हो गई थी और हम पहले तो यूक्रेन के पश्चिमी भाग में अपने दोस्तों के कंट्री हाउस तक पहुँचने में सफल रहे जिसे वो पहले ही छोड़ कर जा चुके थे, वे दयालु थे और हमें रहने के लिए उन्होंने अपना घर दे दिया था। लेकिन अगले ही दिन घर के ठीक बाहर एक जोरदार धमाका हुआ और हमने पाया कि हवाई अड्डा हमारे बहुत करीब था!''

लुकाश बहुत एहसानमंद हैं क्योंकि रोटरी क्लब कीव के मेरे सहयोगी लगातार हमारे संपर्क में हैं। बमबारी में घायल हुए नागरिकों को मानवीय सहायता देने के साथ-साथ, कीव के रोटेरियन सैन्य अस्पतालों को आपूर्ति पहुंचाने में भी मदद कर रहे हैं क्योंकि बहुत सारे सैनिक घायल हुए हैं। ''इसलिए कई प्रकार की परियोजनाएं चल रही हैं और हम स्वयंसेवकों और अस्पतालों के निरंतर संपर्क में हैं ताकि जहां कहीं भी ज़रुरत हो वहां दवाएं पहुंचा सकें।''

फिलहाल लुकाश अपने परिवार के साथ पोलैंड में रह रहे हैं, उनके बच्चे सहित जिस का नाम उन्होंने एलिसी रखा है। ''मैं पोलिश लोगों का बहुत

अस्पताल में एक घायल बच्चे का इलाज होते हुए।

आभारी हूँ वो हमारी बहुत सहायता कर रहे हैं,'' वह कृतज्ञतापूर्वक कहते हैं।

दक्षिण यूक्रेन के ओडेसा शहर से बैठक को संबोधित करते हुए, यूक्रेन रोटरी ई-क्लब के सदस्य, पीडीजी स्टेब्लानो ने यूक्रेन के लोगों की तकलीफों का सिलसिलेवार अवलोकन दिया, जो वर्तमान में रूसी हमले की चपेट में हैं। यूक्रेन में युद्ध से प्रभावित लोगों को मानव2ीय सहायता उपलब्ध करवाने के लिए रो ई और रोटरी क्लब भरसक प्रयास कर रहे हैं। वह यूक्रेन आपदा के लिए विदेशी सहभागिता के समन्वयक भी हैं।

मिकोला स्टेब्लानो, प्रकाशक रोटारियेट्स, *यूक्रेन और बेलारूस की क्षेत्रीय पत्रिका।*

अपने देश का नक्शा दिखाते हुए, जिसमें रूसी बमबारी (8 मार्च को) प्रभावित क्षेत्रों को दिखाया गया था, उन्होंने कहा, ''यूक्रेन के कई शहरों में सैन्य कार्रवाई चल हैं; पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन के लगभग आधे शहरों पर या तो उन का कब्ज़ा हैं या वहां पर कोई न कोई सैन्य गतिविधि अवश्य चल रही है। बहुत सारे लोग पोलैंड, हंगरी, मोल्दोवा, रोमानिया और स्लोवेनिया के लिए पलायन कर चुके हैं।''

उन्होंने कहा कि युद्ध के आरम्भ होते ही, ''रोटरी सक्रीय हो गई और उस ने यूक्रेन में कई तरह की गतिविधियां शुरू कर दी हैं ... हमने एक विशेष समन्वय समिति बनाई है जो रोज़ दो बार मिलती है और चर्चा करती है कि हमारे सामने आ रही विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए क्या किया जा सकता है।''

यूक्रेन में रोटरी के मुख्य फोकस क्षेत्रों में से एक है अस्पतालों की मदद, जो आज घायल नागरिकों से भरे पड़े हैं। ''हमने यूरो, अमेरिकी डॉलर, पाउंड और स्विस फ्रैंक में विशेष खाते खोले, और रोटरी क्लबों और मंडलों से जो दान प्राप्त हुआ, उस राशि से दवाएं खरीद कर हम उन अस्पतालों तक पहुँच रहे हैं जिन्हें इसकी तत्काल आवश्यकता है। साथ ही, रो ई ने यूक्रेन को सहायता देने के लिए एक विशेष आपदा कोष का गठन किया है और दुनिया भर के रोटेरियन यूक्रेन के लोगों की सहायता के लिए इस फंड में दान दे सकते हैं।''

पिछले दिन, (7 मार्च) तक, रो ई फंड पहले ही 1 मिलियन डॉलर से अधिक एकत्र कर चुका था; ''यह राशि विशेष आपदा राहत अनुदान पर खर्च की जायेगी। GG और आपदा निधि के बीच फर्क है, मुख्यतः आपदा निधि में अनुमोदन की प्रक्रिया बहुत तेज़ है।''

उन्होंने एक उदाहरण देते हुए समझाया कि उनके मंडल (RID 2030) ने इस अनुदान के लिए पूर्व में ही आवेदन कर दिया था, और आवेदन पात्र सिर्फ केवल कागज की एक शीट है। स्लोवाकिया, रोमानिया और हंगरी में यूक्रेन के शरणार्थियों की मदद के लिए भी अनुदान उपलब्ध था और इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी *www.myrotary.org* पर उपलब्ध है, और इन अनुदानों के लिए 50,000 डॉलर तक आवेदन जा सकता है।

स्टेब्लानो ने समझाया कि ''हमारी मुख्य ज़रुरत है मानवीय सहायता। कई देशों ने विमानों द्वारा यूक्रेन को मानवीय सहायता भेजी है, उदाहरण के लिए, पोलैंड से, और उसे सड़क मार्ग से स्थानांतरित कर उन शहरों में वितरित किया जाता है जहां मदद की ज़रुरत होती है। हमने रोटरी मानवीय इकाइयाँ भी गठित की हैं हैं, जहाँ पर सहायता सामग्री इकट्ठी कर विभिन्न शहरों में भेजी जाती है। हमारी गतिविधियों से हमारे रोटरी परिवारों, उनके रिश्तेदारों और दोस्तों को भी सहायता मिली है।''

उन्होंने कहा: ''हालांकि अभी मेरे शहर, ओडेसा में सैन्य कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन हर सुबह हमारी आँख इसी विचार के साथ खुलती है कि किसी भी क्षण सैन्य कार्रवाईहो सकती है ... हम एक बहुत ही उद्विग्न स्थिति से गुजर रहे हैं।''

हमने यूरो, अमेरिकी डॉलर, पाउंड और स्विस फ्रैंक में विशेष खाते खोले, और रोटरी क्लबों और मंडलों से जो दान प्राप्त हुआ, उस राशि से दवाएं खरीद कर हम उन अस्पतालों तक पहुँच रहे हैं जिन्हें इसकी तत्काल आवश्यकता है।

मिकोला स्टेब्लानो
PDG और *रोटारियेट्स* के प्रकाशक

पहले मैं सिर्फ कहता था कि रोटरी इंटरनेशनल एक बड़ा परिवार है, लेकिन अब मुझे यकीन हो गया है कि ये सच है। और मुझे यकीन है कि यह परिवार आपके साथ भी खड़ा रहेगा। मेरे लिए ये सिर्फ खूबसूरत अलफ़ाज़ नहीं, बल्कि हकीकत है।

DRR **एरीना बुशमीना**
RID 2232

हमसे अपने व्यक्तिगत और क्लब के अनुभव बांटते हुए, रोटरी क्लब खार्किव न्यू लेवल की सचिव, इरीना इवानोवा बोली कि उनका शहर, खार्किव, यूक्रेन में सबसे अधिक बर्बाद हुए शहरों में से एक था। ''हमारे कारखाने, कार्यालय और घर हर रोज़ बर्बाद हो रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली ठप्प हो चुकी है। 2 मिलियन की आबादी वाले यूक्रेन के बड़े शहरों में से एक में रहने वाले खार्किव के रोटेरियनों ने हमारी मानवीय परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र शुरू कर दिया।''

सबसे पहले, उन नागरिकों को वाटरप्रूफ गर्म कंबल बांटने शुरू किये, जिन के घर नष्ट हो गए थे। युद्ध के कारण अधिकांश समय लोग बम निरोधी आश्रयों में रहते हैं; ''हमें 6,000 कंबल और चाहिएं और हम लगातार धन जुटा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि रोटेरियन भी भोजन और दवाएं बांटने के लिए स्वयंसेवकों को संगठित कर रहे हैं, ''लेकिन वे बहुत ही खतरनाक स्थिति में काम कर रहे हैं,'' वो बोली।

क्लबों ने ''कई हजार किलो चिकन की भी व्यवस्था कर ली है; कई राष्ट्रों ने हमें मदद भेजने का प्रस्ताव दिया है जिसका स्वागत है। रोटरी क्लब एकल माताओं, विकलांगों और बुजुर्गों की मदद करने के लिए भी विशेष प्रयास कर रहे हैं, जो स्वयं की मदद नहीं कर सकते। बहुतेरे लोग बिना किसी वित्तीय सहायता के रह रहे हैं, और इन लोगों को

यूरोप के रोटरेक्टर्स ने यूक्रेन के शरणार्थियों के लिए 2,000 परिवार जुटाए

यूक्रेन, रो ई डिस्ट्रिक्ट 2232 की डीआरआर, रोटरेक्ट एरिना बुशमीना की कहानी वास्तव में प्रेरणादायक है। रो ई ब्लॉग के रूप में प्रकाशित अपने पहले व्यक्तिगत ब्लॉग में, वह कहती है कि उसने युद्ध के शुरूआती घंटों में ही कीव छोड़ दिया था। कार में मेरी बहन, उसका पति, उसका तीन महीने का बच्चा और एक बिल्ली थे।'' जब वे सीमा पर पहुँचे, तो पुरुषों को देश छोड़ने से रोक दिया गया, इसलिए उसने, उसकी बहन और भतीजे ने गाड़ी चलाना जारी रखा।

छह दिनों की कष्टप्रद यात्रा के बाद, तीन अलग-अलग देशों में रातें बिताकर वे वियना पहुँचे, शुक्र है, होटलों में नहीं बल्कि रोटेरियन और उनके परिवारों के घरों में। ''पहले मैं सिर्फ कहता था कि रोटरी इंटरनेशनल एक बड़ा परिवार है, लेकिन अब मुझे यकीन हो गया है कि ये सच है। और मुझे यकीन है कि यह परिवार आपके साथ भी खड़ा रहेगा। मेरे लिए ये सिर्फ खूबसूरत अलफ़ाज़ नहीं, बल्कि हकीकत है।''

लेकिन गाड़ी चलाते समय, पीड़ित रोटरेक्टर को एक विचार आया; निश्चित ही ऐसी वह अकेली नहीं थी जिसे सहायता और सहयोग की आवश्यकता थी। क्यों न यूरोप में रोटरेक्टर्स जुटाए जाएं? गाड़ी तो उसकी बहन चला रही थी, मेरे हाथ खाली थे। मैंने उन समूहों में लिखना शुरू किया जहां यूक्रेन की स्थिति के बारे में रोटरेक्टर अवगत थे। बहुत सारे रोटरेक्टर्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। लोगों ने तुरंत अलग-अलग फोकस क्षेत्रों वाले समूह बनाए और

DRR *एरीना बुशमीना*
यूक्रेन, रो ई मंडल 2232

उनका नेतृत्व करने में मेरी मदद की। ये कोई पहले से सोची-समझी परियोजनाएं नहीं थीं, लेकिन ये ऐसे प्रोजेक्ट थे जिन्होंने पहले दिन से ही काम करना शुरू कर दिया था।''

आश्चर्यजनक रूप से, और युवाओं की गति से, रोटरेक्टर्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी, और ''हमने यूक्रेन के रोटेरियन और रोटरेक्टर्स को अन्य देशों में आवास खोजने में मदद करने के लिए छोटी परियोजनाओं के साथ शुरुआत की। अब, परियोजना बड़ी हो गई है, और हम कई यूक्रेनियनों को पहली बार एक नया घर खोजने में मदद कर रहे हैं। शरणार्थियों को रखने के लिए हमने 2,000 से अधिक मेजबान परिवार तैयार हैं।''

देश छोड़ चुके रोटेरियनों को घर खोजने में मदद करने के अलावा, रोटरेक्ट मानवीय सहायता भी प्रदान कर रहे हैं; ऐरीना लिखती हैं, ''अब सबसे बड़ी जरूरत है हेलमेट, थर्मल इमेज, बॉडी आर्मर और इसी तरह की चीजों को खोजने की, यूक्रेन के रक्षा बलों के लिए।''

वह कहती है कि ''सबसे ज्यादा तकलीफ की बात तो यह है कि वे यूक्रेन में लोगों के लिए भोजन और पानी जैसे साधारण ज़रूरतों को पूरा करने में भी समर्थ नहीं हैं, क्योंकि रूसी सेना हमें नागरिकों को मानवीय सहायता देने से रोक रही है और वे भूख और प्यास से तड़प कर मर रहे हैं।''

उसकी रोटरेक्टर्स की अंतरराष्ट्रीय टीम में 100 से अधिक सदस्य हैं, और यूक्रेन में उनकी टीम के लगभग 50 लोग हैं। वे सभी यूक्रेन में वर्तमान स्थिति की सही जानकारी प्रसारित करने का काम कर रहे हैं; युद्ध क्षेत्र से बच कर निकल आने वाले यूक्रेनियनों के लिए आवास और मेजबान की खोज; उन्हें मानवीय सहायता भेजना और जिन्हें ज़रुरत है उन लोगों को वित्तीय सहायता देना।

इस युवती का कहना था कि उन्होंने जिन लोगों की मदद की है, उन सभी ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए ''हमें वापस नहीं लिखा है, लेकिन हम समझते हैं, क्योंकि वे डरे हुए हैं और तनावग्रस्त हैं, तीन चार दिन से सीमा पर रह रहे हैं ... हमें उनसे धन्यवाद' की अपेक्षा नहीं है। हम सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे लोग सुरक्षित हैं और स्वयं गुजारा करने और दूसरों की मदद करने के लिए उन्हें जो सामग्री चाहिए वो उन्हें प्राप्त तो हो रही है। ये समझने का समय है। पर हाँ, जब कोई हमारी प्रशंसा करता हैं, अच्छा तो लगता ही है!''

इरीना इवानोवा
रोटरी क्लब खार्किव
न्यूलेवल की
सचिव।

हम 100 यूरो ट्रांसफर करते हैं... इस परियोजना पर ही 30,000 यूरो खर्च हुए हैं।''

इन विशेष रसोईयों में ''हम सब्जियां, मांस, आटा, चीनी की आपूर्ति करते हैं और ऐसे स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया है जो 1,000 लोगों के लिए खाना बना सकते हैं।'' इरेना और उसका परिवार खार्किव छोड़ चुके हैं और अब पश्चिमी यूक्रेन में रहते हैं। ''मुझे उम्मीद है युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और हम अपने घरों में सुरक्षित लौट सकेंगे,'' वह कहती हैं।

ल्वीव में रहने वाले रोटरी क्लब ल्विव इंटरनेशनल के सार्वजनिक छवि अध्यक्ष ओरेस्ट सेमोचिएक ने कहा कि वह पिछले 10 दिनों से, युद्ध से बर्बाद हो चुके इस देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों

रोटेरियन युद्ध पीड़ितों को बांटने के लिए राहत रामग्री के साथ।

के साथ समन्वय करने में सहयोग करते हैं। ''कई यूक्रेनियन युद्ध खत्म होने की इंतज़ार में दिन गिन रहे हैं; आज रूसी आक्रमण की तारीख से हमारे संघर्ष का आज 16वां दिन है, और संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि यूक्रेन से दो लाख शरणार्थी पहले ही दूसरे देशों में पलायन कर चुके हैं। 2012 में, हमने एक विशाल स्टेडियम का निर्माण किया था पर आज यह शरणार्थियों के लिए एक बड़ा सुविधा केंद्र बन गया है, यहां एक हॉटलाइन है जहां से लोग कॉल और पंजीकरण कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा कि ''शहर में कर्फ्यू लगा है और गश्त टुकड़ियां भी घूम रही हैं, उनके पास हथियार हैं और कई 'बुरे हादसे' रोकने के लिए उनका शुक्रिया।''

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

PRID कमल संघवी यूक्रेन में भारतीय छात्रों की मदद करते है

रशीदा भगत

जहां यूक्रेन पर जारी हमले ने युद्ध से तबाह इस देश में फंसे हजारों भारतीय छात्रों की कहानियों को उजागर किया, वहीं पूर्व रो ई निदेशक कमल संघवी ने भारतीय छात्रों को यूक्रेन से निकालकर किसी निकटतम संभावित पड़ोसी देश में ले जाने के लिए चुपचाप अपना काम करना शुरू कर दिया था। यह तब भी किया जा रहा था जब हमारी सरकार द्वारा ऑपरेशन गंगा शुरू किया गया था।

रोटरी न्यूज़ से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं वास्तव में भारत में हंगरी के दूतावासमें अर्थव्यवस्था और व्यापार के सलाहकारपैट्रिक मारुज़ का आभारी हूँ कि उन्होंने यूक्रेन में फंसे इतने सारे भारतीय छात्रों को हंगरी की सीमा पार कराने में मदद की।''

विधि का विधान देखिए, जिस दिन हमले शुरू हुए उस दिन संघवी ने क्यूबा, हंगरी और पराग्वे के राजदूतोंके साथ दिल्ली में एक रात्रिभोज आयोजित किया था। ''उस दिन, मैंने मारुज़ को रोटरी पिन लगाया और उन्हें दिल्ली में प्रोग्रेसिव थिंकर्स के रोटरी ई-क्लब में एक रोटेरियन के रूप में शामिल किया। उस क्लब की चार्टर अध्यक्ष जूलिया गंगवानी है'' और वह स्वयं व्यापार और व्यवसाय में होने के नाते इन दूतावासों और राजनयिकों के साथ अच्छी तरह सी जुड़ी हुई है।

जैसा ही संघवी को यूक्रेन में फंसे अपने बच्चों के बारे में चिंतित रोटेरियनों के फोन आना शुरू हुए जो उनसे उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने में मदद मांग रहे थे, उन्होंने मारुज़ और जूलिया से मदद मांगी।

''और उन्हें भारत में हंगरी के दूतावास द्वारा बहुत मदद मिली जिसका श्रेय मेरे दयालु रोटेरियन दोस्त मारुज़ को जाता है जिन्होंने इस मुद्दे पर व्यक्तिगत रुचि दिखाते हुए हस्तक्षेप किया। 15 से 20 ऐसे छात्र रहे होंगे जो हंगरी की सीमा तक पहुंचने में कामयाब रहे और मैंने मारुज़ के साथ उन सभी के नंबर साझा किए। क्या आप कल्पना कर सकते है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक छात्र को फोन किया और

बाएं से: जूलिया गंगवानी, चार्टर अध्यक्ष, रोटरी ई-क्लब ऑफ प्रोग्रेसिव थिंकर्स; PRID कमल सांघवी; पैट्रिक मारुज़, आर्थिक और वाणिज्यिक परामर्शदाता, भारत में हंगरी के दूतावास और पराग्वे के राजदूत फ्लेमिंग राउल डुआर्टे रामोस।

उन्हें आश्वासन दिया कि वे हंगरी में सुरक्षित होंगे और हंगरी की सरकार ने उनके तत्काल आवास की व्यवस्था कीऔर उन्हें भोजन दियाजब तक कि वे घर वापसी हेतु हवाई अड्डे के लिए रवाना नहीं हो गए।''

मारूज़ उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में करने से शर्मा रहे थे। *रोटरी न्यूज़* से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''मुझे ज्यादा कुछ नहीं करना पड़ा क्योंकि भारत सरकार का ऑपरेशन गंगा सुचारू रूप से चला। ऐसा कहने के बाद, वह धीरे से खुलासा करते है कि उन्होंने हंगरी की सीमा पार करने वाले कुछ भारतीय छात्रों को वित्तीय सहायता और बुडापेस्ट में अपने फ्लैट में ठहरने की पेशकश की क्योंकि वहाँ उनके पास कोई जगह नहीं थी। लेकिन उन्हें आवास की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वे जल्द ही घर लौटने वाले थे।'' संयोग से, बुडापेस्ट इन सीमाओं से लगभग 300-400 किमी दूर है।

लेकिन मारुज़ ने उन भारतीय छात्रों के लिए एक पुल की महत्वपूर्ण भूमिका निभाईजो कीव और खार्कीव से हंगरी तक पहुँचने में कामयाब रहे पर उन्हें वहां के भारतीय दूतावास से संपर्क करने में समस्या आ रही थी। ''हंगरी का भारतीय दूतावास मदद के अनुरोधों से भर गया था; मैं भारतीय दूतावास में काम करने वाले कुछ भारतीय और हंगेरियन कर्मचारियों को जानता हूँ इसलिए मैंने भारत में रोटरी से मदद मांगने वाले उन छात्रों का इन कर्मचारियों से संपर्क कराया। बाकी काम भारतीय दूतावास ने किया।''

भारतीय छात्र सिद्धार्थ अपने पिता के श्रीधरन के साथ जो रोटरी क्लब तिरुपुर वेस्ट के सदस्य हैं।

साथ ही उन्होंने फंसे हुए छात्रों को भोजन और आश्रय प्रदान करने के लिए उस क्षेत्र के एक रोटरी क्लब के साथ भी संपर्क किया।

एक और महत्वपूर्ण भूमिका जो उन्होंने निभाई वो एक अनुवादक की थी! ''हंगरी की सीमा पर कुछ लोग थे जो अंग्रेजी नहीं बोलते थे, इसलिए कुछ भारतीय छात्रों को समस्या आई। चूंकि उनके पास मेरा मोबाइल नंबर था उन्होंने मुझे फोन किया और मैं उन रक्षकों से बात करने में उनकी मदद कर सका।'' उन्हें केरल के कुछ माता-पिता से उन हताश छात्रों के लिए एक बस का इंतजाम करने का अनुरोध भी मिला और उन्होंने मदद की।

संघवी ने आगे कहा, ''जरा कल्पना कीजिए कि उन युवाओं को हंगरी सरकार के एक प्रतिनिधि से अपने मोबाइल फोन पर बात करते हुए इस बात का आश्वासन पाना कैसा लगा होगा कि उस देश में उनकी देखभाल की जाएगी।'' उनके आभारी क्लब की अध्यक्ष जूलिया कहती है, ''हमें गर्व है कि वह हमारे क्लब में है।'' संयोग से, संघवी ने क्यूबा के राजदूत को एक रोटेरियन बनने और उसी क्लब में शामिल होने के लिए भी प्रेरित किया।

अंत भला तो सब भला। ''अनेक आभारी माता-पिताओं ने मुझे फोन करके धन्यवाद दियाऔर बताया कि उनके लिए दिल्ली स्थित हंगरी के दूतावास से फोन आना कितना अद्भुत था, उन्हें यह बताने के लिए कि उनका बच्चा हंगरी में सुरक्षित है और वो जल्द ही घर लौट आएगा,'' संघवी ने आगे कहा। ■

यूक्रेन संघर्ष पर रो ई का बयान

यह यूक्रेन और दुनियाभर के लोगों के लिए एक दुखद और संघर्षपूर्ण समय है।

रोटरी में हम यूक्रेन में बिगड़ते हालात और वहाँ के लोगों के जीवन को पहुँचने वाले नुकसान और मानवीय कठिनाई को लेकर चिंतित है। यूक्रेन के खिलाफ जारी यह सैन्य कार्यवाही न केवल इस क्षेत्र को तबाह कर देगी बल्कि इससे यूरोप और दुनिया भर में दुखद परिणाम होने का भी जोखिम है।

दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संगठनों में से एक होने के नाते हमने शांति को अपने वैश्विक मिशन की आधारशिला बनाया है। हम तत्काल संघर्ष विराम, रूसी सैन्य बलों की वापसी और बातचीत के माध्यम से इस संघर्ष को हल करने के लिए राजनयिक प्रयासों की बहाली का आह्वान करने में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ शामिल हुए है।

पिछले दशक में यूक्रेन, रूस और आस-पास के देशों के रोटरी क्लबों ने राष्ट्रीय मतभेदों को सुलझाया है और वे सद्भावना को बढ़ावा देने और युद्ध एवं हिंसा के पीड़ितों की सहायता हेतु शांति-निर्माण परियोजनाओं में सक्रिय रूप से लगे हुए है। आज, हमारी चिंता हमारे साथी रोटरी सदस्यों और यूक्रेन में अन्य लोगों के साथ इन दुखद घटनाओं का सामना करने वालों के लिए है। रोटरी अंतर्राष्ट्रीय इस क्षेत्र को सहायता, समर्थन पहुँचाने और यहाँ शांति लाने के लिए जो बन पड़ेगा वो सब कुछ करेगी।

©Rotary International

रोटरी फाउंडेशन यूक्रेन क्षेत्र में प्रत्यक्ष मानवीय सहायता के लिए कोष का सृजन करता है

यूक्रेन में गहराते मानवीय संकट की प्रतिक्रिया स्वरुप, रोटरी फाउंडेशन ने दुनिया भर के रोटरी सदस्यों द्वारा धन का योगदान करने के लिए मुख्य रूप से एक आधिकारिक कोष का गठन किया है, जिसका नाम है 'डिजास्टर रिस्पांस फण्ड' (आपदा प्रतिक्रिया कोष) जिसका उपयोग रोटरी मंडलों द्वारा चलाये जा रहे राहत कार्यों में सहयोग करने के लिए किया जाएगा।

अभी तक इसके लिए रोटरी फाउंडेशन ने निम्न स्वीकृति दी है:

- अब से 30 जून, 2022 तक, यूक्रेन में और यूक्रेन की सीमा से लगे रोटरी मंडल, आपदा प्रतिक्रिया कोष से 50,000 डॉलर तक के अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन त्वरित आपदा प्रतिक्रिया अनुदानों का उपयोग शरणार्थियों या इस संकट के अन्य पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए किया जा सकता है, जिसमें पानी, भोजन, आश्रय, दवा और कपड़े जैसी वस्तुएं शामिल हैं।
- इसी अवधि के दौरान, अन्य प्रभावित रोटरी मंडल जो अपने मंडल में शरणार्थियों या इस संकट से प्रभावित अन्य पीड़ितों की मदद करना चाहते हैं, आपदा प्रतिक्रिया कोष से 25,000 डॉलर के अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अब से 30 अप्रैल, 2022 तक, आपदा प्रतिक्रिया कोष में सहयोग करने के लिए, रोटरी मंडल अपने अनावंटित डिस्ट्रिक्ट डेसिग्नेटेड फण्ड (डीडीएफ) भी स्थानांतरित कर सकते हैं, जो प्रत्यक्षतः इन यूक्रेन-निर्दिष्ट मानवीय अनुदानों में सहयोग करते हैं।
- यूक्रेन की सहायता के लिए आपदा राहत कोष में योगदान *https://my.rotary.org/en/disaster-response-fund* पर भी किया जा सकता है। यूक्रेनी राहत प्रयासों की सहायता में उपयोग के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए, आपदा प्रतिक्रिया कोष में 30 अप्रैल, 2022 तक अपेक्षित धनराशि प्राप्त हो जानी चाहियें।

हालांकि रोटरी फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे सहयोग का मुख्य मार्ग आपदा प्रतिक्रिया कोष होगा लेकिन यूक्रेन में मानवीय संकट के प्रति अपनी प्रतिक्रिया जताने के लिए रोटरी और रोटारैक्ट क्लबों को भी प्रोत्साहित किया जाता है।

आपदा प्रतिक्रिया कोष के माध्यम से दी गई सहायता के अलावा भी, फाउंडेशन अपने सहयोगी भागीदारों और क्षेत्रीय नेताओं के साथ समन्वय कर रहा है और बढ़ी हुई मानवीय आवश्यकताओं के कारगर और सार्थक समाधान खोज रहा है।

- यूक्रेन और पड़ोसी देशों में विस्थापित होने वालों की जरूरतों के लिए तैयारी और उनकी सहायता करने के लिए - हम अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र हाई कमीशन ऑन रिफ्यूजी के संपर्क में हैं।
- आपदा प्रतिक्रिया के लिए हमारे प्रोजेक्ट पार्टनर, ShelterBox, पूर्वी यूरोप में रोटरी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि अस्थायी आवास और अन्य आवश्यक आपूर्ति के सन्दर्भ में वो किस प्रकार सहायता कर सकता है।
- रोटरी एक्शन ग्रुप फॉर रिफ्यूजीज़, फोर्स्ड डिस्प्लेसमेंट एंड माइग्रेशन भी इस संकट काल में सहायता के लिए अपने संसाधन एकत्रित कर रहा है।

करीब दस लाख लोग यूक्रेन छोड़ कर भाग गए हैं और उन्हें आपातकालीन सहायता की अत्यंत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि विस्थापितों की संख्या 50 लाख तक पहुंच सकती है। यूरोप और दुनिया भर में रोटरी क्लबों ने अपने राहत कार्य तेज कर दिए हैं, वहीं कुछ क्लब, विस्थापित परिवारों की मदद के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।

हम यूक्रेन और इसके पड़ोसी देशों में लगातार स्थिति पर नज़र रख रहे हैं। इस कार्य में क्लब किस प्रकार जुड़ सकते हैं और रोटरी सदस्यों ने अभी तक क्या काम किये है और इस क्षेत्र के लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है, इस सम्बन्ध में ताज़ा जानकारी के लिए *MyRotary* पर जाएं और सोशल मीडिया पर रोटरी का अनुसरण करें।

अन्य सभी प्रश्नों और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, कृपया *rotarysupportcenter@rotary.org* पर संपर्क करें।

©Rotary International

WWS14
WASH AWAY POLIO

पंजीकरण करें! ह्यूस्टन, यूएसए शुक्रवार, 3 जून 2022

उचित तकनीकें और अच्छी आदतें बीमारी से बचाती है

अवरोध के माध्यम से बीमारी को फैलने से रोकें: बेहतर आदतों के साथ उचित तकनीकों का उचित उपयोग। रोगाणु - जो हमें बीमार करते है - मल से किसी अन्य व्यक्ति के मुंह तक पहुँच सकते है जिससे वे व्यक्ति बीमार होते है। ऐसा कई तरीकों से हो सकता है जो प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देते। प्रभावी जल प्रबंधन, स्वच्छता और साफ-सफाई बीमारी को रोकने में प्रभावी अवरोधों की भूमिका निभा सकते है। आपके WASH कार्यक्रम स्वस्थ रहने में हमारी मदद कैसे कर सकते है इस बारे में अधिक जानने के लिए हमारे साथ जुड़ें!

विश्व जल शिखर सम्मेलन 14 के लिए रोटरी कन्वेंशन से एक दिन पहले, शुक्रवार, 3 जून को हमसे जुड़ें।

Rotary | WASH Rotary Action Group WATER · SANITATION · HYGIENE

For registration information see:
wash-rag.org

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी एक बेजान नदी में जान डालती है

किरण ज़ेहरा

रोटरी क्लब रूद्रपुर, रो ई मंडल 3110, के सदस्यों ने फरवरी के मध्य में उत्तराखंड के रूद्रपुर में कल्याणी नदी के किनारे ₹20 लाख लागत वाली एक महत्वाकांक्षी हरियाली और कायाकल्प परियोजना के अंतर्गत पौधा रोपण करते हुए एक दोपहर बिताई। कल्याणी वाटिका की सफाई और उसके रखरखाव में नदी के किनारे रहने वाले स्थानीय लोग, रोटरेकटर, कॉलेज के छात्र, स्वयंसेवक और स्थानीय राजनेता शामिल हुए। ''हमारी नदियाँ जनसंख्या और विकास के दबाव के कारण लुप्त हो रही है। बाढ़ और सूखा लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि मानसून के दौरान इन लुप्त नदियों में जान आ जाती है और बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद ये सूख जाती है। जलवायु परिवर्तन का संकट अब तक के उच्चतम स्तर पर है। हम अपनी नदियों को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते, क्लब के सदस्य और इस परियोजना के आरंभकर्ता,'' डॉ डी के भट्ट कहते है।

क्लब की एक बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करने वाले भट्ट कहते है, प्लास्टिक और रासायनिक कचरा, पुराने फर्नीचर, कपड़ों के ढेर, इस्तेमाल किए गए चेहरे के मास्क और कभी-कभी मरे हुए जानवर भी नदी में तैरते नज़र आते है, ''जो इसे एक भयानक दृश्य बनाते है और

ऊपर और बाएं: रुद्रपुर में कल्याणी नदी की सफाई करते रोटेरियन और बच्चे।

नीचे: रोटेरियन एक वृक्षारोपण अभियान पर।

इससे एक असहनीय गंध निकलती है'' और लगभग प्रत्येक सदस्य इसके बारे में कुछ करना चाहते थे।

परियोजना टीम को पता चला कि यह नदी कभी शहर के लिए पानी का प्रमुख स्रोत हुआ करती थी। ''दुर्भाग्य से हमने इसे जनसंख्या विस्फोट और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के चलते खो दिया, वह कहते है। एक योजना बनाकर क्लब ने नगर निगम से संपर्क किया। महापौर और नगर आयुक्त दोनों ही हमारी इस योजना से प्रभावित हुए और हमें काम शुरू करने की आधिकारिक अनुमति दी गई।''

क्लब ने नदी के इतिहास पर एक डाक्यूमेंट्री भी जारी की जिसके परिणामस्वरूप लोगों ने इसे प्रदूषित करने वाले औद्योगिक अपशिष्ट के प्रवाह को बंद करने हेतु एक ऑनलाइन अपील की। स्थानीय समुदाय को जागरूक करने और इस उद्देश्य के लिए उनका समर्थन प्राप्त करने हेतु क्लब के सदस्यों, रोटरेक्टरों और स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिताएं और जागरूकता अभियान आयोजित किए गए। नदी के किनारे रहने वाले समुदाय के बच्चे इन नुक्कड़ नाटकों और लगातार आयोजित किए जा रहे जागरूकता अभियानों से इतने प्रेरित हुए कि ''वे भी इसकी सफाई में स्वयंसेवा करना चाहते थे।'' जहां कुछ ''हमारी साप्ताहिक जागरूकता रैलियों में शामिल हुए, वहीं लगभग 10 बच्चे दस्ताने पहनकर बागवानी के उपकरणों के साथ हमारी मदद के लिए साइट पर आ गए। इस सफाई अभियान की तस्वीरें वायरल हो गई और कुछ ही समय में और

लोगों को यहाँ पर सैर के लिए आते देखना, या स्कूली बच्चों को पिकनिक का आनंद लेते देखना बहुत सुकून देता है।

अधिक इच्छुक लोग एवं संगठन हमारे साथ शामिल हुए। अब टाटा केमिकल्स के साथ एक उठ साझेदारी प्रगति पर है।''

प्रारंभिक चरण में, रुद्रपुर के स्वयंसेवकों की मदद से नदी तक जाने वाले 100 मीटर के क्षेत्र को साफ किया गया। ''यह सबसे कठिन कार्य था क्योंकि कचरे के ढेर ने इसे कचरा निपटान स्थल जैसा बना दिया था। सतह को साफ करते हुए पानी तक पहुंचने में हमें कुछ दिन लगे, वह कहते है। नदी की सफाई केवल इसके पानी तक सीमित नहीं है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि कचरे को जिम्मेदारी के साथ अलग किया जाए और जो कुछ भी पुनर्नवीनीकरण किया जा सकता है उसे अलग करके हटा दिया जाए।''

जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

नुक्कड़ नाटक करते युवा।

इसके बाद नदी के तल और गाद की सफाई की गई और नदी को कटाव से बचाने के लिए इसकी मिट्टी को वनस्पति से सुरक्षित किया गया। ''एक जलग्रहण-आधारित दृष्टिकोण न केवल नदी, बल्कि भूमि के स्वास्थ्य में भी सुधार करता है। यह बदले में हमारे शहर के पूरे परिदृश्य को लाभान्वित करेगा,'' क्लब अध्यक्ष विकास शर्मा कहते है।

कल्याणी वाटिका के लिए 2 किमी तक फैली इस नदी के किनारे देशी पेड़ के लगभग 500 पौधे लगाए गए। ''स्थानीय लोगों के आराम करने और नज़ारों का आनंद लेने के लिए एक क्षेत्र में क्लब ने एक दर्जन बेंच और सीटें भी स्थापित की। यह जागरूकता कार्यक्रम के रूप में काम करता है और क्लब की सार्वजनिक छवि को बढ़ाता है,'' शर्मा कहते है।

भट बताते है कि कल्याणी नदी की सफाई और बगीचे की स्थापना इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि कैसे ''रोटरी द्वारा वित्त पोषित और साझेदारी के साथ चलाई जाने वाली परियोजनाओं का स्थानीय समुदाय पर सीधा और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लोगों को यहाँ पर सैर के लिए आते देखना, या स्कूली बच्चों को पिकनिक का आनंद लेते देखना बहुत सुकून देता है। इसके अतिरिक्त हमारे सभी क्लब अब इस वाटिका में अपनी बैठकें आयोजित करने लगे है,'' भट मुस्कुराते है। ■

एक झलक

टीम रोटरी न्यूज़

वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक ओपीडी

क्लब सदस्यों की मौजूदगी में हड्डी रोग सर्जन डॉ सुधीर बाभुलकर ने केंद्र का उद्घाटन करते हुए।

रोटरी क्लब नागपुर मेट्रो, रो ई मंडल 3030 ने 'केंद्रीय न्यूरोलॉजिकल मेडिकल इंस्टीट्यूट' के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बहु-विशिष्ट ओपीडी खोला है। बुजुर्गों को विभिन्न बीमारियों के लिए मुफ्त सलाह दी जाएगी।

रो ई मंडल 3090 छात्रों की फीस प्रायोजित करता है

पटियाला, पंजाब के एक स्कूल में रोटेरियन और छात्रों के साथ डीजी परवीन जिंदल (बीच में)।

प्रोजेक्ट 'प्रयास एक मुस्कान' के तहत, रो ई मंडल 3090 ने कोविड -19 के कारण अपने माता -पिता को खोने वाले 300 छात्रों के लिए ₹5,000 प्रति छात्र, स्कूल फीस का भुगतान किया है। मंडल सीएसआर के उपाध्यक्ष राजीव गोयल ने 100 छात्रों के लिए फीस की व्यवस्था की।

पीडीजी चारी को सर्विस एबव सेल्फ अवार्ड से नवाज़ा गया

पीडीजी कृष्णन वी चरी
रो ई मंडल 3232

रो ई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने हाल ही में पीडीजी कृष्णन वी चारी, रो ई मंडल 3232 को सर्विस एबव सेल्फ अवार्ड से सम्मानित किया। वह इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए दुनिया भर से चुने गए 150 प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं। उन्होंने 1998-2005 के दौरान रोटरी न्यूज़ के संपादक के रूप में कार्य किया।

रो ई मंडल 3232 ने श्रीलंकाई शरणार्थी शिविरों को टीवी सेट उपहार में दिए

डीजी जे श्रीधर (दाएं से तीसरे) और मंडल सचिव आर रविशंकर (दाएं से दूसरे) की मौजूदगी में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन (बाएं से तीसरे) शरणार्थी शिविर में एक टीवी सेट सौंपते हुए।

शरणार्थी कल्याण आयुक्तालय के अनुरोध के बाद, रो ई मंडल 3232 ने 102 श्रीलंकाई शरणार्थी शिविरों को 109 टीवी सेट दान किए, ताकि बच्चों को सरकार के कलवी चैनल पर ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिल सके। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शिविर के प्रतिनिधियों को टीवी सेट भेंट किए।

रोटरी में 25 वर्ष पूर्ण करने पर 500 रोटेरियनों को सम्मानित किया गया

रशीदा भगत

डीजी पंकज शाह सबह को संबोधित करते हुए।

रोटरी में 25 साल पूरे कर चुके रोटेरियन के साथ डीजी पंकज शाह और उनकी पत्नी प्रिया।

आज के युग में जब पूरी दुनिया के रोटरी मंडलों में अधिक से अधिक युवा सदस्यों को सम्मिलित कर रोटेरियन की औसत आयु कम करने की चर्चा हो रही है, ऐसे में रो इ मंडल 3131 डीजी पंकज शाह ने वरिष्ठ रोटेरियनों के प्रति अपार श्रद्धा और सम्मान प्रदर्शित करने के लिए, एक अभिनव कार्यक्रम आयोजित करने का विचार आया, जिन्होंने लंबे समय तक रोटरी के माध्यम से अपने समाज की सेवा की थी और आज भी कर रहे हैं।

''मैंने अपने मंडल की टीम के साथ हमारे मंडल के उन रोटेरियनों को सम्मानित करने के बारे में विचार विमर्श किया, जिन्होंने रोटरी में 25 साल पूरे कर लिए हैं, और पुणे में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर इस संगठन को दी गई सेवाओं के लिए उनमें से प्रत्येक का धन्यवाद कर उन्हें सम्मानित करने पर चर्चा की,'' डीजी शाह कहते हैं।

रोटरी इंटरनेशनल और क्लब के नेताओं की सहायता से प्रक्रिया शुरू हुई कि मंडल में ऐसे कितने सदस्य हैं और मंडल की टीम को ये जान कर सुखद आश्चर्य हुआ, कि रो इ मंडल 3131 में ऐसे 500 रोटेरियन हैं। ''मेरे मन में हमेशा से वरिष्ठ रोटेरियनों के लिए बहुत सम्मान रहा है, जो आज भी अपने रोटरी क्लबों के माध्यम से मानवता की सेवा कर रहे हैं, और इतने सालों से बिना थके मंडल की परवरिश कर रहे हैं। आज भी वे हमारे मंडल में आने वाले रोटेरियन का मार्गदर्शन और उन्हें परामर्श देते हैं,'' उन्होंने कहा।

इस अनूठे समारोह को आयोजित करने के लिए 23 फरवरी, 2022 का दिन निश्चित किया गया था, जब रोटरी अपना 117 वां जन्मदिन मना रही होगी। इस परियोजना का शीर्षक बिलकुल उपयुक्त था, *बागबान;* शाह कहते हैं, ''इस शीर्षक का निर्णय इसलिए किया क्योंकि वो माली ही है जो खरपतवारों को साफ़ कर बड़े प्यार से मिट्टी की उरवाई और देखभाल कर पोषण करता है ताकि उस बगीचे में सुंदर और रंग बिरंगे और फूल खिल सकें।''

जहां एक ही क्लब में 400 से अधिक वरिष्ठ रोटेरियनों ने 25 और उससे अधिक वर्ष पूर्ण कर लिए थे, ''हमें अपने मंडल में ऐसे कई रोटेरियन भी मिले, जो इस अवधि के लिए रोटेरियन तो थे, लेकिन किसी कारण से एक ही क्लब में नहीं थे। हमने उनका सम्मान करने का भी निर्णय किया। क्योंकि उन्होंने भी लंबे समय तक संगठन के विकास में अपना योगदान किया है और अन्य कई रोटेरियनों को प्रेरित भी किया है।''

10 महिला रोटेरियन भी

लेकिन वरिष्ठ रोटेरियन की पहचान करने के इस अभियान के दौरान सबसे दिलचस्प बात ये निकल के आई कि मंडल में ऐसी 10 महिला रोटेरियन थीं, जिन्होंने रोटरी में 25 वर्ष पूरे कर लिए थे। ''यह वास्तव में प्रसन्नता की बात थी क्योंकि 25 साल पहले, रोटरी में शामिल होने वाली महिलाओं का प्रतिशत बहुत कम होता था।''

आज मैं यहां गवर्नर के रूप में खड़ा हूं क्योंकि आपने मुझे योगदान करने और मंडल का नेता बनने के लिए प्रेरित किया।

पंकज शाह
मंडल गवर्नर

सभी 500 की पहचान हो जाने के बाद, उन सभी को अपने जीवन साथी के साथ इस आयोजन में आने के लिए निमंत्रण पत्र डाक और ई-मेल द्वारा भेजे गए थे।

इसे एक विशिष्ट आयोजन बनाने के लिए बहुत सावधानी बरती गई थी, शाह और उनकी पत्नी प्रिया से शुरू होने वाले मंडल के नेताओं ने पारंपरिक महाराष्ट्री परिधान पहने थे और आमंत्रित लोगों को भी इसी तरह के कपड़े पहनने का अनुरोध किया गया था। इससे समारोह स्थल में विविध रंगों की छटा बिखर गई जिसने माहौल को और जीवंत बना दिया था, जहां पारंपरिक सजावट की गई थी वहीं मेहमानों का स्वागत पृष्ठभूमि में ऑर्केस्ट्रा द्वारा बजाये जा रहे पारंपरिक संगीत के साथ किया गया था। प्रत्येक को उनकी एक तस्वीर खींचने के लिए एक विशेष चिन्हित स्थल पर ले जाया गया और उनके घर लौटने से पहले भेंट स्वरुप उनके चित्रों की प्रतियां दी गईं।

समारोह को संबोधित करते हुए शाह बोले, ''आपका स्वागत और सम्मान करना हमारे लिए हर्ष की बात है क्योंकि रोटरी वह संगठन है जिसे वर्षों से आपने ही सींचा है, निर्माण किया है यही वजह है जिसने मुझे 2009 में इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया था। सामाजिक कारणों के प्रति यह आपकी प्रतिबद्धता ही थी जिसने मुझे भी व्यक्तिगत योगदान करने के लिए प्रोत्साहित

किया था। आज मैं यहां गवर्नर के रूप में खड़ा हूं क्योंकि आपने मुझे योगदान करने और मंडल का नेता बनने के लिए प्रेरित किया।

उन्हें निर्माण का श्रेय देते हुए, ''एक मजबूत नींव रखने का, जहां आज हम रो इ मंडल 3131 को खड़ा पाते हैं, जहां सेवा के इतने सारे विकल्पों की बात आती है, तो यह आपके जैसे वरिष्ठ रोटेरियनों द्वारा बनाई गई मजबूत नींव की वजह से ही संभव हो सका,'' उन्होंने कहा।

यह उन्हीं के प्रयास का परिणाम था कि मंडल आईएसओ 9001 अनुपालन करने वाला बन गया; उन्होंने कहा कि टीआरएफ योगदान में यह मंडल भारत में दूसरे नंबर पर है और सदस्यता के मामले में रोटरी विश्व के शीर्ष 5 मंडलों में शुमार है।

रोटरी में इस वर्ष 25 साल पूरे करने वाले समारोह के अध्यक्ष सुरेश नाटू आभार व्यक्त करते

ऊपर: डीजी शाह, प्रिया और अमिता कोटबागी रो ई मंडल 3131 के पूर्व मंडल गवर्नर्स के साथ।

बाएं: सम्मेलन में रोटेरियन।

नीचे: रो ई मंडल 3131 की महिला रोटेरियन।

अपने चेहरे पर चमक और दिलों में उमंग लिए, मंडल नेतृत्व से मिली पहचान और सम्मान से खुश होकर घर लौटे।

हुए अन्यन्त भावुक हो गए। कई वरिष्ठ पीडीजी हैं, जिन्हें भी सम्मानित किया गया और उनकी सराहना की गई। कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर लोगों की प्रतिक्रिया रही: कार्यक्रम उत्कृष्ट था; वे अभिभूत हो गए , प्रतिभागियों ने कहा कि जिस तरह से उन्हें सम्मानित किया गया, वे बहुत ही खास महसूस कर रहे थे। एक रोटेरियन का कहना था कि इस कार्यक्रम में शामिल हो कर बहुत ज़्यादा खुश थे, वो निश्चित थे रोटरी इतिहास में तो इस तरह का कार्यक्रम कभी नहीं मनाया गया।''

एक अन्य ने ''रोटरी दुनिया के सभी गवर्नरों से इस तरह के आयोजन'' का आग्रह किया ''जो न केवल रोटरी की सदस्यता बढ़ाने में मदद करेगा बल्कि लोगों को रोटरी में बने रहने के लिए भी प्रेरित करेगा।''

शाम को रंगारंग कार्यक्रम में लगभग 370 लोगों ने भाग लिया, जिसका समापन एक स्वादिष्ट, पारंपरिक महाराष्ट्रीय रात्रिभोज के साथ समाप्त हुआ।

रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता और रो ई निदेशक महेश कोटबागी ने इस अद्भुत पहल के लिए डीजी को बधाई देते हुए वीडियो सन्देश भेजे। कोटबागी उसी मंडल से हैं और उन्होंने भी रोटरी में 25 साल पूरे कर लिए हैं। RIPN गॉर्डन मक्नेली ने भी एक वीडियो क्लिप के माध्यम से अपना बधाई भेजी थी। कार्यक्रम के दौरान सभी वीडियो क्लिप को स्क्रीन पर दिखाया गया था। डीजीई अनिल परमार, डीजीएन मंजू फड़के और डीजीएनडी शीतल शाह ने भी भाग लिया था।

अंत में, कार्यक्रम ने कई सुपर सीनियर्स (अति वरिष्ठ) के लिए बाहर आने, मिलने और अपने पुराने मित्रों के साथ बातचीत करने का एक शानदार अवसर प्रदान किया था, जो अन्यथा बढ़ती उम्र या स्वास्थ्य कारणों से रोटरी की नियमित बैठकों में शामिल नहीं हो पाते हैं। ''वे अपने चेहरे पर चमक और दिलों में उमंग लिए, मंडल नेतृत्व से मिली पहचान और सम्मान से खुश होकर घर लौटे,'' डीजी शाह ने कहा। ■

Rtn Shekhar Mehta
RI President

Rtn Ramesh Meher
District Governor

GLIMPSES OF

RCNV's EK Nayi Pehchaan - Singer tailoring centre

RC Nagpur Vision embarked upon a landmark project of setting up 'Ek Nayi Pehchaan' Singer tailoring training centre at the Chitnavis Wada, Mahal, Nagpur which was inaugurated on January 28, 2022.

Present during the inauguration were DG Ramesh Meher, Rupali Kale, Director, Provincial Automobiles Co, Hrishikesh Dhanwatey and Rahul Kale, Trustees of Chitnavis Trust, Shivraj Kale, Assistant Governor Mahesh R Lahoti, PDGs Dr Satish Sule and Vishwas Sahasrabhojanee, RCNV president Vikram Naidu, his spouse Shalini Naidu, club secretary Jaishree Chhabrani, Dr Jugalkishor Agrawal, director, Vocational Service, Nidhi Gandhi, Nitya Agarwal, Amit Chandak, Ajay Uplanchiwar, Madhumati Dhawad, Ritika Singhvi, Vivek Garge Deoyani Shirkhedkar, Mrs Nirmala Mokadam, Nisha Thakur, S Puri, Rotarians, spouses, staff of Chitnavis Trust, and the trainees (women and girls) at the Ek Nayi Pehchaan Singer Tailoring Training Centre.

DG Meher said that the district will be opening 20 such centres to train underprivileged women to ensure that they get a decent livelihood. Singer has trained over 3,400 women in the National Capital region under its CSR activity. He also announced new projects like smokeless chulla to benefit rural women.

Club president Naidu explained the modalities of the project and the fundraising through CSR of Provincial Automobiles. Chitnavis Trust has provided the hall at Chitnavis Wada and the staff to conduct the training programme. The Vocational Committee chair Nitya Agarwal took care of the project. Chairperson Nidhi Gandhi conducted the proceedings.

Paper plate making machine donated by RC Nagpur South

Sweekar Ashiyana is an organisation for autistic people. RC Nagpur South sponsored a paper plate making machine which was handed over to the home by DG Ramesh Meher. He appreciated the club and said that motivational speeches will be given by district trainers for parents of these children.

AG Mahesh Lahoti called upon the club to showcase this project as a branding exercise. The programme was attended by club president Vivek Garge, secretary Deoyani Shirkhedkar, PP Satish Raipure, Rtn Ashok Marathe, service director Dr Rajesh Ballal, treasurer Sanjay Dhawad, Anns Dr Leena Ballal, Vanashree Garge and Mamta Gourkhede.

ADVT.

DISTRICT 3030

जीवन RID 3030 RY 2021-22 LIVE LIFE.... GIVE LIFE

SERVE TO CHANGE LIVES

Gardens with open gyms set up by RC Amalner

During the pandemic, these two projects created awareness about health issues to fight Covid. At the end of Rotary year 2020–21 (also end of second Covid wave), a need for health awareness is seen among all age groups. Installing open gym equipment in gardens on the roadside in big cities has been on the agenda for a long time. The plan to develop a garden with separate play area for children and an open gym was planned duirng the last Rotary year by RC Amalner led by then president Abhijeet Bhandarkar. This year's president Vrushabh Parakh and his team finalised the financial aspects for setting up such a facility at two places — one at the Mangalgraha Temple and another at the Rotary Garden Gaytri Colony.

The Mangalgraha Temple is one of the only two temples in India for God Mangal, a famous pilgrim spot where many worshipers visit daily, especially on Tuesday. Families stay there for the whole day. Rotary has developed a garden so that in spare time, the devotees can enjoy the greenery and also make use of the gym equipment installed there. Over one lakh people visit the temple in a week. On Tuesdays alone, over 50,000 visit here. The Rotary garden with gym equipment cost ₹4-5 lakh for the club which also got a donor for this project.

The second project was for families living in and around Gaytri Colony and Patil Colony in the heart of Amalner. The garden is being used by children, elderly men and women and youngsters living in the neighbourhood. Equipment costing ₹2–3 lakh were installed and the residents too contributed to the project. The maintanance is taken care of by a committee formed by the club and senior citizens from the colony.

Club president Parakh, secretary Pratik Jain, IPP Abhijeet Bhandarkar, project chairman Rohit Singhavi, Kirtikumar Kothari and Rotarians supported the project with generous contributions. The club has plans to create such colony gardens with gym equiment in the coming year.

Thalassaemia patients adopted by RC Jalgaon Midtown

Thalassaemia is an inherited blood disorder where there is low production of red blood cells and decreased oxygen carrying capacity in circulation. RC Jalgaon reached out to the Red Cross Society as some of the thalassaemia patients have to undergo frequent blood transfusion. Dr Vivek Vadjikar, president, RC Jalgaon Midtown, decided to extend help. Dr Usha Sharma and Sunanda Deshmukh contributed ₹11,000 to adopt the patients. Dr Vadjikar delivered a speech to create awareness about thalassaemia so that more people will come forward to sponsor the treatment for patients. Dr Aparna Makasare was the project coordinator. The NAT blood test was sponsored for the patients.

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी क्लब कलकत्ता व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करता है

जयश्री

रोटरी क्लब कलकत्ता, रो ई मंडल 3291, ने युवाओं और महिलाओं को तकनीकी कौशल प्रदान करने के लिए दो महत्वपूर्ण पहलें - प्रस्तुति और गति - शुरू की।

प्रोजेक्ट प्रस्तुति के तहत, क्लब ने स्थानीय RCCयों की मदद से पांच दूरस्थ गांवों में कंप्यूटर लैब स्थापित किए। ''जब कोविड महामारी थोड़ी कम होने लगी तो हमने कई बच्चों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए बेचैन और अनिच्छुक पाया। गांव के बच्चों को दोबारा स्कूल जाने में कोई दिलचस्पी नहीं थी और उनके माता-पिता भी इस बात से खुश थे कि उनको परिवार की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसलिए, हम बच्चों को बुनियादी कंप्यूटर शिक्षा देने का विचार लाए ताकि वे सीखने के लिए प्रेरित हो सके,'' क्लब के सामुदायिक सेवा अध्यक्ष अरिंदम रॉय चौधरी कहते है, जिनका लक्ष्य हर महीने कम से कम 500 बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करना है।

एक RCC द्वारा संचालित की जा रही एक कंप्यूटर कक्षा।

क्लब ने सितंबर 2021 में सुंदरबन में स्थित एक दूरस्थ गाँव, दारा, के RCC प्रगति संघ में स्थापित अपनी पहली प्रयोगशाला में दो कंप्यूटरों के साथ केवल चार छात्रों को प्रशिक्षित करने की शुरुआत के बाद एक लंबा सफर तय किया है। जैसे-जैसे यह केंद्र प्रसिद्ध होता गया, इसमें 175 छात्रों के लिए 15 कंप्यूटर आ गए। ''यह संख्या अभी भी बढ़ रही है और हमारे पास प्रतीक्षा सूची में बहुत सारे और छात्र है, वह कहते है। वह विशेष रूप से दो लड़कियों - 18 वर्षीय ममता मंडल और अल्पना सरदार द्वारा की गई प्रगति से खुश है, जिन्होंने पिछले दिसंबर में इस कंप्यूटर केंद्र में दाखिला लिया था। तब तक उन्होंने कंप्यूटर देखा भी नहीं था। अब उन्होंने अपने कॉलेज कोर्स के प्रोजेक्ट्स करके सभी को चकित कर दिया और अब तो उन्होंने अपने CV भी ऑनलाइन डिज़ाइन किए है।''

अगला केंद्र कोलकाता से 140 किलोमीटर दूर बिष्णुपुर के उच्छल प्रबाहा में स्थापित किया गया था। स्थानीय RCC यहां 150 छात्रों के लिए एक स्कूल चलाता है। रोटरी क्लब कलकत्ता ने इसे चार कंप्यूटरों से सुसज्जित करने के साथ 97 बच्चों को प्रशिक्षित किया है।

दार्जिलिंग के बारामंगवा गांव की चिंतन अकादमी में पांच कंप्यूटरों के साथ एक और केंद्र स्थापित किया गया। क्लब द्वारा स्थापित इस स्कूल का उद्घाटन पिछले नवंबर में किया गया था। ''स्थानीय लेप्चा और गोरखा जनजातियों के बच्चों के लिए यह स्कूल और कंप्यूटर लैब दोनों बहुत मदद करेंगे क्योंकि इस पहाड़ी इलाके में उचित शिक्षा सुविधाएं नहीं है,'' चौधरी कहते है। इस लैब में पच्चीस विद्यार्थी नामांकित है।

चौथा केंद्र अयोध्या पहाड़, पुरुलिया, में RCC जादूगोडा अधिभाशी विकास केंद्र नाम से स्थापित किया गया है। यहां भी RCC 200 बच्चों के लिए एक आवासीय-सह-दिवसीय स्कूल चला रहा है। इस लैब में सौ आदिवासी छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, ''अधिक गांवों में और अधिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। हम इन पिछड़े, दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को मुख्य रोजगार कौशल के साथ प्रशिक्षित करना चाहते है ताकि वे एक अच्छी

आजीविका कमा सकें,'' वह कहते है। हर पाठ्यक्रम छह महीने का होता है और कंप्यूटर की सभी बुनियादी शिक्षा जैसे कि प्रेज़न्टेशन बनाना, डेटाबेस बनाना, इंटरनेट ब्राउज़ करना और मेल भेजना एवं प्राप्त करना सिखाया जाता है। कक्षा 6 के बच्चे भी डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का हिस्सा है। यह क्लब इसके लिए एकत्रित की गई एक विशेष राशि के माध्यम से प्रशासन, रख-रखाव और सभी संबंधित खर्चों का ध्यान रखता है।

महामारी के बाद, जब स्कूल फिर से खुल गए तो इस क्लब ने बच्चों को स्कूल जाने हेतु प्रेरित करने के लिए उन्हें स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित की।

सिलाई कक्षाएं

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका का समर्थन करने के लिए क्लब ने पश्चिम बंगाल के दूरस्थ गांवों में प्रोजेक्ट गति के अंतर्गत सिलाई संस्थान स्थापित किए है। ''कोविड ने हर किसी के जीवन को उलट-पलट दिया, लेकिन यह वंचितों के अस्तित्व के लिए बदतर साबित हुआ। उनके लिए, अतिरिक्त आय बहुत मायने रखती है। सिलाई कक्षाएं बेहतर रोजगार अवसरों के साथ महिलाओं की मदद करेंगी,'' चौधरी कहते है।

क्लब ने मंडल के विभिन्न RCCयों में निर्माता से खरीदी गई 40 सिंगर सिलाई मशीनें स्थापित की। यह सामुदायिक सेवा समिति लाभार्थियों की पहचान करने में RCC सदस्यों के साथ समन्वय करती है। सभी RCCयों में इन सिलाई संस्थानों को 'सिलाई स्कूल' नाम दिया गया है।

इन सिलाई कक्षाओं का नवंबर में शुरू हुआ पहला बैच विभिन्न गांवों की 150 महिलाओं को प्रशिक्षित करता है। प्रत्येक 6 महीने के पाठ्यक्रम

हम इन पिछड़े, दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को मुख्य रोजगार कौशल के साथ प्रशिक्षित करना चाहते है ताकि वे एक अच्छी आजीविका कमा सकें।

बाएं से: क्लब के प्रोजेक्ट गति के तहत एक सिलाई संस्थान में शास्वती और अरिंदम रॉय चौधरी, तंद्रा सरकार और सौमेन रे।

में उन्हें सलवार सूट, ब्लाउज, पेटीकोट, बेडशीट, बैग और पाउच की सिलाई सिखाई जाती है। ''हम उन्हें अपनी स्वयं की सिलाई इकाइयों की स्थापना करने और उनके उत्पाद के लिए उचित बाजार की पहचान करने में उनकी सहायता करेंगे,'' वह कहते है। RCC सदस्य दोनों कार्यक्रमों के लिए योग्य शिक्षकों की भर्ती में मदद करते है और स्थानीय थोक बाज़ारों में महिलाओं द्वारा सिले गए उत्पादों का विपणन भी कर रहे है।

हसनाबाद के RCC जॉयग्राम समाज कल्याण में स्थापित इस सिलाई स्कूल को सरकारी स्कूलों के लिए 1,400 स्कूल यूनिफॉर्म सिलने का ऑर्डर मिला है। ''महिलाएं उत्साहित है और काम करने के लिए तैयार है।''

प्रोजेक्ट गति को क्लब और ईस्टर्न इंडिया रोटरी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा समान रूप से वित्त पोषित किया जाता है। दोनों परियोजनाओं के अंतर्गत परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

6 मार्च को, क्लब ने RCC प्रगति संघ, दारा, में अपने मोबाईल रिपेयर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया और अब वहाँ 25 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

हाल ही में क्लब ने रामकृष्ण मिशन, दक्षिणेश्वर, द्वारा संचालित 100 बिस्तरों के अस्पताल रामकृष्ण शारदा मातृ भवन में ₹60 लाख की लागत से 18-बिस्तरों वाला एक परिष्कृत बाल चिकित्सा वार्ड स्थापित किया। यह अस्पताल क्लब द्वारा रेफर किए गए रोगियों को अपनी मौजूदा सब्सिडी से 50 प्रतिशत की अतिरिक्त रियायत प्रदान करेगा। ''इस परियोजना को हमारी अध्यक्ष सुजाता पाइन के नेतृत्व में पूरी तरह से केवल महिला सदस्यों द्वारा निष्पादित किया गया।'' इस क्लब में 278 सदस्य है जिनमें 60 महिलाएं शामिल है। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

लड़कियों के लिए एक विचारशील मासिक-धर्म स्वच्छता किट

किरण ज़ेहरा

रोटरी क्लब देवनार के सदस्य एक स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता किट वितरित करने के बाद छात्रिओं के साथ।

एक मासिक-धर्म स्वच्छता-किट की सामग्री को उस समुदाय में महिलाओं और लड़कियों की सलाह और वरीयताओं को ध्यान में रखते हुए रखा जाना चाहिए, जिसकी आप मदद करने की योजना बना रहे हैं। कभी-कभी यह मुफ्त सैनिटरी-नैपकिन देने से अधिक ज़रूरी होता है,'' सुधीर मेहता, अध्यक्ष रोटरी क्लब देवनार, रोई मंडल 3141 कहते हैं। प्रोजेक्ट रेड के माध्यम से, क्लब वंचित पृष्ठभूमि से स्कूली लड़कियों को संदर्भ-विशिष्ट वस्तुओं का वितरण कर रहा है।

प्रारंभ में क्लब ने अपने आरसीसी की मदद से किशोर छात्राओं की मासिक धर्म संबंधी आवश्यकताओं का अध्ययन करने के लिए मुंबई के बाहरी इलाके के स्कूलों का दौरा किया।

प्रोजेक्ट-चेयर डॉ राजश्री मोकाशी यह जानकर हैरान रह गईं कि कई लड़कियां खराब मासिक -धर्म स्वच्छता-प्रबंधन के कारण स्कूल नहीं जा रही थीं। ''शिक्षकों और कुछ छात्राओं ने संकोचपूर्वक हमें बताया कि उनके पास सैनिटरी-नैपकिन रखने के लिए कोई अंडरवियर नहीं था। हमने महसूस किया कि यह मुद्दा नैपकिन की उपलब्धता के बारे में नहीं था, यह अधिक बुनियादी था और हमें इसे सार्थक तरीके से संबोधित करना था।'' मासिक धर्म स्वच्छता किट में अधिक आइटम जोड़े गए, जिसमें अब अंडरवियर, सैनिटरी-नैपकिन, हाथ और डिटर्जेंट साबुन, सैनिटाइजर और एक तौलिया शामिल हैं।

''महिलाओं और लड़कियों की गरिमा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामुदायिक भागीदारी और सुरक्षा पर सीधा प्रभाव डालने के अलावा, इन किटों का प्रावधान इन लड़कियों के लिए यौन, प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकारों पर शैक्षिक सामग्री पेश करने के लिए भी एक प्रवेश बिंदु है, जिन्हें हमेशा बताया गया है कि पीरियड्स वर्जित हैं,'' राजश्री बताती हैं।

प्रोजेक्ट रेड के तहत जागरूकता कार्यक्रम मासिक धर्म से जुड़े कलंक और चुनौतियों का समाधान करता है। ''लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह छात्रों को इसके पीछे के जीवविज्ञान को समझाने में मदद करता है,'' वह कहती हैं। क्लब का उद्देश्य मुंबई में कर्जत, चेंबूर और मानखुर्द की झुग्गी-बस्तियों के आसपास के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के बीच स्वच्छता प्रबंधन में एक सतत परिवर्तन के लिए ज्ञान का प्रसार करना है। एक डीडीएफ ने पहले 1,000 मासिक धर्म स्वच्छता किट को वित्त पोषित किया। क्लब के सदस्यों ने शेष 3,000 किट के लिए धन जुटाया।

अन्य परियोजनाएं

शताब्दी अस्पताल, मुंबई से बेबी वार्मर्स के लिए अनुरोध प्राप्त करने के बाद, मेहता और राजश्री ने

बीएमसी द्वारा संचालित अस्पताल में नवजात इकाई का दौरा किया, उन्हें यह पता लगा की इसमें उच्च उपलब्धता थी, पर अधिकांश उपकरण पुराने थे। नवजात-पीलिया जैसे मुद्दों के लिए अन्य अस्पतालों में नवजात स्थानांतरण की संख्या अधिक थी। बेबी वार्मर्स के बजाय, क्लब ने चार फोटोथेरेपी-इकाइयों को दान किया और इस नवजात इकाई को गोद लेने का फैसला किया।

मुंबई के तंदरुस्त भारत फाउंडेशन के सहयोग से क्लब ने मानखुर्द के बाल कल्याण नगरी, बाल गृह, जिसमें 60 से अधिक बच्चे है, में एक वाटर-फिल्टर स्थापित किया है। क्लब ने बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (BEST) बस ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए कैंसर का पता लगाने के लिए एक शिविर का आयोजन किया, जो मुंबई के एक गैर - लाभकारी संगठन 'कैंसर पेशेंट्स एड्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। गोवंडी में 'बेस्ट शिवाजी नगर बस डिपो' में 100 से अधिक व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की ■

मुंबई के शताब्दी अस्पताल में क्लब द्वारा दान की गई फोटोथेरेपी यूनिट की मदद से एक शिशु का इलाज।

2022 कन्वेंशन

ब्रेक-आउट सत्र

जॉन एम कनिंघम

प्रत्येक वर्ष रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन की मुख्य बातों में से एक इसकी ब्रेकआउट सत्रों की विस्तृत श्रृंखला है। ये सत्र उन विषयों का पता लगाने के अवसर प्रदान करते हैं, जो आपकी रुचि में शामिल हैं और अपने साथी रोटरी सदस्यों से प्रेरणा एकत्र करते हैं। ह्यूस्टन, 4 -8 जून, 2022 सम्मेलन में, आप दर्जनों ब्रेकआउट सत्रों में से चुन सकते हैं जो आपको अपने नेतृत्व कौशल को तेज करने और अपने क्लब की सदस्यता को मजबूत करने, टिकाऊ परियोजनाओं को लागू करने और अधिक विषयों के बारे में नए विचार प्राप्त करने में मदद करेंगे।

कुछ सत्र सदस्यता विषयों को कवर करते हैं, जैसे कि आपके क्लब को बढ़ने में मदद करना (आपका क्लब - विशिष्ट सदस्यता विकास योजना बनाना), विविधता, इक्विटी और व्यवहार में शामिल करना (अपने क्लब को विविधता प्रदान करने के लिए रोडब्लॉक को खत्म करना), और लचीला बैठक मॉडल के लिए अनुकूल होना (हाइब्रिड मीटिंग्स के बारे में प्रचार क्या है?)

सेवा पर ध्यान केंद्रित करने वाले सत्रों में वे शामिल हैं जो सफल परियोजनाओं (डिजाइनिंग परिणाम - आधारित सेवा परियोजनाएं) को विकसित करने के लिए सुझाव प्रदान करते हैं, विशिष्ट गतिविधियों के समन्वय के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं (एक स्थानीय व्यसन निवारण गतिविधि संचालित करना) और अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए रणनीतियों को बढ़ावा देते हैं (अपने क्लब के प्रभाव को बढ़ाना और रोटरी सामुदायिक कोर के माध्यम से पहुंचना)।

आप युवा नेताओं (युवा कार्यक्रमों के माध्यम से रोटरी के भविष्य का निर्माण) को संलग्न करना सीख सकते हैं, अपनी रोटरी कहानी (रोटरी को बढ़ावा देने के लिए संसाधन पर से रहस्य हटाना) साझा करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को सुन सकते हैं, और संगठन का नेतृत्व कहां है (भविष्य के लिए रोटरी की कार्य योजना) का अवलोकन प्राप्त कर सकते हैं।

ब्रेकआउट सत्र 6 -8 जून को आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है; बैठने की सुविधा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

और अधिक जानने तथा पंजीकरण करने के लिए यहाँ **convention.rotary.org** पर जाएँ।

Rotary PEOPLE OF ACTION

ऐनेट्स एक जल संरक्षण अभियान पर

जयश्री

मद्रास मिडसिटी और चेन्नई मेट्रो-ज़ोन के रोटरी क्लबों के सदस्यों, रो ई मंडल 3232, 'मंडल जल मिशन' के अध्यक्ष अजीत नायर के समर्थन के साथ, क्लब की पर्यावरण सहायता परियोजनाओं के हिस्से के रूप में पानी बचाने में मदद करने के लिए घरों और कार्यालयों में नल-जलवाहक स्थापित किया गया।

जलवाहक नल में फिट होनेवाला एक छोटा उपकरण है, जो हवा के साथ पानी को मिश्रित करता है और पानी के दबाव को प्रभावित किए बिना एक नल से पानी के प्रवाह को नियंत्रित करता है।

''हमने बच्चों को, दोस्तों और परिवारों के बीच इन उपकरणों को बढ़ावा देने के लिए शामिल किया और वे ऐसा करने के लिए उत्साहित थे। उन्होंने इस परियोजना को डिजाइन और निष्पादित किया है,'' रोटरी क्लब मद्रास मिडसिटी के सदस्य सेनिथ मैथ्यूज कहते हैं। मेट्रो-ज़ोन अपार्टमेंट परिसर जहां वह रहते हैं, पानी की बचत करनेवाले उपकरण को बढ़ावा देने के लिए पायलट स्थल के रूप में चुना गया था।

''हम रोमांचित थे जब अप्पा ने हमसे पूछा कि क्या हम अपने क्षेत्र और दुनिया के लिए पानी बचाने में भाग लेना चाहते हैं। बेशक हमने हां कहा,'' उनकी 13 वर्षीय बेटी जोआना कहती है। वह और उसके अपार्टमेंट परिसर में रहने वाले 25 दोस्त एक साथ मिल गये और नल-जलवाहक फिट करने के लिए कैसे और कितना पानी बचाया जा सकता है, यह समझाने के लिए एक डेमो वीडियो शूट किया। ''मेरे दोस्त हन्ना ने इसमें अभिनय किया और वीडियो को एक अन्य दोस्त अर्जुन ने संपादित किया। हमने टाइमर को पांच सेकंड के लिए सेट किया और हन्ना ने जलवाहक उपकरण के बिना एक नल से पानी एकत्र किया और फिर यह उपकरण फिट करने के बाद फिर से एकत्र किया। पहले बोल ने 1.1 लीटर पानी वितरित, और दूसरा सिर्फ 0.3 लीटर पानी। यहां तक कि अगर उसके परिसर में केवल 60 अपार्टमेंट केवल एक जलवाहक उपकरण फिट करते हैं, तो हम एक वर्ष में 12.34 करोड़ लीटर पानी बचाएंगे, जो 5,143 पानी के टैंकरों के बराबर है!''

बच्चों ने संदेश देने के लिए पोस्टर डिज़ाइन किए। ''हमारे पास कई विचार थे - जिसे हमने ज़ूम सत्रों और व्यक्तिगत रूप से मंथन किया। यूट्यूब पर अपलोड किए गए वीडियो को निवासियों के साथ साझा किया गया और विशाल परिसर में पोस्टर चिपकाए गए।''

एक बार प्रचार हो जाने के बाद, इस जलवाहक-उपकरण के लिए आर्डर मांगने का समय था। तकनीक - प्रेमी बच्चों ने Google

मेट्रो-ज़ोन अपार्टमेंट के युवा जाल सरक्षणवादी।

हन्ना एक डेमो देती हुई।

फॉर्म पर ऑर्डर फॉर्म डिज़ाइन किए और उन्हें पड़ोसियों में बांटा गया। उन्हें शुरुआत में 500 ऑर्डर मिले और क्लबहाउस और अन्य सामान्य क्षेत्रों में उपकरणों को फिट करने के लिए अपनी जेब-खर्च में सेंध लगायी गयी। ''हमने जलवाहक-उपकरण को कॉम्बो पैक में रसोई और वॉशबेसिन नल से जोड़ने के लिए ₹150 -200 में फिट करने के लिए बेचा।

बच्चों ने व्यक्तिगत रूप से रहिवासियों को उपकरण वितरित किए। वितरण के अंतिम दिन, उन्हें पता चला कि कुछ निवासियों को कोविड हुआ था, तब इन ऑर्डर्स तक पहुंचने और इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण के माध्यम से धन एकत्र करने के लिए उचित कोविड-सावधानी बरती गई।

ओमीक्रॉन लहर के दौरान एक संक्षिप्त विराम के बाद, परियोजना पूरी तरह से चल रही है, और बड़े अपार्टमेंट परिसरों से संपर्क किया जाएगा।

मैथ्यूज कहते हैं कि बच्चे पर्यावरण से संबंधित अन्य गतिविधियों जैसे सफाई और रीसाइक्लिंग और कचरे को अलग करने के लिए बढ़ावा देने में भी सक्रिय हैं। ''जिस तरह से वे सीख रहे हैं, यह उन्हें वयस्कों के रूप में बड़े होने पर अब भविष्य में और अधिक परिवर्तन के महत्वपूर्ण एजेंट बना देगा।''

तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से जिला-जल-मिशन ने विभिन्न जल प्रबंधन समाधान तैयार किए हैं और इन्हें जिले के क्लबों द्वारा अपनाया जा रहा है। ''हम बड़े समुदायों और कॉर्पोरेट कार्यालयों में वर्षा जल को एकत्रित करने और दोहन करने के लिए पानी का पुन: उपयोग करने और कुओं को रिचार्ज करने के लिए उपचार संयंत्र स्थापित कर रहे हैं,'' नायर कहते हैं। ■

सरकारी स्कूल को मिला एक नया भवन

टीम रोटरी न्यूज़

पीआरआईडी सी भास्कर ने हाल ही में तिरुचिरापल्ली फोर्ट रोटरी क्लब द्वारा निर्मित नचिकुरिची सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल के नए भवन का उद्घाटन किया। क्लब के सदस्यों ने इस इमारत की लागत ₹30 लाख बताई है।

स्कूल, इस वर्ष अपनी 80 वीं वर्षगांठ मना रहा है, कक्षा 1 -5 में अध्ययन करने वाले 75 छात्रों की ताकत है। नए भवन के लिए भूमि पूजन अगस्त 2021 में महानिदेशक डॉ आर जेयाक्कन द्वारा किया गया था। वह शहर के विभिन्न रोटरी क्लबों के रोटेरियनों के साथ उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे।

PRID सी भास्कर (दाएं से तीसरे), DG आर जयकर्क (दाएं), क्लब अध्यक्ष एस पी अन्नामलै (दाएं से चौथे) और सचिव ए सरवणन।

क्लब के अध्यक्ष एसपी अन्नामलाई को छात्रों के लिए बेहतर सीखने के अनुभव को सुविधाजनक बनाने के लिए बधाई देते हुए, भास्कर ने सदस्यों से उस क्षेत्र के स्कूलों तक पहुंचने का आग्रह किया, जिन्हें रोटरी के समर्थन की आवश्यकता है। ''ऐसे कई स्कूल हैं जो जर्जर अवस्था में हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें बच्चों के लिए आकर्षक बनाएं।'' ■

चेन्नई के अस्पतालों में रोटरी 100 डायलिसिस इकाइयां स्थापित करेगी

वी मुत्तुकुमारन

प्रोजेक्ट KIND - किडनी इन नीड ऑफ डायलिसिस - पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ा जब रोटरी क्लब मद्रास इंडस्ट्रियल सिटी, रो ई मंडल 3232, द्वारा चेन्नई के हिंदू मिशन अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग को छह डायलिसिस मशीने दान की गई ताकि अस्पताल वंचित रोगियों के लिए अपनी मुफ्त और रियायती सेवाओं को मजबूत कर सके। ₹43 लाख की यह वैश्विक अनुदान परियोजना रोटरी क्लब द हिल्स-केलीविल, रो ई मंडल 9685, ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी में की गई थी। इस परियोजना के तहत मंडल के क्लब चेन्नई के सरकारी और धर्मार्थ संस्थान अस्पतालों में 100 से अधिक डायलिसिस मशीनें स्थापित करेंगे।

इन नई मशीनों से क्षमता बढ़कर 16 यूनिट हो जाएगी। इन्हें सौंपने के कार्यक्रम में बोलते हुए रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश ने कहा, ''रोटरी की सर्वोच्च प्राथमिकता विश्व शांति है जिसका अर्थ युद्ध की अनुपस्थिति होना नहीं है। यदि स्वास्थ्य देखभाल, पानी और शिक्षा तक लोगों की पहुंच नहीं तो हम स्थायी शांति वाले समुदाय की रचना नहीं कर रहे है। रोटरी द्वारा अफ्रीका में किए जा रहे काम को देखते हुए मुझे यकीन है कि अगले 7-8 वर्षों में वो देश विकसित समाजों की तरह ही बढ़िया स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करेंगे।''

उन्होंने कहा कि जब से DG जे श्रीधर ने 18 महीने पहले वेंकटेश के साथ चेन्नई के अस्पतालों में 100 डायलिसिस मशीनें स्थापित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की, तब से ''मैं इस बात के लिए उनकी प्रतिबद्धता और इसे लागू करने के तरीकों को देखकर चकित था,'' उन्होंने आगे कहा। रोटेरियन हमेशा महान कारणों के लिए समय, संसाधन, मेहनत और धन खर्च करने के लिए तैयार रहते है, ''लेकिन असल काम हिंदू मिशन जैसे धर्मार्थ अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा किया जाता है, जो पूर्ण रूप से समर्पित रहते है।''

एक जबरदस्त कार्य

इस धर्मार्थ संस्थान के साथ रोटरी का एक लंबा और खुशनुमा संबंध है। DG श्रीधर ने कहा, ''सभी डॉक्टर और अन्य स्टाफ सदस्य समाज के लिए महान सेवा

बाएं से: विनोद सरोगी, क्लब अध्यक्ष सतीश कुमार, डीजी जे श्रीधर और रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश।

रो ई निदेशक वेंकटेश ने (बाएं से) क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार, विनोद सरोगी, डीआरएफसी अंबालावनन, डीजी श्रीधर और मंडल सचिव रविशंकर की उपस्थिति में हिंदू मिशन अस्पताल के सीईओ डॉ एस श्रीराम को डायलिसिस मशीनों के लिए वारंटी लिखित पत्र सौंपा।

कार्य कर रहे है,'' उन्होंने आगे कहा जहाँ रोटरी ने केवल मशीनों को दान किया है, अस्पताल द्वारा ''सभी सामान और सहायता सेवाएं प्रदान की जा रही है जो स्वास्थ्य देखभाल वितरण की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।'' अस्पताल के लिए कुछ करने की अपनी लंबे समय से महसूस की गई इच्छा को याद करते हुए, उन्होंने कहा, ''हर दिन जब मैं अपने कार्यस्थल के लिए ओरागादम (एक उपनगर) की यात्रा करता हूँ, तो मैं इस धर्मार्थ संस्थान को देखने से नहीं चूक सकता था जो उन गरीब लोगों की बहुत सेवा कर रहा है जो चिकित्सा देखभाल का खर्च नहीं उठा सकते। मैंने तब इस संस्थान के साथ सहयोग करने का फैसला किया।''

रोटेरियन हमेशा महान कारणों के लिए समय, संसाधन, मेहनत और धन खर्च करने के लिए तैयार रहते है, ''लेकिन असल काम हिंदू मिशन जैसे धर्मार्थ अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा किया जाता है, जो पूर्ण रूप से समर्पित रहते है।

रो ई निदेशक, **ए एस वेंकटेश**

हाल ही में, इस अस्पताल ने दिल, फेफड़े, यकृत, गुर्दे और नेत्र प्रत्यारोपण सर्जरी करने के लिए एक नवीन अंग प्रत्यारोपण विंग स्थापित किया है। ''हम पिछले कुछ समय से वंचितों के लिए कॉर्निया प्रत्यारोपण कर रहे है,'' हिंदू मिशन अस्पताल के सीईओ, डॉ एस श्रीराम, ने कहा। ''अंतिम चरण के गुर्दे की बीमारीवाले रोगियों को आजीवन डायलिसिस करवाना पड़ता है और गुर्दे का प्रत्यारोपण ही उनके लिए एकमात्र समाधान है लेकिन यह बहुत सारी संबंधित समस्याएं लेकर आता है,'' उन्होंने कहा। कई बार, रोटरी ने अपनी व्यवस्थित और संगठित कार्य नीति के तहत इस अस्पताल की मदद की है और ''हम उनके साथ अपनी साझेदारी जारी रखने के लिए तत्पर है।''

संस्थापक-सचिव डी के श्रीनिवासन के नेतृत्व में कांची कामकोटि ट्रस्ट द्वारा संचालित यह 39 वर्षीय चतुर्भुज देखभाल अस्पताल, अपनी नेत्र बैंक की मदद से नि:शुल्क कॉर्निया प्रत्यारोपण सहित 50 प्रकार की नेत्र सर्जरियाँ करता है और सप्ताह में कम से कम सात ग्रामीण पहुँच शिविर आयोजित करता है; रोगियों और उनके देखभाल करने वालों को नि:शुल्क भोजन प्रदान करता है; विशेष बच्चों को नि:शुल्क ऑडियोलॉजी और भाषण चिकित्सा प्रदान करता है; शनिवार को कृत्रिम अंग फिटमेंट शिविर आयोजित करता है। और दिल के दौरे के युवा पीड़ितों को सही समय पर नि:शुल्क थ्रोम्बोलिसिस प्रदान करता है, डॉ श्रीराम ने कहा।

रियायती प्रभार

इस अस्पताल में हम एक डायलिसिस सत्र के लिए ₹750-₹1,000 लेते है। एक वंचित रोगी के लिए यह पूरी तरह से नि:शुल्क किया जाता है। रोटेरियन गौरव जैन और रोटेरियन राजगोपाल द्वारा सावधानीपूर्वक किए गए कागजी कार्य के कारण वैश्विक अनुदान अनुमोदन मात्र 13 दिनों में प्राप्त हो गया था,'' क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा। छह क्लबों ने चेन्नई के VHS अस्पताल में 10 डायलिसिस मशीनें स्थापित की जिसमें रोटरी क्लब चेन्नई हॉलमार्क इस वैश्विक अनुदान परियोजना (156,000 डॉलर) में मुख्य भूमिका निभा रहा है और रोटरी क्लब अलामो, रो ई मंडल 5840, US, उनका वैश्विक साझेदार है।

अब तक क्लब द्वारा दो कोविड टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए जिसमें 450 लोगों को टीके लगाए गए; और एक स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से 150 लोगों तक पहुंचा गया, कुमार ने कहा। 49 सदस्यों वाले इस क्लब ने 19 फरवरी को डॉ श्रीराम को डायलिसिस मशीनें सौंपकर अपने रजत जयंती वर्ष पर अपने चार्टर दिवस को चिह्नित किया। रो ई निदेशक वेंकटेश ने DG श्रीधर और क्लब के पदाधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल के CEO को पांच साल का वारंटी समझौता पेश किया। परियोजना KIND के अध्यक्ष एस सुब्रमण्यम ने इस परियोजना का समन्वय किया।

चित्र: वी मुत्तुकुमारन

भिचाई

उनका अपना अलग अंदाज़ था

राजेन्द्र साबू

एक शख़्स जो अपने तरीके से ज़िन्दगी जिया, वो था भिचाई रट्टाकुल। वो राजनीति हो, रोटरी हो या परिवार, अपने आदर्शों पर चलने के लिए, कभी-कभी, क्रोधित भी हो जाते थे। दिसंबर 1973 में उनसे मेरी मुलाक़ात तब हुई, जब वे हमारे डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन (तत्कालीन D-310) में रो ई अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में चंडीगढ़ आए थे, जिसका आयोजन रोटरी क्लब चंडीगढ़ ने किया था और जहां मंडल अध्यक्ष जे के सेठी के समर्थन से मेरे क्लब ने मुझे सम्मेलन का अध्यक्ष बनाया था। मैं भिचाई के करीब आ गया, जो अकेले ही आए थे। गवर्नर चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए हमारा मंडल बदनाम था। प्रचार के बारे में समझने के लिए भिचाई तीन पार्टियों के पास गए थे। सम्मेलन बहुत सफल हुआ था क्योंकि मैं भारत के उपराष्ट्रपति जी एस पाठक को आमंत्रित करने में सफल रहा था।

सम्मेलन के उपरान्त, उन्होंने हमारी क्लब की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया था। वहां उन्होंने मेरा उपनाम 'आरके' रख दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आरके रोटरी में बहुत ऊपर जाएंगे, लेकिन वैसे नहीं जैसा उन्होंने देखा, प्रचार की सहायता से। उसी वर्ष मंडल - 315 में भी वे रो ई अध्यक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वह और उनकी पत्नी चरॉय आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से एक ट्रेन में कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंचे। वे प्रथम श्रेणी में थे लेकिन उनके पास बिस्तर नहीं था और यहां उन्हें दो रात गुजारनी थीं। उन दिनों मैं कलकत्ता में था और अपने घर पर ही उनके ठहरने की व्यवस्था की थी। वे गुंटूर, आंध्र प्रदेश जा रहे थे, जहां के डीजी थे वी उमा महेश्वर राव। रोटरी की सेवा करने के लिए भिचाई कहीं भी पहुँच सकते थे।

भिचाई बहुत ही वरिष्ठ रोटेरियन थे, 1958 में रोटरी क्लब धनबुरी, बैंकॉक में शामिल हुए और 1963 में मंडल अध्यक्ष बने। उन्हें प्रथम रो ई निदेशक होना चाहिए था, लेकिन वे भौगोलिक परिसीमन का शिकार हुए। उस समय ताइवान सहित सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व एशिया जोन 2 में शामिल था। ज़्यादातर मंडल दक्षिण कोरिया और फिलीपींस में थे, जिनके पास सबसे ज़्यादा वोट थे, इसलिए दोनों देशों ने रो ई निदेशक पद को बारी बारी से बदलना निश्चित किया था। भिचाई हमेशा चुनाव हार जाते थे। 1986 की विधान परिषद में, एक अतिरिक्त रो ई निदेशक को सम्मिलित किया गया था, रो ई बोर्ड ने नए अधिनियम के साथ एक क्षेत्र निर्दिष्ट किया और सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड को एक अतिरिक्त रो ई निदेशक दिया गया।

इसके फलस्वरूप, वर्ष 1990-92 में भिचाई निदेशक बने, और 1991-92 में जब मैं रो ई अध्यक्ष बना तो वे रो ई बोर्ड में थे। वो मेरे बोर्ड की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष थे, और अक्सर मैं सबके सामने कहता था कि मुझे आपस में

भिचाई का आभामंडल वास्तव में विशिष्ट था, वह इतने सम्मानित व्यक्ति थे कि उनके लिए सभी दरवाजे स्वतः ही खुल जाते थे, चाहे वह प्रधान मंत्री का कार्यालय हो या हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारी।

PRIP रट्टाकुल ने दिसंबर 2002 में चेन्नई में रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट कार्यालय का उद्घाटन किया। बाएं से: PRID पांडुरंगा सेट्टी, पीडीजी सी श्रीवत्सन, PRIP साबू, PRID पी सी थॉमस, PDG कृष्णन वी चारी (रोटरी न्यूज़ के तत्कालीन संपादक), PRID रमेश पाई और PDG ताराचंद दुगड़ भी चित्र में शामिल हैं।

पदों की अदला-बदली करने में ख़ुशी होगी क्योंकि वह मुझसे बहुत अधिक वरिष्ठ थे।

अपनी वरिष्ठता के बावजूद मुझे रो ई अध्यक्ष के रूप में पूरा सम्मान देते थे, चाहे वह बोर्ड की बैठक हो या जब कभी वे मुझसे मिलने आए या उन्हें कोई भी रोटरी कार्य सौंपा गया हो। मेरे मंडल 3080 में मुझे किसी के द्वारा प्रचार करने के बारे में जानकारी मिली थी और मैंने भिचाई से अनुरोध किया कि सच्चाई का पता लगाने के लिए चंडीगढ़ जाएं। उम्मीदवारों में से एक PRID वाई पी दास भी थे और उनके पिता भिचाई के परिचित थे। भिचाई ने वास्तविक स्थिति का आकलन किया और उनकी रिपोर्ट बोर्ड की बैठक में रखी गई। जब चंडीगढ़ की बारी आई, तो मैंने उपाध्यक्ष ग्लेनएस्टेस को अध्यक्षता करने को कहा और मैं पीछे हट गया। भिचाई की इस रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड ने निर्णय लिया कि चुनाव को प्रभावित तो किया गया था पर क्योंकि कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं था इसलिए किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किए बिना फिर से चुनाव कराने का आदेश दिया। रोटरी अचार संहिता को ले कर भिचाई हमेशा दक्ष, निपुण और निष्पक्ष रहे।

जब उषा और मैं बैंकॉक गए थे तो उन्होंने थाईलैंड के राजा के साथ हमारी मुलाक़ात की व्यवस्था करवाई थी। हम टोक्यो से बैंकॉक के लिए 6-7 घंटे की उड़ान ले कर पहुंचे थे। भिचाई ने उषा और मेरे लिए एयरपोर्ट पर ही वीआईपी लाउंज में कपडे बदलने की व्यवस्था करवाई थी क्योंकि वहा से हमें सीधे महल जाना था। जब हम राजा से मिले तो देखा कि राजा भिचाई को कितना सम्मान देते है; मानो वो राज घराने के ही सदस्य हों। भिचाई का आभामंडल वास्तव में विशिष्ट था, वह इतने सम्मानित व्यक्ति थे कि उनके लिए सभी दरवाजे स्वतः ही खुल जाते थे, चाहे वह प्रधान मंत्री का कार्यालय हो या हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारी। बैंकॉक में अपने तीन दिनों के प्रवास में, मैंने महसूस किया कि उन्होंने अपने राजनीतिक पदों और जिम्मेदारियों के साथ साथ रोटरी को भी पूरा समय दिया था।

भिचाई रट्टाकुल की शिक्षा बैंकॉक और हांगकांग में हुई और उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की थी। 1969 से नौ बार संसद सदस्य और डेमोक्रेट पार्टी के नेता, उन्होंने विदेश मंत्री, उप प्रधान मंत्री, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष और संसद अध्यक्ष के विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने देश की सेवा की थी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में कई थाई प्रतिनिधिमंडलों का भी नेतृत्व किया था। भिचाई रट्टाकुल

बाएं: 1973 में चंडीगढ़ मंडल सम्मेलन में PRIP भिचाई रट्टाकुल (बाएं) और PRIP राजेंद्र साबू (सम्मेलन के अध्यक्ष)। दायें से दूसरे स्थान पर तत्कालीन डीजी जे के सेठी भी चित्र में शामिल हैं।

2002 कुआलालंपुर रोटरी शांति सम्मेलन में।

थाई स्काउट काउंसिल के मानद उपाध्यक्ष थे। उन्होंने भ्रष्टाचार-विरोधी आयोग, ड्रग्स-विरोधी आयोग, राष्ट्रीय लेखा परीक्षा आयोग और 13वीं एशियाई खेलों की आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्हें थाईलैंड के राजा से विशिष्ट श्रेणी सम्मान के साथ जापान के सम्राट, फिलीपींस, कोरिया, ऑस्ट्रिया और निकारागुआ के राष्ट्रपतियों द्वारा भी सम्मानित किया गया था। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा सर्वोच्च अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक पुरस्कार और एशियाई ओलंपिक पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

उनका विवाह खुनयिंग चरॉय रट्टाकुल से हुआ था और उनके दो बेटे और एक बेटी थी। चरॉय का निधन जून 2014 में हो गया। उषा और मैं दोनों भिचाई के साथ होने की वजह से चरॉय के बहुत करीब रहे। भिचाई वास्तव में एक व्यावहारिक सेवा करने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने मुझे बताया कि जब वह क्लब में शामिल हुए तो वह सिर्फ नाम के रोटेरियन थे और रोटरी सदस्य होने में गर्व महसूस करते थे। हुआ यूँ कि एक बार उनका क्लब अनाथ बच्चों के एक समूह को समुद्र तट पर ले जा रहा था। क्लब का एक वॉलन्टियर नहीं आ सका था और उन्होंने भिचाई से जाने के लिए अनुरोध किया। पहले तो वो परेशान हुए फिर काफी ना-नुकुर के बाद बड़ी अनिच्छा से शामिल हो गए।

प्रत्येक रोटेरियन को एक बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी दी गई थी। खेलने और देखभाल करने के लिए भिचाई के साथ भी एक छोटा बच्चा था। समुद्र की सैर के समापन पर, बाकी सब बच्चे तो चले गए थे। अंधेरा हो रहा था पर यह बच्चा भिचाई के साथ बैठा रहा और बोला काश आप मेरे पिता होते।'' भिचाई ने बताया कि इस बच्चे के साथ बिताया गया समय उनके जीवन के सबसे बहुमूल्य क्षणों में से एक था और जिसने उसे एक वास्तविक रोटेरियन में परिवर्तित कर दिया था और स्वयं से ऊपर सेवा का मतलब समझाया। भिचाई के पास अन्य कई परियोजनाएं थीं, ऑस्ट्रेलियाई और थाईलैंड क्लबों के साथ मिलकर की गई लाइट हाउस साक्षरता परियोजना सहित और यह सबसे महत्वपूर्ण थी क्योंकि बाद में यही लाइट हाउस परियोजना कई देशों में लागू हुई थी। भिचाई ने थाई रोटेरियनों के योगदान से बैंकॉक में एक आधिकारिक रोटरी सेंटर बनाया और थाई भाषा में रोटरी साहित्य की शुरुआत की। इससे सदस्यों की संख्या कई गुना बढ़ गई।

भिचाई 2002-03 में रो ई अध्यक्ष बने थे। जब उन्होंने बार्सिलोना, स्पेन में रोटरी वार्षिक सम्मेलन को संबोधित किया तो वे निर्वाचित अध्यक्ष थे। वह अपनी टिप्पणियों में निर्भीक और स्पष्टवादी थे, भले वो बोर्ड की बैठकों में निर्वाचित अध्यक्ष हों या अध्यक्ष और इसके बाद पूर्व अध्यक्षों की परिषद में भी (कॉउंसिल ऑफ़ पास्ट प्रेसिडेंटस)। ये उन्होंने बिना किसी डर या पक्षपात के किया भले वो टिप्पणी हमारे समूह के किसी पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ ही हो, यदि रोटरी नीतियों या मूल्यों का उल्लंघन हो रहा हो।

जब वे अध्यक्ष थे तो उन्होंने मुझे कुआलालंपुर में आयोजित होने वाले शांति सम्मेलन की अध्यक्षता करने के लिए कहा था। इसका आयोजन यह रो ई स्टाफ द्वारा किया जाना था, और मैं दो-तीन रो ई स्टाफ सदस्यों के साथ होटल का चयन और रसद सम्बन्धी निर्णय करने के लिए कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण करने गया। जगह को ले कर स्टाफ सदस्यों के साथ मेरे मतभेद थे और वो मुझसे असहमत थे और उन्होंने अपना ही चयन आगे भेज दिया। मैंने भी अपना इस्तीफा अध्यक्ष भिचाई को भेज दिया ये लिखते हुए कि मैं इस समिति के साथ काम नहीं कर सकता और देखिये,भिचाई ने तुरंत आदेश दिया कि इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा लिए गए निर्णय और निर्देश अंतिम होंगे। इतने दृढ़ व्यक्ति थे भिचाई। वो सम्मेलन अपेक्षा से कहीं अधिक

2003 में ब्रिस्बेन ज़ोन इंस्टीट्यूट में PRIP रट्टाकुल के साथ PRIP साबू और PRIP ग्लेन एस्टेस (रट्टाकुल के दाहिनी ओर बैठे हुए)।

थाईलैंड के राजा के साथ बैठक में PRIP रट्टाकुल के साथ PRIP साबू और उषा।

सफल रहा और इसमें भाग लेने वाले सभी लोग कार्यक्रम, भाषणों, फेलोशिप और आपसी सौहार्द की प्रशंसा करते नज़र आये। भिचाई ने एक बार फिर अपने आप को एक सच्चा नेता साबित कर दिया था।

वो एक उत्कृष्ट वक्ता थे और उनसे कई आगामी रो ई अध्यक्षों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय असेंबली में उद्बोधन देने का अनुरोध किया गया था। एक वक्ता के रूप में वो पहले से ही प्रसिद्ध थे, और उनके भाषण की समाप्ति पर, उनके सम्मान में सभी खड़े हो जाते थे (स्टैंडिंग ओवेशन) जो सामान्य बात नहीं है। उनके बोलने का तरीका बहुत नरम था, कहानियों में मानवता के किस्से, रोटरी की अखंडता और मूल्यों के बारे में बात होती थी। रो ई अध्यक्ष के रूप में उनका थीम बहुत ही क्रिया उन्मुख था - प्यार के बीज बोओ *(Sow the Seeds of Love)* - और इस तरह, अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कई बार, और बाद में भी, उन्होंने प्यार के सही अर्थ को व्यापक रूप से परिभाषित किया।

फाउंडेशन अध्यक्ष के रूप में या बाद में चिकित्सा मिशन के

भिचाई ने थाई रोटेरियनों के योगदान से बैंकॉक में एक आधि-कारिक रोटरी सेंटर बनाया और थाई भाषा में रोटरी साहित्य की शुरुआत की। इससे सदस्यों की संख्या कई गुना बढ़ गई।

रास्ते में,जब भी मेरा बैंकॉक जाना हुआ, भिचाई हमेशा मुझे एक बहुत ही खास रेस्तरां में आमंत्रित करते, जिसमें भारतीय व्यंजन परोसे जाते थे। बाद के वर्षों में, उन्होंने मुझे अपने घर पर आमंत्रित किया जब चरॉय जा चुकी थी लेकिन इसके बावजूद उनकी मेज़बानी शानदार थी । भिचाई ने थाईलैंड से रोटरी में PRID नोरा सेठ पथमानंद और कुछ अन्य नेता बनाये हैं। बैंकॉक में जब रो ई अध्यक्ष कल्याण बेनर्जी के नेतृत्व में सम्मेलन की योजना बनाई जा रही थी, तो वे उत्तेजित हो गए थे क्योंकि कल्याण ने मेरी सिफारिश पर पूर्व निदेशक ओ पी वैश को अध्यक्ष बनाया था। भिचाई चाहते थे कि सम्मेलन का अध्यक्ष थाईलैंड से हो और उन्होंने नोरासेठ की सिफारिश की थी। केआर रवींद्रन, जिसे भिचाई अपना पुत्र मानते हैं, उन्हें शांत करने के लिए बैंकॉक गए औरसम्मेलन का सक्रिय रूप से समर्थन करने के लिए उन्हें मना लिया। मैं भी उनसे मिला था, परोक्ष रूप से अपने आने के उद्देश्य का संकेत देते हुए। भिचाई मेरे सुझाव का हमेशा सम्मान करते थे।

रवींद्रन उनके बहुत नज़दीक थे। थाईलैंड में रवि की बेटी प्रशांति की शादी में भिचाई आशीर्वाद देने आए थे और जब वे रो ई अध्यक्ष बन गए तो उनके अभिनंदन समारोह में शामिल होने के लिए इतनी दूर से पहुंचे थे। मैं भी वहीं था। भिचाई ने रवि के बारे में खूब बातें कीं। भिचाई में बहुत स्वाभिमानी थे, कभी-कभी तर्क से भी परे। रोटरी फाउंडेशन के अध्यक्ष रहते हुए, आधिकारिक खर्चों के लिए उन्होंने क्रेडिट कार्ड मांगा। वह नाराज थे क्योंकि उन्हें लगा था कि ये क्रेडिट कार्ड उन्हें अपने आप स्वचालित रूप से मिल जाना चाहिए था और इसे मांगने की ज़रुरत नहीं होनी चाहिए थी। उस बात पर, उन्होंने रोटरी फाउंडेशन के पद से इस्तीफा दे दिया था। हालाँकि, उन्होंने रोटरी की सेवा करनी जारी रखी थी क्योंकि उन्होंने थाईलैंड के चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय में रोटरी पीस फेलो के रूप में एक लघु पाठ्यक्रम भी किया जिसकी शुरुआत उन्होंने ही की थी। इस पाठ्यक्रम को अप्रत्याशित सफलता मिली थी, फिर इसे युगांडा में दोहराया गया था।

एक दिन मैंने भिचाई से पूछा कि उनके नाम का अर्थ क्या है और उन्होंने समझाया कि थाईलैंड को सियाम के नाम से जाना जाता था उस समय थाईलैंड पर भारतीय संस्कृति का अच्छा ख़ासा प्रभाव था और उनके नाम भिचाई का अर्थ था 'विजय।' भिचाई ने मुझे बताया कि चारोय का अंतिम संस्कार एक आरक्षित शाही क्षेत्र में किया गया था और वह स्वयं भी अपना स्थान चारोय के स्मारक के बगल में चाहते है। उन्होंने ये अपने तरीके से किया, हमेशा। वह फ्रैंक सिनात्रा के जबरदस्त शौकीन थे और *'आई डिड इट माय वे'* गुनगुनाते रहते थे।

वाक़ई भिचाई अपने तरीके से जिए और अपने तरीके से विदा हुए।

लेखक पूर्व रो ई अध्यक्ष है

समकालीन साहित्य को अफगान महिलाओं का उपहार

रशीदा भगत

अफ़ग़ान महिलाओं की भावनाएं, *माई पेन इज़ द विंग ऑफ़ ए बर्ड* नामक पुस्तक में संकलित कहानियों के संग्रह के माध्यम से, दो सशक्त और परस्पर विरोधी भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ आपके दिल को छू लेती हैं - हिंसा और तड़प... हिंसा उनकी हकीकत है और सपने साकार करना उनकी तड़प है।

जैसे कि ज़ाहरा का सपना है। जिसका विवाह दूसरी पत्नी के रूप में एक ऐसे व्यक्ति से हुआ, जो अत्यधिक हिंसक प्रवर्ति का आदी है, उसकी पहली पत्नी हर समय ज़ाहरा को नीचा दिखने की कोशिश करती रहती है, उससे लगातार प्रताड़ित होती रहती है जो उसे और कमजोर करती है, वो अपनी उंगली में चमकदार रूबी जड़ी अंगूठी पहनती है। ज़ाहरा को यकीन है कि उसकी शक्ति और महत्व उस अंगूठी की वजह से है, और वो चुपचाप बादाम का एक बड़ा ढेर इकट्ठा कर रही है, जिसे स्थानीय सुनार को दे कर बदले में वो एक अंगूठी ले लेगी।

लेकिन उसकी वास्तविकता उसके सपनों की दुनिया से कहीं अलग है। उसे पति द्वारा प्रताड़ित किया जाता है और निर्दयता से पीटा जाता है, उसके बेटे और पहली पत्नी द्वारा क्रूरता से ताने कसे जाते हैं और उसका मजाक उड़ाया जाता है। यह तो निश्चित है कि उसका बादाम का रहस्य कभी ना कभी उजागर हो ही जाएगा, और फिर सजा?

इसके बारे में मूल रूप से पारंद द्वारा दारी में लिखी गई कहानी 'फॉलिंग फ्रॉम द समिट ऑफ ड्रीम' में पढ़ें।

हैचेट इंडिया
द्वारा प्रकाशित
पृष्ठ : **253**
दर : **₹599**

इस संग्रह की सभी कहानियाँ अफगान महिलाओं द्वारा अफगानिस्तान की दो मूल भाषाओं दारी और पश्तो में लिखी गई हैं और ये पुस्तक अंग्रेजी में अनुवादित हैं; अनटोल्ड और ब्रिटिश काउंसिल की मदद से। पुस्तक का शीर्षक लेखक बतूल हैदर ने दिया है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2021 पर कहा था: मेरी कलम एक पक्षी के पंख समान है; यह आपको उन विचारों को बताएगी जिन्हें सोचने की हमें अनुमति नहीं है, वे सपने जिन्हें हमें देखने की इज़ाज़त नहीं है।

दिल दहला देने वाले इस एक वाक्य में दुनिया भर की लाखों असहाय महिलाओं की दुर्दशा छिपी हुई है; और हाँ, ये हर देश में मिल जाएंगी, भले ही वो कितना भी ''विकसित'' हो, लेकिन विशेष रूप से तालिबानियों के अफगानिस्तान में सबसे ज़्यादा।

पिछले साल, जब तालिबान ने अफगानिस्तान को फिर से हासिल किया था, तो पूरी दुनिया से सामूहिक आह निकली थी: ''हे भगवान, अफगानिस्तान की महिलाओं को प्रताड़ित करने के लिए अब तालिबान कौन से नए तरीके ईजाद करेगा।''

इन महिलाओं द्वारा लिखी कहानियाँ पढ़ कर हमें ये आभास होता है कि अफगानिस्तान की अधिकांश महिलाओं पर क्या बीत रही है और इनके साथ कैसा बर्ताव किया जा रहा है। दिन भर कष्ट, अभाव, गरीबी और हिंसा भरे जीवन को घसीटते हुए, ये महिलाएं परिवार के लिए भोजन बनाने के लिए रसोई में घुसी रहती हैं, जब कि उनके विचार एक ऐसी ज़िन्दगी और दुनिया में भटकते रहते हैं जो कभी उनकी नहीं हो सकती।

आइए एक नज़र फरिश्ता गनी की कहानी 'डॉटर नम्बर एट' (बेटी नंबर आठ) पर, जिसमें आठ महीने की गर्भवती महिला रोज़ा कर रही है, लेकिन उसे घर आये मेहमानों के लिए काफी सारा भोजन पकाना है, जिनमें उसकी सास और ननद भी हैं जो मदद करने के नाम पर जरा भी नहीं सरकते। बिखरी रसोई में, वह मांस पकाती है, पालक और अन्य सब्जियां काटती है... ''कभी-कभी सब्जियों पर अपना सारा क्रोध निकालना आसान होता है, जल्दी जल्दी जोर से चाकू चलाते हुए... मेरे पाँव कमजोर हैं, मेरे हाथ कांप रहे हैं।'' आठ महीने का गर्भ होने के बावजूद, वह एक बार भी जांच के लिए अस्पताल नहीं गई है और उम्मीद करती है कि अल्लाह उसका रोज़ा कबूल करेगा और कम से कम इस आठवें बच्चे को तो लड़का बनाएगा। चावल पकाते हुए वह सोचती है: ''मेरी ज़िंदगी

इस बर्तन में उबलते पानी की तरह है, इसमें खुशियां भाप की तरह हवा हो जाती हैं।'' अनर्थ होने वाला है

बातूल हैदरी की 'आई डोन्ट हैव द फ्लाइंग विंग्स' एक समलैंगिक किशोर की दर्द भरी कहानी है जो उस देश में अपनी पहचान खोजने की कोशिश कर रहा है जहां समलैंगिकता को अपराध और पाप माना जाता है, और विडंबना यह है कि मस्जिद के सिवाय। जब भी वह अपने सिर पर अपनी माँ की लाल मखमली टोपी पहनता है या अपनी बहन के फूलों के हेडबैंड को सर पे लगाते हुए पकड़ा जाता है, उसके पिता बेरहमी से पिटाई करते हैं, तो बेटे को अपने पिता द्वारा केवल पुरुष आयोजनों में ले जाने से नफरत होती है, ताकि वह एक 'पुरुष' की तरह आचरण कर सके। मैं उन्हें नहीं बता सकता कि मैं एक आदमी की तरह नहीं दिखना चाहता, ''मैं एक आदमी नहीं बनना चाहता। इसलिए मैंने एक नया स्टाइल चुना है।''



मेरी कलम एक पक्षी के पंख समान है; यह आपको उन विचारों को बताएगी जिन्हें सोचने की हमें अनुमति नहीं है, वे सपने जिन्हें हमें देखने की इज़ाज़त नहीं है।

बतुल हैदर, लेखिका

जब वह मस्जिद जाता है तो वो अपने सबसे अच्छे कपड़े पहनता है, उसके बालों में तेल लगाता है और इत्र का इस्तेमाल करता है।यहां मौलवी इबादत के दौरान उसे ठीक अपने पीछे खड़े होने के लिए बुलाता है, हाथ मिलाता है, उसके बालों को छूता है। लड़के ने कहा, ''सिर्फ इसी समय मैं अपनेआप को खूबसूरत महसूस करता हूं।''

हम 'ब्लैक क्रो ऑफ़ विंटर' में जरघूना के बारे में पढ़ते हैं, जो एक दिन कड़कती सर्दियों में कड़ी मेहनत के बाद शाम को घर लौट रही है और वहां से गुजरने वाले वाहनों से घर के लिए लिफ्ट मांग रहा है, क्योंकि उसके पास 10 नहीं केवल 5 अफगानी हैं, जो बस/वैन टिकट खरीदने के लिए ज़रूरी हैं। ''वह अपने पैरों पर खड़ी नहीं रह सकती। लेकिन कोई उसे नहीं बिठा रहा सब मना कर रहे हैं। वो दिल से दुआ करती है कि एक बड़ा धमाका हो जिसमें उसके शरीर के टुकड़े हो जाएं और उसे इस कष्टदायक, मनहूस जीवन से मुक्ति मिल सके। तभी उसे अपने बच्चों और पति की याद आती है, खुद को कोसती है और कहती है, 'भगवान तुम महान हो।' एक दयालु कंडक्टर वाहन रोकता है और उसे मुफ्त सवारी की पेशकश करता है और वह कृतज्ञतापूर्वक उन बचे हुए 5 अफगानियों से लॉलीपॉप खरीदने का निर्णय करती है जिसके लिए उसका छोटा बेटा काफी अरसे से तरस रहा है।

जैसा कि लंबे समय से अफगानिस्तान से रिपोर्टिंग कर रहे बीबीसी की प्रसिद्ध युद्ध संवाददाता लाइज़ डुसेट, परिचय में कहती हैं, दुनिया लंबे समय से जानना चाहती है कि 'आखिर अफगान महिलाएं क्या चाहती हैं?' खैर, कुछ जवाब तो इस संग्रह में मिल सकते हैं, अनटोल्ड द्वारा संकलित : अंग्रेजी में अनुवाद के माध्यम से अफगान लेखकों को एक मंच पर लाना ताकि उनकी आवाज़ दुनिया के शेष हिस्सों तक पहुँच सके। इनमें से अधिकांश लेखकों को, लिखने के लिए जगह और मन की शांति के लिए रोज़ मशक्कत करनी पड़ती है। साहित्य लचीला है, एक निवारण ...

कहानी कहने और उसे लिखने से मिलने वाले आनंद के बारे में, वह कहती हैं, ''हमें रसोई में प्याज तलने की गंध आती है। हम एक आइसक्रीम कार्ट की जिंगल सुनते हैं। हम एक बैंगनी हैंडबैग पकड़ते हैं। हम किसी और की लग्जरी कार में 'सॉफ्ट चॉकलेटी सीट' पर बैठते हैं।''

लेकिन क्रूरता और यातना की भी कहानियां हैं जिन्हें पढ़ कर आपके दिल दहल जाएंगे, डर और नफरत और महिला और आत्मघाती बाल हमलावरों, प्यार और हसरत की जिसे बड़ी निर्दयता से कुचल दिया गया। तुर्की लेखिका एलीफ शफाक ने इसके सार को इन पंक्तियों में समेटा है, जब वे कहती हैं, ''शक्तिशाली, गहराई लिए हुए ये मर्मस्पर्शी कहानियाँ आपका दिमाग खोल कर रख देंगी और आपकी धड़कनें बढ़ा देंगी।''

हैचेट इंडिया द्वारा प्रकाशित; पृष्ठ 253, रु 599. ■

वो दिल से दुआ करती है कि एक बड़ा धमाका हो जिसमें उसके शरीर के टुकड़े हो जाएं और उसे इस कष्टदायक, मनहूस जीवन से मुक्ति मिल सके। तभी उसे अपने बच्चों और पति की याद आती है, खुद को कोसती है और कहती है, 'भगवान तुम महान हो।'

एक आफ़गान महिला के विचार

Rotary PEOPLE OF ACTION

आदिवासी बस्ती में एक हैप्पी स्कूल

वी मुत्तुकुमारन

महाराष्ट्र के थाने जिले के शाहपुर तालुक से 35 किमी दूर स्थित एक आदिवासी बस्ती, सकड़बव, के स्व वीर राजगुरु माध्यमिक विद्यालय के 120 विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए 30 जनवरी, 2022 एक यादगार दिन रहा। ''स्कूल के हेडमास्टर प्रकाश कोर ने खुशी के आँसू बहाते हुए हमें बहुत धन्यवाद दिया क्योंकि हमने 3 जून, 2021 को आए तूफ़ान तोकते से बर्बाद हुई कक्षाओं एवं पूरे स्कूल को 24 लाख की लागत से बहाल किया, रोटरी क्लब ठाणे नॉर्थ, रो ई मंडल 3142, के अध्यक्ष सुनील सोमन कहते है। IPDG डॉ संदीप कदम ने PDG डॉ मोहन चादवरकर और रोटरी क्लब ठाणे नॉर्थ एवं शाहपुर के सदस्यों की उपस्थिति में उन्नत स्वच्छता और कक्षा सुविधाओं वाले इस पुनर्निर्मित स्कूल का उद्घाटन किया।

इस चक्रवात ने पूरी छत को तबाह कर दिया था और दीवारों को इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था कि शिक्षकों को 5-6 किमी के दायरे में आने वाली आदिवासी बस्तियों के लड़कों और लड़कियों के लिए पेड़ों के नीचे कक्षाएं आयोजित करनी पड़ी क्योंकि यह विद्यालय इस क्षेत्र का एकमात्र माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 8-10) था। ''एक पहाड़ी इलाके में स्थित यह स्कूल पूरी तरह से नष्ट हो चुका था। शिक्षकों में से एक, कविता पडवाल, जो शाहपुर में स्थित लेनाड़ झील की गाद निकालने वाली हमारी आगामी वैश्विक अनुदान परियोजना (90,000 डॉलर) हेतु एक सर्वे क्षण में हमारी मदद कर रही है, ने हमें स्कूल को पहुँची तबाही के बारे में जानकारी दी'', वह याद करते है।

शिक्षकों के SOS के बाद, सोमन के नेतृत्व में एक छह सदस्यीय रोटरी टीम ने स्कूल का दौरा किया। हेडमास्टर कोर अत्यधिक हताशा में थे और उन्होंने दौरा करने आए रोटेरियनों से स्कूल को दोबारा सामान्य स्थिति में लाने का अनुरोध किया। लौटने के बाद, रोटेरियनों ने क्लब के नॉर्थ स्टार रोटरी ट्रस्ट से प्राप्त धन के साथ स्कूल के पुनर्निर्माण के लिए एक बोर्ड बैठक में एक प्रस्ताव पेश किया। ''शुरूआत में, हमने ट्रस्ट की संग्रह राशि में से ₹7 लाख अलग रख दिए और फिर समग्र दृष्टिकोण के साथ हमारी हैप्पी स्कूल परियोजना का विस्तार करने के लिए मंडल अनुदान का लाभ उठाया। नवंबर में ₹17 लाख का रोलओवर मंडल अनुदान मंजूर किया गया और इस कार्य के लिए टेन्डर आमंत्रित किए गए'', वह समझाते है।

जल्द ही, लड़कियों के लिए एक विशेष शौचालय खंड (₹ 3 लाख) बनाए गए; लड़कों के

रोटरी क्लब ठाणे नार्थ के अध्यक्ष सुनील सोमन (बाएं से चौथे) रोटेरियन, शिक्षकों और छात्रों के साथ जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवन के सामने।

पुनर्निर्मित कक्षाएं।

लिए एक जीर्ण-शीर्ण शौचालय खंड (₹1 लाख) का नवीनीकरण किया गया; हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर (₹75,000) के साथ एक ई-लर्निंग किट, लैब उपकरण (₹1.5 लाख), एक सिंटेक्स की टंकी (₹1.25 लाख) से जुड़ा एक बोरवेल, सभी स्थापित किए गए। सीमित ऊर्जा के लिए एक सौर पैनल (₹2 लाख) भी जोड़ा गया जिससे स्कूल का बुनियादी ढांचा दूसरे स्तर पर पहुँच गया। उन्होंने कहा, हम बोरवेल के पास एक RWH पिट (₹1 लाख) भी स्थापित कर रहे है और मार्च के अंत तक एक पुस्तकालय भी स्थापित किया जाएगा। हमारे सदस्यों ने यूनिफ़ॉर्म, कक्षाओं के लिए 12 पंखे और ₹1 लाख की लागत से फर्नीचर प्रायोजित किए जिसमें अलमारी, ब्लैकबोर्ड, संकाय टेबल और ई-लर्निंग सेंटर के लिए 25 कुर्सियां शामिल है, उन्होंने आगे कहा।

पिछले 20 वर्षों में, किसी ने भी इस स्कूल की मदद नहीं की है और रोटरी के हस्तक्षेप ने छात्रों और शिक्षकों के लिए एक निराशाजनक अतीत की यादों को नई आशा के युग में बदल दिया है।

चहकती और मुस्कुराती हुई एक छात्रा, दीक्षा राजाराम चौधरी (कक्षा 10), कहती है, ''मैं इन सुविधाओं को स्थापित करने के लिए तह दिल से रोटरी को धन्यवाद देती हूँ जो हमें अच्छी तरह से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित करेगा।'' प्रणाली गायकवाड़ (कक्षा 9) ने कहा ''मेरे स्कूल को इतना सुंदर और आरामदायक बनाने के लिए रोटेरियनों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावुक हो जाती है।''

प्रधानाध्यापक कोर छात्रों से भी ज्यादा खुश है। ■

TRF की मदद से अच्छे कार्य

मेंगलुरु में कैंसर का पता लगानेवाली मोबाइल क्लिनिक

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब मंगलौर, रो ई मंडल 3181, रोटरी क्लब सिलिकॉन वैली पासपोर्ट, रो ई मंडल 6540, यूएसए और टीआरएफ के सहयोग से, हाल ही में मंगलुरु में येनपोया अस्पताल को ₹1.25 करोड़ की लागत से एक 'महिला कल्याण मोबाइल क्लिनिक' समर्पित किया गया। टीआरएफ ट्रस्टी - निर्वाचित भरत पांड्या ने शहर निगम महापौर प्रेमानंद शेट्टी की उपस्थिति में परियोजना का उद्घाटन किया; वेदव्यास कामथ, विधायक - मैंगलोर दक्षिण; मेजबान क्लब अध्यक्ष सुधीर कुमार जालान; येनपोया डीम्ड विश्वविद्यालय अब्दुल्ला कुंही के कुलाधिपति;

मोबाइल क्लिनिक के उद्घाटन के अवसर पर टीआरएफ ट्रस्टी इलेक्ट डॉ भरत पांड्या (दाएं से दूसरे)।

कुलपति डॉ विजय कुमार और मोहम्मद कुंही, अध्यक्ष, येनपोया समूह भी उपस्थित थे।

क्लब ग्रामीण सरपंचों, आशा और आंगनवाड़ी कर्मचारियों और महिला स्वयं सहायता समूहों की मदद से शहर के आसपास के अर्ध - शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से कैंसर-स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करेगा। मोबाइल क्लिनिक स्तन परीक्षा और स्क्रीनिंग के लिए मैमोग्राफी मशीन और गर्भाशय ग्रीवा स्क्रीनिंग के लिए एक कोल्पोस्कोप से लैस है। क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि कैंसर से पीड़ित बीपीएल परिवारों की महिलाओं को येनपोया अस्पताल में मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। ■

भरूच रोटेरियन ने पतंग प्रभावित पक्षियों का बचाव किया

वी मुत्तुकुमारन

जनवरी (मकर संक्रांति त्यौहार) के महीने में पतंग उत्सव के दौरान, भरूच रोटरी क्लब, रो ई मंडल 3060 ने भरूच फेमिना रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब, रोटरेक्टर्स और इंटरेक्टर्स के साथ हाथ मिलाया ताकि हवाओं में ऊंची उड़ान भरने वाली पतंगों के मांजा (ग्लास कोटेड) धागों में उलझने वाले घायल पक्षियों को बचाने और पुनर्वास करने के लिए 'ढील दे - दयालु बनें' नामक एक विशेष अभियान आयोजित किया जा सके।

गुजरात सरकार के अभियान 'करुणा-अभियान' के समर्थन में रोटरी परियोजना ने 26 स्वयंसेवकों की एक टीम को डॉ अभिषेक पटेल और डॉ पार्थ नंदा के साथ तीन दिनों (14 -16 जनवरी) के लिए आकाश में मन्जा धागे को पार करके घायल पक्षियों के पुनर्वास के लिए काम करते हुए देखा। ''हमने घायल पक्षियों को लाने के लिए स्वयंसेवकों पर भरोसा किया। एक पशु चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले पक्षी सर्जरी में उन्नत तकनीकों के लिए बुनियादी हैंडलिंग और प्राथमिक चिकित्सा पर एक कार्यशाला के साथ आयोजित किया गया था,'' डॉ पटेल ने कहा, जो घायल पक्षियों पर ऑपरेशन करते थे जो और जो शहर भर से स्वयंसेवकों द्वारा लाए गए थे।

ऐसे स्वयंसेवक भी थे, जिन्होंने पतंगबाजों को उच्च और उच्चतर उड़ान भरने की शक्ति प्रदान करने वाले बढ़ते मांझा धागों से पक्षियों को बचाने की आवश्यकता पर जागरूकता फैलाने के लिए आउटरीच गतिविधियों में मदद की। आउटरीच टीम बुरी तरह से घायल हुए पक्षियों को छोड़कर अधिकांश

घायल पक्षियों का पशु चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन किया गया।

रोटरी क्लब भरूच के अध्यक्ष डॉ विक्रम प्रेमकुमार (दाएं से दूसरे, फ्रंट रो) रोटेरियन और भरूच रनिंग क्लब के सदस्यों के साथ।

पक्षियों को बचाने में कामयाब रही। शिविर के दौरान कुल 47 बचाव कॉल में टीम ने भाग लिया जिसमें दो खलिहान उल्लू, दो चित्रित सारस (लगभग मृत्यु को प्राप्त), एक आम क्रेन (शीतकालीन प्रवासी), एक गिलहरी, एक पिल्ला और 40 कबूतर शामिल थे।

''हर साल घायल पक्षियों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक है कि कोई भी इसकी जिम्मेदारी नहीं लेता। लेकिन हम पक्षियों को बचाते और पुनर्वास करते हैं जितना हम उपलब्ध संसाधनों के साथ कर सकते हैं,'' पक्षी बचाव दल भरूच टीम से आकाश पटेल ने कहा।

बचाव शिविर

रोटरी क्लब भरूच द्वारा वैज्ञानिक दिशानिर्देशों, प्रोटोकॉल और विशेषज्ञ एवियन बचावकर्ताओं, पुनर्वासकर्ताओं और पशु चिकित्सा सर्जनों की मदद से तीन दिवसीय पक्षी बचाव शिविर (14 -16 जनवरी) आयोजित किया गया था। ''घायल पक्षियों का इलाज किया गया, सर्जरी की गई और पंख वाले जीवों को उनके आवास पर वापस जाने के लिए रिहा करने से पहले पुनर्वास किया गया,'' डॉ अभिषेक पटेल ने कहा।

रोटेरियन 14 जनवरी की सुबह भरूच रनिंग क्लब के सदस्यों के साथ दौड़े, ताकि उनके पक्षी बचाव और पुनर्वास अभियान के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। रोटरी क्लब भरूच के अध्यक्ष डॉ. विक्रम प्रेमकुमार और सचिव रचना पोद्दार, क्लब के सदस्यों और भरूच रनिंग क्लब के 25 धावकों के साथ मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने के कारण एवियन प्राणियों के खतरों पर जनता को जागरूक करने के लिए व्यस्त जंक्शनों पर दौड़े। ''बचाव दल द्वारा पुनर्वास के बाद, घायल पक्षियों को अपने पंख फैलाकर उड़ते हुए देखना, वास्तव में अपने आपमें एक नज़ारा है,'' डॉ प्रेमकुमार ने कहा। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी ने बेंगलुरु PHC कार्यकर्ताओं को ई-बाइकें दी

किरण ज़ेहरा

रोटरी क्लब बैंगलोर राजमहल विलास, रो ई मंडल 3190, की एक पहल, प्रोजेक्ट ई-संजीवनी, ने लगभग 50 प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं की क्षमता में वृद्धि की है जो बेंगलुरु और उसके आसपास के ग्रामीण समुदायों और झुग्गी बस्तियों की सेवा करते है। इस प्रायोगिक परियोजना में एक शहरी सॉफ्टवेयर कंपनी, आईवैल्यू इन्फो सॉल्यूशंस, के साथ एक उच्च साझेदारी के अंतर्गत, संजय नगर शहरी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र (UPHC) की दो आशा कार्यकर्ताओं को दो ई-बाइकें दी गई। कंपनी के इस CSR अनुदान के तहत 12 ई-बाइकें दान की गई और हम उम्मीद करते है कि यह परियोजना अन्य क्लबों और रोटेरियनों को उनके पास के PHC में कम से कम एक बाइक दान करने के लिए प्रभावित कर सकती है, क्लब के अध्यक्ष शंकर सुब्रमण्यम कहते है।

यह इंगित करते हुए कि यह ई-संजीवनी परियोजना रोटरी के दो महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षण क्षेत्रों बीमारी की रोकथाम और पर्यावरण के संरक्षण के अनुकूल है, वह आगे कहते है कि कम आय वाले समुदायों से अधिकांश भारतीय आबादी अपने दिन-प्रतिदिन की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए PHC पर निर्भर है। हालांकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता और स्वास्थ्य केंद्रों तक आसान पहुंच कुशलतापूर्वक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने की कुछ प्रमुख चुनौतियां है। एक ई-बाइक की मदद से इन चुनौतियों को कुछ हद तक संबोधित किया जा सकता है।

इस परियोजना को पहली बार सितंबर 2021 में संजयनगर UPHC में क्लब द्वारा शुरू किया गया था और इसकी सफलता के बाद अब इसे ईस्ट ज़ोन के आठ अन्य PHCयों तक बढ़ाया जा रहा है। अब तक 65,000 की लागत वाली 14 ई-बाइक PHCयों को सौंपी गई है। इसके शुभारंभ अवसर पर DG फजल महमूद मौजूद थे, उन्होंने क्लब को बधाई दी और सरकार के साथ काम करने के अपने प्रयासों को स्वीकार किया।

पीएचसी कर्मचारियों को ई-बाइक बांटने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में डीजी फजल महमूद (बीच में) और उनकी पत्नी सबिहा (बाईं ओर)। क्लब अध्यक्ष शंकर सुब्रमण्यम (पिछली पंक्ति में दाएं से दूसरे), उनकी पत्नी उषा (दाएं से तीसरी), मंडल सचिव केशव गौड़ा (दाएं) और एजी रेशमी टंकसाली भी चित्र में मौजूद हैं।

लगभग 2,500 की आबादी के लिए एक PHC द्वारा एक आशा कार्यकर्ता नियुक्त की जाती है जो घर-घर पहुंचकर टीकाकरण करने, विशेष स्वास्थ्य जांच सत्र आयोजित करने, सूचना प्रदान करने और स्वास्थ्य जांच करने के लिए जिम्मेदार होती है। वे सर्वेक्षण भी करती है और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में सुधार करने के लिए डेटा एकत्रित करती है। पूर्णिमा, एक आशा कार्यकर्ता, को अपने लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने के लिए करीब 9 किमी चलना पड़ता था। ''इतनी दूर चलने के बाद मैं थक जाती थी और अपने कार्य पर मुश्किल से ध्यान दे पाती थी क्योंकि मैं लौटते वक्त उतना फिर से चलने के बारे में सोचती रहती थी। लेकिन नई ई-बाइक के साथ, मैं कुछ ही समय में यह दूरी तय कर सकती हूँ और लक्ष्य समुदाय के साथ मेरी बातचीत में सुधार हुआ है।''

ई-संजीवनी पूरे शहर में अधिक उत्तरदायी और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक ठोस नींव तैयार करने के एक प्रभावी तरीके के साथ हमारे प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल दृष्टिकोण को समर्थन प्रदान कर रहा है, UPHC के मेडिकल ऑफिसर डॉ वेद राजशेखर कहते है। आशा कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करती है कि उन लोगों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जाए जिनकी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच नहीं है। न केवल लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते है, बल्कि उनको स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से सुलभ होती है और ग्रामीण एवं झुग्गी बस्ती की आबादी को स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूक किया जाता है।

संजय नगर UPHC में फीवर क्लिनिक का संचालन करने वाली डी उषा रानी कहती है, यह पहली बार नहीं है जब इस रोटरी क्लब ने हमारी मदद की है। उन्होंने व्हीलचेयर को आसानी से लाने के लिए एक रैंप बनाया और मरम्मत, नवीकरण करवाके एवं चादर प्रदान करके हमारी मदद की। उन्होंने हमें रणनीतिक रूप से एक मजबूत स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली तैयार करके सशक्त बनाया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीण एवं वंचित समुदाएं पीछे न रहें। ■

रोटरी कोलकाता में एक मल्टी - स्पेशियलिटी अस्पताल की सुविधा प्रदान करता है

टीम रोटरी न्यूज़

अस्पताल का उद्घाटन करते रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता। इसके अलावा उपस्थित (बाएं से): DGND डॉ कृष्णेंदु गुप्ता, PDGs ब्रोजो गोपाल कुंडू, अजय अग्रवाल, सुदीप मुखर्जी, टेक्नो इंडिया समूह के संस्थापक सत्यम रॉय चौधरी, PDG अंगसुमन बंद्योपाध्याय, DGE अजोय कुमार लॉ, PDG रजनी मुखर्जी, DG प्रबीर चटर्जी, PDGs अनिरुद्धा रॉय चौधरी और राजेंद्र खंडेलवाल।

रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता ने हाल ही में कोलकाता के साल्ट लेक सेक्टर-5 में 650 बिस्तर वाले मल्टी - स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल टेक्नो इंडिया ग्रुप द्वारा ईस्टर्न इंडिया रोटरी वेलफेयर ट्रस्ट के स्वामित्व वाली भूमि पर बनाया जाएगा। रोटरी टेक्नो ग्लोबल हॉस्पिटल के नाम से प्रस्तावित 12 मंजिला इमारत तीन साल में ₹300 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ पूरी हो जाएगी। समूह ने रोटरी नारायण आँखों के अस्पताल का भी अधिग्रहण कर लिया है, जो तीन एकड़ के भूखंड के एक हिस्से पर काम कर रहा था।

मेहता ने इसके इतिहास को बताते हुए कहा, ''हमने इमारत का एक हिस्सा बनाया लेकिन फिर महसूस किया कि हम अस्पताल चलाने के विशेषज्ञ नहीं थे। इसलिए हमने डॉ देवी शेट्टी के साथ करार किया, जिन्होंने शंकर नेत्रालय की स्थापना की थी और 2003 में एशिया हार्ट फाउंडेशन, रोटरी इंटरनेशनल मेडिकल इंस्टीट्यूट और शंकर नेत्रालय, चेन्नई से जुड़े त्रिपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से 'रोटरी नारायण शंकर नेत्रालय' का गठन किया गया।'' 2007 में शंकर के अलग होने के बाद अस्पताल 'रोटरी नारायण आई हॉस्पिटल' के रूप में काम कर रहा था। ''अब टेक्नो इंडिया ने अधिग्रहण कर लिया है और हम एक बहु-विशिष्ट अस्पताल का निर्माण करेंगे जैसा हमने योजना बनाई थी,'' उन्होंने कहा।

नए भवन में महिला और बाल देखभाल, कार्डियोलॉजी और कैंसर देखभाल जैसे अन्य विभाग होंगे। उजतखऊ के कारण फेफड़ों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, श्रिोपेश्रेसू भी विशेषता का एक क्षेत्र होगा, उन्होंने कहा। ■

TAKING ACTION FOR CHANGE

IMPACT

We want to put our resources behind programmes that will have the greatest impact and that align with our areas of focus.

We're creating tools and guidelines for tracking and sharing our efforts. We're also developing an evaluation process that will help us make objective recommendations about what is working and what we should continue, start, or stop doing.

REACH

We're committed to exemplifying and embracing diversity, equity and inclusion (DEI) in everything we do.

We're testing new products and alternative models that will allow more people to connect and take action with us in ways that work best for them.or stop doing.

We are at a defining moment in Rotary's history. We're implementing our Action Plan, a strategic roadmap that will help us better connect with each other, grow as an organisation, and more effectively share our stories of how we are making a difference in communities.

At every level of Rotary, we have embraced opportunities to work together to achieve our goals. Over the coming four issues, you'll hear from Rotary members around the world who will offer their inspiration, encouragement and guidance as we carry out the four priorities of the Action Plan.

ENGAGE

We're tearing down the walls between "us" and "them" and focusing on participants.

We're asking people how they want to participate, finding ways to meet them where they are, and making sure they know we value them.

ADAPT

We're streamlining operations so we can be more agile and responsive.

We're simplifying the way we do things and helping members manage change so that our clubs, districts and zones can more effectively communicate and work together.

Learn what your club can do at **rotary.org/actionplan.**

Rotary

Subscribe NOW!

for Rotary News Print Version & e- Version

For the Rotary year 2022–2023

Annual Subscription (India)

Print version	e-Version
₹480/-	₹420/-

Print version ☐ **e- Version** ☐

	English	Hindi	Tamil
No. of Copies			

For every new member the pro-rata is ₹40 a month.

- **Newsprint is in high demand and the prices have increased steeply. Beginning this year RNT will be spending an additional ₹50 lakh for the paper alone.**
- **As concerned citizens of the world, those of you who are alarmed at the degradation of the environment and slaughter of trees, kindly opt for our e-version.**

Please attach the TYPED list of individual members with their complete address, PIN code, Mobile number and e-mail ID. Intimate language preference (English/Hindi/Tamil) against each member's name.

Rotary Club of ..... RI District .....

Name of the President/Secretary .....

Address .....

.....

.....

City ..... State ..... PIN ☐☐☐☐☐☐

STD Code ..... Phone: Off. ..... Res. .....

Mobile .....E-mail .....

Cheque/DD No. ..... Dated ..... for Rs. .....

Drawn on .....

in favour of "**ROTARY NEWS TRUST**" is enclosed.

Date: President/Secretary

Payments can be made online at HDFC Bank, Montieth Road, Egmore, Chennai – Rotary News Trust, SB A/c No 50100213133460; IFSC HDFC0003820. Email us the UTR Number, Club Name, President/Secretary's name, Amount and Date of Transfer.

Mail this form to:
Rotary News Trust, Dugar Towers, 3rd Floor, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008.
Tamil Nadu, India. Ph: 044 4214 5666, e-mail: rotarynews@rosaonline.org

सदस्यता मानदंड

1. रोटरी वर्ष (जुलाई से जून) के लिए सदस्यता।
2. प्रत्येक रोटेरियन के लिए रोटरी पत्रिका की सदस्यता लेना अनिवार्य है।
3. प्रिंट संस्करण के लिए वार्षिक सदस्यता ₹480 और ई-संस्करण के लिए ₹420 प्रति सदस्य है।
4. पूरे वर्ष के लिए सदस्यता निर्धारित प्रपत्र में जुलाई में भेजी जानी चाहिए।
5. जुलाई के बाद शामिल होने वाले लोग शेष रोटरी वर्ष के लिए प्रिंट संस्करण के लिए ₹40 प्रति अंक और ई-संस्करण के लिए ₹35 का भुगतान कर सकते है।
6. *रोटरी न्यूज़* के साथ क्लब का सदस्यता खाता निरंतर चलता रहता है और यह हर साल जून के अंत में समाप्त नहीं होता।
7. **पिन कोड, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी** सहित उनके पूर्ण डाक पते के साथ सभी सदस्यों के नाम, फॉर्म और सममूल्य पर देय डीडी/चेक के साथ भेजे जाने चाहिए। GPAY या नेटबैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांसफर किया जा सकता है। जब आप ऑनलाइन भुगतान करें तो हमारे साथ तुरंत ही व्हाट्सएप (9840078074) या ईमेल (rotarynews@rosaonline.org) द्वारा UTR नंबर के साथ आपके क्लब का नाम और भुगतान की गई राशि साझा करें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आपका भुगतान हमारे रिकॉर्ड में अपडेट नहीं हो पाएगा और आपका क्लब बकाया दिखाएगा।
8. सदस्य के नाम के साथ भाषा वरीयता **(अंग्रेजी, हिंदी या तमिल)** का उल्लेख किया जाना चाहिए।
9. नियमित रूप से पत्रिका प्राप्त करने के लिए हर साल सीधे तौर पर *रोटरी न्यूज़* के साथ अपने सदस्यों का सही पता और संपर्क विवरण अपडेट करें। रो ई हमारे साथ सदस्यता विवरण साझा नहीं करता है।
10. सदस्यों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनके नाम उनके क्लब द्वारा भेजी जाने वाली ग्राहक सूची में शामिल हो। यदि आपने भुगतान किया है लेकिन आपका नाम आपके क्लब द्वारा हमें नहीं भेजा गया है तो आपको पत्रिका की प्रति प्राप्त नहीं होगी।
11. क्लबों को हमें सदस्यता की स्थिति में हुए किसी भी संशोधन के बारे में **तुरंत अपडेट** करना चाहिए ताकि हम नए सदस्यों को पत्रिका पहुँचा सकें।
12. रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के पास मौजूद सूची के अनुसार हम जितनी संख्या में पत्रिकाएं भेजते है उनके भुगतान के लिए क्लब उत्तरदायी है।
13. क्लब के अदत्त बकाये को क्लब के बकाया के रूप में दिखाया जाएगा। बाद में प्राप्त किसी भी भुगतान को पहले के बकाए के साथ समायोजित किया जाएगा।
14. सदस्यता बकाया वाले क्लबों की जानकारी रो ई के साथ साझा की जाएगी जो उनके निलंबन का कारण बन सकता है। हमारे फरवरी और मार्च 2022 के अंक के आखिरी पृष्ठ को देखें *(रोटरी पत्रिका का ग्राहक न बनने वाले क्लबों का हो सकता है निलंबन)*।
